* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

25 अगस्त, 2023
सावन, शुक्ल पक्ष, नवमी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
शुक्रवार, वर्ष 08, अंक 305

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही


अल्लू अर्जुन को बेस्ट एक्टर का नेशनल अवॉर्ड








# सीएम ने इडी के समन को सुप्रीम कोर्ट में दी चुनौती

## पेश नहीं हुए, प्रवर्तन निदेशालय को भेजी चिट्ठी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (इडी) के समन के खिलाफ मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में रिट पिटीशन डाला है। दरअसल, इडी ने जमीन घोटाला मामले में पूछताछ के लिए मुख्यमंत्री को गुरुवार को रांची के जोनल कार्यालय में हाजिर होने के लिए समन भेजा था। हेमंत सोरेन इडी ऑफिस नहीं पहुंचे। उन्होंने मैसेंजर के जरिये अपना जवाब भेज दिया। हालांकि पत्र में उन्होंने क्या लिखा है, यह खुलासा आधिकारिक तौर पर अब तक नहीं हो पाया है। लेकिन सूत्रों का कहना है कि हेमंत सोरेन ने इडी के समन को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है।



**सुबह 11 बजे हेमंत को था पहुंचना :** मुख्यमंत्री को समन के मुताबिक गुरुवार को 11 बजे इडी कार्यालय पहुंचना था, लेकिन वह नहीं पहुंचे। हेमंत अपने आवास से सीधा धुर्वा स्थित सचिवालय चले गये। इधर हेमंत सोरेन के आने की उम्मीद में इडी कार्यालय के बाहर सीआरपीएफ और झारखंड पुलिस के जवानों की तैनाती की गयी थी। एयरपोर्ट रोड भी पुलिस छावनी में तब्दील हो गया था। मीडिया की भीड़ जमा हो गयी थी।

**दूसरी बार भेजा गया था समन :** हेमंत सोरेन को इडी ने पूछताछ के लिए 24 अगस्त को आने के लिए दूसरी बार समन भेजा था। इससे पहले 14 अगस्त को उन्हें बुलाया गया था। उस वक्त हेमंत सोरेन ने इडी को पत्र लिख कर भेजे गये नोटिस को गैर कानूनी बताते हुए समन वापस लेने के लिए कहा था। साथ ही कानूनी सलाह लेने की बात कही थी।

**सीएम ने अपना पक्ष साफ कर दिया था :** मुख्यमंत्री ने पहले समन के बाद ही पत्र लिख कर इडी को अपना पक्ष साफ कर दिया था। इसे राजनीति से प्रेरित करार दिया था। इसके बाद इडी द्वारा फिर समन भेजने को गैर-कानूनी कहते हुए कोर्ट जाने की बात सामने आ रही थी। अंततः हेमंत सोरेन ने गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट का रुख कर लिया। अब यह मामला सुप्रीम कोर्ट के पाले में चला गया है। उधर, इडी अब आगे क्या करेगी, यह फिलहाल स्पष्ट नहीं है।

## ब्रिक्स समिट में मोदी-जिनपिंग ने हाथ मिलाया, बातचीत की

# इनसे हमारे ऐतिहासिक रिश्ते हैं : नरेंद्र मोदी

एजेंसी

**जोहांसबर्ग।** साउथ अफ्रीका में 15वीं ब्रिक्स समिट के आखिरी दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग हाथ मिलाते नजर आये। प्रेस कांफ्रेंस शुरू होने से ठीक पहले दोनों नेताओं के बीच कुछ सेकेंड की बातचीत भी हुई। इससे पहले नवंबर 2022 में पीएम मोदी और जिनपिंग ने इंडोनेशिया में हुई जी-20 समिट में सीमा विवाद पर बात की थी, जिसकी जानकारी इस साल दी गयी।



दूसरी तरफ, ब्रिक्स संगठन में जुड़ने के लिए छह नये देशों को न्योता दिया गया है। इनमें अर्जेंटीना, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, मिस्र, इथियोपिया और ईरान शामिल हैं। ये 1 जनवरी 2024 से ब्रिक्स के स्थायी सदस्य बन जायेंगे। साउथ अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा ने बताया कि पहले फेज की बैठक में इन देशों को संगठन का मेंबर बनने का आमंत्रण दिया गया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ब्रिक्स का न्योता मिलनेवाले देशों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि भारत ने ब्रिक्स में विस्तार का हमेशा समर्थन किया। इन सभी देशों से हमारे गहरे और ऐतिहासिक रिश्ते हैं। मुझे खुशी है कि तीन दिन की बैठक में कई सकारात्मक परिणाम सामने आये हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने पश्चिमी देशों के दबदबे वाले संगठनों का नाम लिये बगैर कहा कि ब्रिक्स का विस्तार ये जाहिर करता है कि दुनिया के बड़े संगठनों को समय के साथ बदलना चाहिए।

## न्यूज रील्स

### चंद्रयान-3 के लैंडर से बाहर आया रोवर प्रज्ञान

**बेंगलुरु।** चंद्रयान-3 की लैंडिंग के बाद छह पहियों और 26 किलो वाले प्रज्ञान रोवर ने चंद्रमा की सतह पर घूमना शुरू कर दिया है। करीब 14 घंटे बाद गुरुवार सुबह भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने रोवर के बाहर आने की पुष्टि की। रोवर अगले 12 दिनों में करीब आधा किलोमीटर का सफर तय करेगा। इसमें दो पेलोड लगे हैं जो पानी और अन्य कीमती धातुओं की खोज में मदद करेंगे।

### कुल्लू में 30 सेकेंड में 7 इमारतें एक-एक कर गिरीं

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले में गुरुवार सुबह 30 सेकंड के अंदर 7 इमारतें गिर गयीं। हालांकि, हादसे में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। प्रशासन ने इन इमारतों को तीन दिन पहले ही खाली करवा लिया था। आसपास की 2-3 इमारतों पर अभी भी खतरा बना हुआ है। यहां लोगों के आने-जाने पर रोक लगा दी गयी है। उधर, राज्य में पिछले 24 घंटे में बारिश से जुड़ी घटनाओं में 12 लोगों की मौत हो गयी।

### चुनाव आयुक्त पर एफआइआर का आदेश देनेवाले जज सस्पेंड

**हैदराबाद।** तेलंगाना हाइकोर्ट की एडमिनिस्ट्रेटिव यूनिट ने मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार और 11 अन्य लोगों के खिलाफ एफआइआर दर्ज करने का आदेश देने वाले स्पेशल सेशन जज के जया कुमार को सस्पेंड कर दिया है। कोर्ट ने कहा कि सेशन जज ने बिना वजह जल्दबाजी में फैसला लिया। उनसे ड्यूटी निभाने में गंभीर चूक हुई है।

### कोयला मंत्री बोले, राजस्थान के सीएम झूठ बोल रहे

**उदयपुर।** केंद्रीय कोयला मंत्री और राजस्थान भाजपा के चुनाव प्रभारी प्रहलाद जोशी ने गहलोत सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि कोयले को लेकर राजस्थान के मुख्यमंत्री झूठ बोलते हैं। जोशी ने कहा कि गहलोत ने केंद्र सरकार पर कोयले का दाम बढ़ाने की बात कही थी। देश में थर्मल कोल के दाम जो हैं वहीं है, उसके दाम नहीं बढ़े हैं। गहलोत झूठ बोल रहे हैं। हमने राजस्थान सरकार का कोयला कम भी नहीं किया और न ही रेट बढ़ायी है।

### पंचकूला के ऑफिसों में जींस पहनने पर रोक

**चंडीगढ़।** हरियाणा के पंचकूला जिले के ऑफिसों में जींस पहने पर रोक लगा दी गयी है। हाल ही में पंचकूला के डिप्टी कमिश्नर (डीसी) का पद संभालने वाले वरिष्ठ आइएएस अधिकारी सुशील सारवान ने जिले के सभी सरकारी और गैर-सरकारी ऑफिसों में ड्रेस कोड लागू करने के आदेश दिये हैं। उन्होंने कर्मचारियों को फॉर्मल ड्रेस पहनकर दफ्तर आने के लिए कहा है।

# जमशेदपुर में देश के पहले हाइड्रोजन ईंधन से जुड़े उद्योग की स्थापना का मार्ग प्रशस्त

## 354.28 करोड़ रुपये के निवेश से संबंधित एमओयू पर हस्ताक्षर आज

### हाइड्रोजन ईंधन से प्रदूषण नियंत्रित करने में मिलेगी मदद

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जमशेदपुर में हाइड्रोजन इंजन से जुड़े देश के पहले उद्योग की स्थापना होगी। इसे लेकर शुक्रवार को प्रोजेक्ट भवन में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की मौजूदगी में शुक्रवार को 354.28 करोड़ रुपये के निवेश से संबंधित एमओयू पर हस्ताक्षर होगा। झारखंड सरकार के उद्योग विभाग और टीसीपीएल ग्रीन एनर्जी सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड (टीजीइएसपीएल) के बीच एमओयू होने के बाद हाइड्रोजन ईंधन से जुड़े उद्योग की स्थापना को लेकर तेजी से काम होगा।



**28 जुलाई को सीएम ने दी थी एमओयू की सहमति :** मुख्यमंत्री ने 28 जुलाई 2023 को टाटा मोटर्स लिमिटेड और कमिंस आइएनसी के संयुक्त उपक्रम टीजीइएसपीएल द्वारा जमशेदपुर में हाइड्रोजन इंजन उद्योग की स्थापना के लिए एमओयू हस्ताक्षर करने के प्रस्ताव पर सहमति दी थी। इसके तहत हाइड्रोजन इंटरनल कंबशन इंजन, फ्यूल एग्नोस्टिक इंजन, एडवांस केमेस्ट्री बैटरी, एचटू फ्यूल सेल और एचटू फ्यूल डिलिवरी सिस्टम के निर्माण और उत्पादन के लिए ईकाई की स्थापना होगी। इस ईकाई की प्रस्तावित क्षमता 4000 प्लस हाइड्रोजन आइसी इंजन, फ्यूल एग्नोस्टिक इंजन और 10000 प्लस बैटरी सिस्टम होगी। नयी तकनीक से हाइड्रोजन इंजन बनाया जायेगा, जिसका लाभ आनेवाले समय में पूरे देश को होगा।

**हाइड्रोजन ईंधन के फायदे :** हाइड्रोजन ऐसा ईंधन है, जिसकी क्षमता अन्य ईंधनों की अपेक्षा अधिक होती है। इसका एनर्जी लेबल अधिक होता है। यह सस्ता और हल्का होता है। ऐसे में पेट्रोल और डीजल के बीच इसे एक बेहतर विकल्प माना जा सकता है। हाइड्रोजन ईंधन से प्रदूषण को काफी हद तक नियंत्रित करने में मदद मिल सकती है।

### प्रज्ञानानंद को सीएम ने दी बधाई

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने विश्व शतरंज चैंपियनशिप में दूसरा स्थान हासिल करनेवाले भारतीय ग्रैंडमास्टर प्रज्ञानानंद को बधाई दी है। एक ट्वीट में उन्होंने कहा कि चैंपियनशिप में मैग्नस कार्लसेन के खिलाफ शानदार मुकाबला कर भारतीय खिलाड़ी ने यह उपलब्धि हासिल की है। विश्वनाथन आनंद के बाद वह इस चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचनेवाले दूसरे भारतीय हैं। यह हमारे लिए गौरव की बात है। मैं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूं।

# बाबूलाल मरांडी के खिलाफ कांके थाने में एफआइआर दर्ज

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सोनू तिर्की ने कांके थाना में बाबूलाल मरांडी के खिलाफ एफआइआर दर्ज करायी है। आरोप लगाया है कि बाबूलाल मरांडी की टिप्पणी से आदिवासी समाज को आहत करने का प्रयास किया गया है।

सोनू तिर्की के लिखित आवेदन पर कांके थाना पुलिस ने बाबूलाल मरांडी के खिलाफ आइपीसी की धारा 504, 505 और 506 के तहत एफआइआर दर्ज की है। एफआइआर में सोनू तिर्की ने कहा है कि अपने राजनीतिक फायदे के लिए बाबूलाल मरांडी ने शिबू सोरेन और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणियां की हैं। बाबूलाल मरांडी की इन टिप्पणियों से आदिवासी समाज आहत हुआ है। प्राथमिकी दर्ज करने के बाद कांके थाना पुलिस मामले की जांच में जुट गयी है।

### आभारी हूं: बाबूलाल

इधर रांची के कांके थाना समेत राज्य के चार विभिन्न थानों में बाबूलाल मरांडी के खिलाफ दर्ज करायी गयी एफआइआर पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने टिप्पणी की है। उन्होंने अपने ट्वीट में लिखा है, राजकुमार हेमंत सोरेन जी, सुना है मेरी संकल्प यात्रा में आपकी पोल खोलने से परेशान होकर आपने तीन दिनों में अब तक लातेहार, सिमडेगा, देवघर और रांची में हम पर चार अलग-अलग मुकदमे दर्ज करवाये हैं। मुझ पर यह विशेष कृपा बरसाने के लिए आपका आभारी हूं। बाबूलाल मरांडी ने अपना ट्वीट पीएमओ, जेपी नड्डा और गृह मंत्रालय को भी टैग किया है।






## सीबीआइ की सात सदस्यीय टीम जांच के लिए पहुंची साहिबगंज

# हाइकोर्ट के आदेश पर सीबीआइ जांच शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता

**साहिबगंज।** साहिबगंज जिले में जांच करने के लिए सीबीआइ की सात सदस्यीय टीम गुरुवार सुबह वनांचल एक्सप्रेस से पहुंची। इसको लेकर डीसी को पहले ही सूचना दी गयी थी। गौरतलब है कि बीते 18 अगस्त को झारखंड हाइकोर्ट ने साहिबगंज में विजय हांसदा और अन्य की भूमिका की जांच सीबीआइ से कराने का आदेश दिया था। अदालत ने सीबीआइ को पीई दर्ज कर एक महीने में प्रारंभिक जांच पूरी करने को कहा था। फिर जांच में मिले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई करने का आदेश दिया था। बता दें कि अदालत ने विजय हांसदा द्वारा झूठे दावों के सहारे अपनी याचिका वापस लेने की जांच करने को कहा है। न्यायाधीश संजय कुमार द्विवेदी ने 17 अगस्त को विजय हांसदा की ओर से दायर याचिका को खारिज कर दी थी। साथ ही याचिका वापस कराने की कोशिश में पर्दे के पीछे किसी के होने की आशंका जतायी थी।



गौरतलब है कि साहिबगंज के नींबू पहाड़ पर अवैध खनन करने में शामिल लोगों द्वारा किये जानेवाले विस्फोट से ग्रामीणों के घर में दरारें पड़ जाती थीं, इसलिए विजय हांसदा ने दो मई 2022 को ग्रामीणों के साथ वहां पहुंच कर अवैध खनन बंद करने को कहा था। लेकिन अवैध खनन में शामिल लोगों ने अपने सरकारी अंगरक्षकों के सहारे सभी को वहां से भगा दिया। इसके बाद विजय हांसदा ने थाना में पंकज मिश्रा, विष्णु यादव, पवित्र यादव, राजेश यादव, बच्चू यादव, संजय यादव और सुभाष मंडल के खिलाफ अवैध खनन करने और जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करने का आरोप लगाते हुए लिखित शिकायत की थी। विजय हांसदा ने यह आरोप भी लगाया था कि पंकज मिश्रा विधायक प्रतिनिधि हैं, इसलिए वह अवैध खनन आदि में अपनी राजनीतिक शक्तियों का इस्तेमाल करते हैं।

प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने साहिबगंज में अवैध खनन की जांच शुरू की थी और हांसदा को समन भी जारी किया था। इसके बाद हांसदा ने साहिबगंज में हो रहे अवैध खनन और उसमें शामिल लोगों के बारे में विस्तृत जानकारी दी और अपना बयान दर्ज कराया। इसके बाद हांसदा के खिलाफ बोरियो थाना में एक प्राथमिकी (286/2022) दर्ज की गयी और उसे जेल भेज दिया गया। हांसदा ने जेल से ही हाइकोर्ट में एक रिट याचिका (सीआर 665/2022) दायर की और पुलिस जांच पर संदेह व्यक्त करते हुए स्वतंत्र एजेंसी से जांच कराने की अपील की।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 55,700 रु./10 ग्राम
चांदी 75,000 रु./प्रति किलो

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 25 अगस्त, 2023
www.azadsipahi.in


# चंद्रयान ने धरती से लेकर चंद्रमा तक बजाया भारत का डंका

## ■ 'मेक इन इंडिया' ब्रांड से पूरी दुनिया में मच गयी है भारतीय तकनीक की धूम

## ■ क्या अमेरिका और रूस, अब हर कोई चाहता है भारतीय उत्पाद और तकनीक

**आजाद सिपाही विशेष**


**दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रतिपादित 'मेक इन इंडिया' अब एक ऐसा ब्रांड बन चुका है, जिसकी धूम पूरे विश्व में मची हुई है। चाहे वह स्पेस टेक्नोलॉजी हो या फिर डिफेंस सेक्टर, भारत के उत्पाद और तकनीक की मांग पूरी दुनिया में बढ़ती जा रही है। विश्व अब खुले हाथों से भारतीय उत्पादों और तकनीकों को लपकना चाहता है। चंद्रयान-3 की चंद्रमा के सतह पर सफल लैंडिंग के बाद भारत की दुनिया भर में वाहवाही हो रही है। अमेरिका भी तारीफ करते नहीं थक रहा है। इस समय पूरी दुनिया में 'इंडिया-इंडिया' का शोर सुनाई दे रहा है। न्यूयॉर्क के टाइम्स स्क्वायर में विदेशी भी तिरंगा हाथों में लिये नजर आये। रूस के राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन, नासा, ऑस्ट्रेलिया, जमैका, जर्मनी और दक्षिण अफ्रीका से बधाइयां आयी हैं। कभी भारत की स्पेस तकनीक का मजाक बनाने वाले अखबार भी आज इसका गुणगान कर रहे हैं। भारत की उपलब्धि इसलिए भी बड़ी हो जाती है, क्योंकि कुछ दिन पहले उसी क्षेत्र में रूस का अंतरिक्ष यान क्रैश हो गया था। यह खबर सुनते ही लोगों की धड़कनें तेज हो गयी थीं, लेकिन इस बार भारत को उम्मीद थी कि उसका मिशन सफल होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिस तरीके से 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' पर जोर दिया है, उससे यहां के वैज्ञानिकों को नयी ऊर्जा मिली है। वे हर क्षेत्र में अपना परचम लहरा रहे हैं, खुद को साबित कर रहे हैं। भारत जिस तेजी से मेडिकल साइंस, स्पेस टेक्नोलॉजी और डिफेंस टेक्नोलॉजी में आगे बढ़ रहा है, उससे साफ है कि वह दिन दूर नहीं, जब भारत का लोहा पूरा विश्व मानेगा। भारत कैसे अपनी टेक्नोलॉजी के जरिये खुद की जमीन मजबूत कर रहा है, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

चंद्रयान-3 की मदद से भारत ने अब चांद पर कदम रख दिया है। रूस, अमेरिका और चीन के बाद ऐसा करने वाला भारत दुनिया का चौथा देश बन गया है। वहीं चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सॉफ्ट लैंडिंग करने वाला दुनिया का पहला देश। पृथ्वी से चंद्रमा तक 3.84 लाख किलोमीटर का सफर तय करने के बाद चंद्रयान-3 का लैंडर विक्रम चंद्रमा की धरती पर कामयाबी के साथ उतर गया। साढ़े छह सौ करोड़ रुपये की लागत से तैयार हुए चंद्रयान-3 मिशन की सफलता विभिन्न क्षेत्रों में भारत के लिए नयी राहें प्रशस्त करेगा। यह कामयाबी महज विज्ञान, तकनीकी या दूसरे क्षेत्रों तक ही सीमित नहीं रहेगी, बल्कि आर्थिक तौर पर भी देश को नये आयामों तक ले जायेगी। इसरो ने चांद पर परचम लहरा दिया है। 'मेक इन इंडिया' की धूम अब वैश्विक स्तर पर खूब दिखाई और सुनाई भी देगी। दुनिया में स्पेस इकोनॉमी चार सौ बिलियन डॉलर की है। मौजूदा समय में यहां पर भारत का योगदान महज पांच से सात प्रतिशत है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस योगदान को 20 प्रतिशत तक ले जाने का लक्ष्य रखा है। चंद्रयान-3 की कामयाबी अब इस लक्ष्य को हासिल करा सकती है। यही वजह है कि दुनिया की निगाहें भारत के चंद्रयान-3 पर लगी हुई थीं। चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग के साथ ही दुनिया में भारत का डंका बजना शुरू हो गया है। चंद्रयान-3 की कामयाबी ने स्पेस इकोनॉमी में भारत के लिए एक बड़ी हिस्सेदारी का रास्ता खुल चुका है। संभव है कि दुनिया के अनेक देश अपने अंतरिक्ष मिशन के लिए भारत से संपर्क करेंगे। दक्षिणी ध्रुव पर सॉफ्ट लैंडिंग कराने वाला भारत पहला देश बन चुका है और साथ ही स्पेस इकोनॉमी ही नहीं, बल्कि दूसरे क्षेत्रों में भारत की तरक्की के रास्ते अब खुलेंगे। माना जा रहा है कि चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग से भारत के पास हेवी मिसाइल दागने का एक विश्वसनीय प्लेटफॉर्म उपलब्ध हो जायेगा। जब भारत में पे-लोड की क्षमता बढ़ेगी, तो दुनिया के कई देश अपने उपग्रहों की लांचिंग के लिए भारत से संपर्क करेंगे। चंद्रयान-3 की सफलता से अब भारत पर डॉलर की बरसात भी होगी । इसके अलावा चंद्रयान-3 की कामयाबी भारत को पृथ्वी से बाहर, यानी चंद्रमा पर एक सर्विस स्टेशन तैयार करने का अवसर प्रदान करेगी। चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग से अब भारत के लिए दूसरे ग्रहों पर जाना आसान हो जायेगा। 21 बार पृथ्वी का चक्कर, 120 बार चंद्रमा का चक्कर और करीब 55 लाख किमी की यात्रा पूरी करके भारत का चंद्रयान-3 चांद पर सॉफ्ट लैंडिंग करने में कामयाब हो चुका है। दो दिन पहले रूस का लूना-25 चांद पर सॉफ्ट लैंडिंग नहीं कर सका था। चांद पर वायुमंडल न होने की वजह से लैंडिंग बेहद खतरनाक है।

### भारत का हर मिशन एक-दूसरे से जुड़ा रहा

इसरो दुनिया में अपनी किफायती कॉमर्शियल लांचिंग के लिए जाना जाता है। चंद्रयान-1 ने चांद पर पानी खोजा। चंद्रयान-2 का ऑर्बिटर आज भी काम कर रहा है। उसी ने चंद्रयान-3 के लिए लैंडिंग साइट खोजी। इसके अलावा मंगलयान का परचम तो पूरी दुनिया देख चुकी है। इन सब के बाद चंद्रयान-3 की सफलता ने दुनिया में भारत के दमखम को दिखाया है और यह साबित किया है कि भारत की काबिलियत किसी से कम नहीं। इससे दुनिया में यह संदेश गया है कि भारत के पास वह क्षमता है कि वह कम बजट और कम संसाधनों में भी काम कर सकता है, जो बड़े-बड़े देश नहीं कर सकते। इस उपलब्धि ने दुनिया भर में भारत की विश्वसनीयता को और ज्यादा बढ़ा दिया है। 2008 में भेजे गये चंद्रयान-1 का कुल खर्च 386 करोड़ रुपये था। इसी तरह 2019 में भेजे गये चंद्रयान-2 पर कुल खर्च 978 करोड़ रुपये का खर्च आया था, यानी तीनों मिशन पर इसरो का कुल खर्च 1979 करोड़ रुपये रहा है। अमेरिका ने अपना लूनर मिशन साल 1960 में शुरू किया था। तब उसके मिशन का कुल खर्च 25.8 अरब डॉलर था। अगर आज के हिसाब के देखें, तो यह 178 अरब डॉलर बैठता है। रुपये के हिसाब से देखें, तो यह रकम करीब 14 लाख करोड़ रुपये बैठती है। यानी इसरो के मुकाबले नासा के मून मिशन का खर्च करीब तीन हजार गुना ज्यादा था। इसरो ने कुछ साल पहले मंगलयान को भी लांच किया था। इसका कुल खर्च करीब 450 करोड़ रुपये था, जबकि 2013 में आयी हॉलीवुड फिल्म ग्रैविटी की लागत छह सौ करोड़ रुपये थी।



### अंतरिक्ष अनुसंधान के प्रति गंभीरता 2014 के बाद आयी

**2014 तक विज्ञान और तकनीक का बजट 54 सौ करोड़ रुपये था। कहा जाता था कि यह सारा पैसा वेतन भुगतान और प्रयोगशालाओं के रखरखाव में ही खर्च हो जाता था। 2022 में यह 14 हजार 217 करोड़ हो गया है, यानी 2014 से लेकर 2022 तक इसके बजट में तीन गुना बढ़ोतरी हुई और इसने स्थिति में बहुत बड़ा बदलाव लाया। केवल अंतरिक्ष क्षेत्र का बजट ही पिछले 10 वर्षों में 123 प्रतिशत की भारी वृद्धि के साथ 5615 करोड़ से 12 हजार 543 करोड़ हो गया है। बजट में यह उल्लेखनीय वृद्धि स्पेस रिसर्च में भारत सरकार की प्रतिबद्धता और अग्रणी अंतरिक्ष शक्ति बनने की उसकी महत्वाकांक्षा का प्रमाण है। यह सही है कि आजादी के तुरंत बाद देश में स्पेस रिसर्च की बेहतर शुरुआत हुई। हम दुनिया भर में स्पेस रिसर्च में टॉप फाइव या टॉप सिक्स देशों में शामिल रहे हैं, पर इससे भी इनकार नहीं किया जा सकता कि देश में पिछले नौ सालों में बहुत कुछ बदला है। 2014 से पहले भारत प्रति वर्ष औसतन 2.15 सैटेलाइट ही प्रक्षेपित कर रहा था, पर 2014 के बाद प्रति वर्ष 5.9 अंतरिक्ष यान मिशनों के प्रभावशाली होने का उदाहरण है। यह उछाल भारत की बढ़ती क्षमताओं और वैश्विक अंतरिक्ष क्षेत्र में अपनी उपस्थिति को आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।**

### स्टार्टअप को बढ़ावा

भारत अब प्रौद्योगिकी विकास में निजी भागीदारी को बढ़ावा दे रहा है। ऐसे में चंद्रयान-3 की सफलता के बाद भारत में विज्ञान और प्रौद्योगिकी क्षेत्र को प्रोत्साहन मिलेगा। इस क्षेत्र में ज्यादा स्टार्टअप की गुंजाइश बढ़ने की उम्मीद है। देश में कई नये स्टार्टअप स्थापित हो सकते हैं। इसके साथ ही इस क्षेत्र से जुड़े जो स्टार्टअप पहले से हैं, उन्हें अब बेहतर फंडिंग मिलने की संभावना बढ़ेगी। कई देश यहां पर मौजूद स्टार्टअप से कनेक्ट हो सकते हैं।

### रक्षा क्षेत्र में भी भारत का बज रहा डंका

मोदी सरकार की रक्षा क्षेत्र में निर्यात को बढ़ावा देने की योजना रंग लाती दिख रही है। बीते नौ वर्षों में 23 गुणा की ऊंची छलांग के साथ ही इस साल भारत का रक्षा निर्यात कुल 16 हजार करोड़ रुपये का हो गया है। पिछले वित्त वर्ष में यह 13 हजार करोड़ रुपये का था। भारत ने मुख्यतः रक्षा उपकरणों, तकनीक और गोला-बारूद वगैरह का निर्यात किया है। देश ने सबसे अधिक निर्यात दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों, अमेरिका और फिलीपींस के साथ ही मध्य-पूर्व और अफ्रीका के कई देशों को किया है। निर्यात में लगभग 70 फीसदी हिस्सेदारी निजी क्षेत्र की है, जबकि सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियां बाकी 30 फीसदी निर्यात कर रही हैं। भारत में लगभग एक सौ कंपनियां रक्षा क्षेत्र के निर्यात से जुड़ी हैं और दुनिया के लगभग 85 देश भारत से हथियार खरीद रहे हैं। देश रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भरता की ओर तेजी से बढ़ रहा है। इसके साथ निर्यात में तो ऊंची छलांग लगी ही है। 2013-14 में भारत का रक्षा निर्यात जहां 686 करोड़ रुपये ही था, वहीं इस साल बढ़कर यह 16 हजार करोड़ रुपये हो गया है। एक समय भारत की ख्याति रक्षा क्षेत्र में केवल आयातक के तौर पर थी। बहुत तेजी से भारत ने उस छवि को बदला है और एक शीर्ष निर्यातक के तौर पर अपनी पहचान बनायी है। इस समय भारत आठवां सबसे बड़ा आयातक देश है, जबकि यह 85 देशों को निर्यात करता है। भारत के रक्षा उत्पादों की खास पहचान बहुत कम समय में दुनिया भर में बनी है। रक्षा निर्यातों को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने कई कदम उठाये हैं, जिसमें निर्यात की प्रक्रिया को सरल करना और उद्योग हितकारी बनाना शामिल था। बीते नौ वर्षों में कई नीतिगत सुधार किये गये और एंड टू एंड ऑनलाइन निर्यात को बढ़ावा दिया गया, ताकि लाल फीताशाही कम हो और व्यापार की प्रक्रिया सरल हो। आत्मनिर्भर भारत ने भी देश को स्वदेशी डिजाइन, विकास और निर्माण के लिए तैयार किया है और अधिक दिन दूर नहीं, जब भारतीय सैनिक पूरी तरह स्वदेशी साजो-सामान से लैस होंगे। विदेश पर हमारी निर्भरता 2018-19 में कुल खर्च का 46 फीसदी थी, तो 2022 के दिसंबर में यह 36.7 फीसदी हो गयी। मौजूदा समय में भारत डॉर्नियर-228, 155 मिमी एडवांस्ड टोएड आर्टिलरी गंस, एटीएजी, ब्रह्मोस मिसाइल, आकाश मिसाइल सिस्टम, रडार, सिमुलेटर, माइन प्रोटेक्टेड व्हीकल, आर्मर्ड व्हीकल, पिनाका रॉकेट और लांचर, गोला-बारूद, थर्मल इमेजर्स, बॉडी आर्मर्स, सिस्टम के अलावा, लाइन रिप्लेसेबल यूनिट्स इत्यादि का निर्यात कर रहा है। भारत के ब्रह्मोस को दुनिया आज गले लगाने के लिए कतार में खड़ी है। फिलहाल, भारत की सेना ने तीन सौ से अधिक हथियारों और उपकरणों की सूची बनायी है, जो 'मेक इन इंडिया' ही होगी। चंद्रयान-3 का कामयाब मिशन इन तमाम उपलब्धियों में शायद सबसे उल्लेखनीय है, जो भारतीय ज्ञान-विज्ञान को दुनिया भर में प्रतिष्ठित ही नहीं, मजबूती से स्थापित भी करने में मददगार साबित होगा।

---

## उम्रकैद की सजा काट रहे 28 कैदी होंगे रिहा

# रिहा होनेवाले कैदियों का सामाजिक पुनर्वास सुनिश्चित करें : हेमंत सोरेन

**झारखंड राज्य सजा पुनरीक्षण पर्षद की बैठक का फैसला**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में गुरुवार को झारखंड राज्य सजा पुनरीक्षण पर्षद की 29वीं बैठक संपन्न हुई। बैठक में राज्य के विभिन्न कारागारों में आजीवन सजा काट रहे 41 कैदियों की रिहाई से संबंधित मामलों की समीक्षा की गयी। इसके बाद 28 कैदियों को रिहा करने पर सहमति बनी। समीक्षा के क्रम में अदालतों, संबंधित जिलों के पुलिस अधीक्षक, जेल अधीक्षक और प्रोबेशन पदाधिकारी के मंतव्य पर गहन विचार-विमर्श के उपरांत 28 कैदियों को रिहा करने पर स्वीकृति दी गयी।




मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि जिन कैदियों की रिहाई सुनिश्चित की गयी है, उनका सामाजिक पुनर्वास आवश्यक है। संबंधित विभाग के अधिकारी एक बेहतर कार्य योजना बना कर इन कैदियों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने का काम करें। जेल से रिहा होने के बाद ऐसे कैदियों की गतिविधियों की निरंतर ट्रैकिंग और मॉनिटरिंग की व्यवस्था सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि समय-समय पर इन कैदियों की काउंसिलिंग भी की जाये। जेल से निकलने के बाद इन कैदियों के जीवन यापन में सामाजिक रूप से कोई बाधा न पहुंचे तथा आर्थिक समस्या उत्पन्न न हो, इस निमित्त इन्हें स्वरोजगार से जोड़ने का कार्य भी आवश्यक रूप से की जाये। बैठक में अपर मुख्य सचिव गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग अविनाश कुमार, पुलिस महानिदेशक अजय कुमार सिंह, मुख्यमंत्री की प्रधान सचिव वंदना डाडेल, प्रधान सचिव-सह-विधि परामर्शी विधि (न्याय) विभाग नलिन कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, न्यायिक आयुक्त अरुण कुमार राय, कारा महानिरीक्षक उमा शंकर सिंह और अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

---

## प्रदेश भाजपा ने कार्यकर्ताओं को सोशल मीडिया का प्रशिक्षण दिया

# शंखनाद अभियान सफल बनायें सोशल मीडिया के कार्यकर्ता : कर्मवीर सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश कार्यालय में शंखनाद अभियान के अंतर्गत गुरुवार को सोशल मीडिया का प्रदेश स्तरीय प्रशिक्षण संपन्न हुआ। प्रशिक्षण में पूरे राज्य से जिलों के आइटी और सोशल मीडिया के संयोजक और सहसंयोजक उपस्थित थे। प्रशिक्षण कार्यक्रम में संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि सोशल मीडिया आज के समय में सूचना का सबसे तीव्र माध्यम है। कहा कि झारखंड के लिए 2024 चुनावी वर्ष है। आगामी लोकसभा चुनाव और विधानसभा चुनाव से पहले राज्य से लेकर मंडल स्तर तक मशीनरी की क्षमता और महत्व को ध्यान में रखते हुए अपने ऑन-ग्राउंड सोशल मीडिया नेटवर्क का विस्तार करें। उन्होंने कार्यकर्ताओं में उत्साह का संचार करते हुए कहा कि लोकसभा और विधानसभा में झारखंड में भाजपा की जीत सुनिश्चित है। आइटी और सोशल मीडिया के राष्ट्रीय प्रमुख अमित मालवीय ने वर्चुअल माध्यम से प्रशिक्षण को संबोधित किया। उन्होंने शंखनाद अभियान के अंतर्गत सोशल मीडिया विभाग की संगठनात्मक संरचना को मजबूत करने पर चर्चा की। पूर्व केंद्रीय मंत्री सह हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा ने सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म के अनुप्रयोग पर पदाधिकारियों को प्रशिक्षित किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से केंद्र सरकार की उपलब्धियों और राज्य की हेमंत सोरेन की सरकार की विफलताओं को सोशल मीडिया के माध्यम से जन-जन को बताने का भी दिशा-निर्देश दिया।




**जिला स्तरीय कार्यशाला और छह शहरों में सोशल मीडिया वालंटियर सम्मेलन करने का निर्णय :** प्रदेश महामंत्री सह सोशल मीडिया के प्रदेश प्रभारी बालमुकुंद सहाय ने कहा कि जिस तरह आज प्रदेश में कार्यशाला हुई है, उसी प्रकार सभी जिलों में जिला स्तरीय कार्यशाला और छह शहरों (हजारीबाग, रांची, दुमका, जमशेदपुर, धनबाद और पलामू) में सोशल मीडिया वालंटियर सम्मेलन आयोजित किया जायेगा। प्रशिक्षण में पीपीटी के माध्यम से सोशल मीडिया संयोजक राहुल अवस्थी ने पार्टी पदाधिकारियों को प्रशिक्षित किया और शंखनाद अभियान की कार्ययोजना के बारे में विस्तार से बताया।

**सोशल मीडिया वारियर्स अभियान की शुरुआत :** इस दौरान सोशल मीडिया वारियर्स अभियान की शुरुआत की गयी। इसके लिए झारखंड भाजपा की वेबसाइट पर एक लिंक और व्हाट्सएप्प नंबर भी जारी किया गया। इसके माध्यम से प्रदेश भाजपा सोशल मीडिया पर सक्रिय वालंटियर्स को जोड़ कर अपने अभियान को गति देने की कोशिश करेगी। कार्यक्रम का संचालन आइटी सेल के प्रदेश सह संयोजक विवेक विकास ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन सोशल मीडिया प्रदेश टोली की सदस्य प्रियंका रंजन ने किया।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 22.5 °C | 19.5 °C |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.15 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.29 बजे |

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 25 अगस्त, 2023
www.azadsipahi.in


# सीएम हेमंत सोरेन ने 7वें वेतनमान के आलोक में पुनरीक्षित एसटीएफ भत्ता और विशेष सुविधा के प्रस्ताव को दी स्वीकृति

- एसटीएफ के पदाधिकारी/कर्मियों को 7वीं पीआरसी के मूल वेतन का 50 प्रतिशत एसटीएफ भत्ता
- विभिन्न स्तर के पुलिस पदाधिकारियों को नौ से आठ हजार वार्षिक वर्दी भत्ता
- पुलिस उपाधीक्षक कोटि तक के सभी पदाधिकारी एवं कर्मियों को राशन व्यय के रूप में प्रतिमाह 2400 रुपये
- मई 2019 से आदेश निर्गत होने की तिथि तक 7वें वेतनमान के अनुरूप भत्ता अंतर का भी भुगतान

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड जगुआर (एसटीएफ) में कार्यरत सभी पुलिस पदाधिकारी/कर्मियों को दिये जाने वाले विशेष सुविधा/भत्ता को 7वीं पीआरसी के आलोक में पुनरीक्षित करने के प्रस्ताव एवं तत्संबंधी मंत्रिपरिषद् के अनुमोदन हेतु संलेख प्रारूप पर मुख्यमंत्री ने स्वीकृति दे दी।

**मंत्रिपरिषद की स्वीकृति के बाद ये होगा :** विशेष कार्य बल (एसटीएफ) के पदों में पुलिस महानिरीक्षक से आरक्षी तक के पद तीन वर्षों के चक्रचालन के आधार पर झारखण्ड सशस्त्र पुलिस बल, जिला कार्यकारी बल एवं समान पुलिस बलों से प्रतिनियुक्ति/पदस्थापन के आधार पर तथा शेष पद नियुक्ति द्वारा भरे जायेंगे। राज्य में विशेष कार्य बल (एसटीएफ) में कार्यरत सभी पदाधिकारी/कर्मियों को 7वीं पीआरसी के मूल वेतन का 50 प्रतिशत एसटीएफ भत्ता। पुलिस उपाधीक्षक कोटि तक के सभी पदाधिकारी एवं कर्मियों को राशन व्यय के रूप में प्रतिमाह 2400 रुपये। सहायक पुलिस अवर निरीक्षक से पुलिस उपाधीक्षक तक के सभी पदाधिकारियों को 9000 तथा हवलदार एवं आरक्षी कोटि के सभी कर्मियों को 8000 रुपये वार्षिक वर्दी भत्ता। 7वें वेतनमान के आलोक में पुनरीक्षित एसटीएफ भत्ता एवं अन्य विशेष सुविधा आदेश निर्गत होने की तिथि से देय होने का प्रस्ताव है। मई 2019 से भत्ता पुनरीक्षण संबंधी आदेश निर्गत होने की तिथि तक झारखण्ड जगुआर में कार्यरत एवं इस अवधि में कार्य कर चुके पदाधिकारियों/कर्मियों को 7वें वेतनमान के अनुरूप मूल वेतन का 50% एसटीएफ भत्ता तथा उक्त अवधि में भुगतान किये गये एसटीएफ भत्ता का अन्तर राशि बकाया के रूप में भी भुगतान किया जाना है।

**स्वीकृत अतिरिक्त पदों पर भी समान रूप से होगा प्रभावी :** उक्त सुविधा एसटीएफ को सुद्धढ़ीकरण हेतु समय-समय पर राज्य सरकार द्वारा स्वीकृत किये गये अतिरिक्त पदों पर भी समान रूप से प्रभावी रहने देने का प्रस्ताव है।

# हाइकोर्ट ने डीजीपी से पूछा : अपराध पर नियंत्रण क्यों नहीं

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट में भू-माफियाओं द्वारा सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जस्टिस स्वर्गीय एमवाइ इकबाल की रांची स्थित जमीन पर बने बाउंड्री वॉल को तोड़े जाने के स्वतः संज्ञान मामले की गुरुवार को सुनवाई हुई। इस दौरान हाइकोर्ट में डीजीपी अजय कुमार सिंह उपस्थित रहे। हाइकोर्ट के जस्टिस एस चंद्रशेखर की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने गुरुवार को मामले की सुनवाई की। कोर्ट ने डीजीपी को चार सप्ताह में व्यक्तिगत तौर पर शपथ पत्र दाखिल कर भू-माफियाओं पर नकेल कसने और क्राइम कंट्रोल के लिए किये गये उपायों को बताने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने उनसे मौखिक पूछा कि राज्य में क्राइम का ग्राफ क्यों बढ़ रहा है। क्राइम कंट्रोल क्यों नहीं हो पा रहा है। रात में पीसीआर वैन भी कम दिखते हैं, जिससे छिनैती की घटनाओं में भी इजाफा हुआ है। राज्य सरकार ने शपथ पत्र दाखिल कर बताया कि जमीन हड़पने वालों के खिलाफ कड़ा एक्शन लिया जायेगा। वैसे भू-माफियाओं, जिनके खिलाफ पांच से ज्यादा केस हैं, उन्हें जिला बदर किया जायेगा। जिन भू-माफियाओं के खिलाफ चार केस विभिन्न स्थानों में दर्ज हैं, उन्हें प्रत्येक 15 दिनों में थाना में हाजिरी लगानी होगी। साथ ही जिन भू-माफियाओं के खिलाफ तीन केस थानों में दर्ज हैं, उन्हें बांड भरवा कर चेतावनी दी जायेगी। आनेवाले समय में तीन तरह के क्राइम, जिसमें एसटी-एससी, महिला उत्पीड़न और जमीन हड़पने वाले भू-माफिया के मामले शामिल हैं, के निष्पादन के लिए स्पेशल टास्क फोर्स (एसआइटी) बनायी जायेगी।

## संकल्प यात्रा के दौरान देवघर पहुंचे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष

# तुष्टिकरण नीति के करण संथाल परगना की डेमोग्राफी चेंज हो गयी है: बाबूलाल

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार पर संताल परगना की इमोग्राफी चेंज करने का आरोप लगाया है। गुरुवार को उन्होंने अपनी संकल्प यात्रा के दौरान देवघर में हेमंत सरकार पर जम कर हमला बोला। जनसभा में कहा कि हेमंत सरकार की तुष्टिकरण नीति के करण संथाल परगना की इमोग्राफी चेंज हो गयी है। भाजपा की सरकार धुसपैठियों के साथ उन्हें बसानेवालों को भी नहीं छोड़ेगी। श्री मरांडी ने कहा कि कांग्रेस, जेएमएम और राजद की सरकार में चोरी, डकैती, हत्या, अपहरण और बहू बेटियों के दुष्कर्म की घटनाओं ने झकझोर दिया है। देश में सर्वाधिक अपराध के आंकड़े झारखंड में हैं। संथाल क्षेत्र में भी व्यवसायी अपराधियों के निशाने पर हैं, बेटियों को जला कर मार दिया जा रहा है। कानून राज स्थापित करनेवाले पुलिस हेमंत सरकार के इशारे पर वसूली में लगी हुई है। अपराधियों को राज्य सरकार का संरक्षण प्राप्त है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अमन चैन और कानून राज स्थापित करना है, तो हेमंत सरकार को उखाड़ फेंकना होगा।

**भाजपा ने झारखंड के हित के लिए उठाये कदम :** बाबूलाल मरांडी ने कहा कि कांग्रेस के कई प्रधानमंत्री हुए, किंतु झारखंडियों की आवाज अटल बिहारी वाजपेयी बने, उन्होंने अलग राज्य के सपने को साकार किया। मोदी जी के शासन काल में पहली बार आठ-आठ आदिवासी को केंद्रीय मंत्रिमंडल में स्थान मिला। आजादी के बाद पहली बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संथाल क्षेत्र का सर्वांगीण विकास किया। रेलवे का विस्तारीकरण हुआ। देवघर में एम्स, एयरपोर्ट दिया। जसीडीह में कारखाना बन रहा है, गोड्डा में सीमेंट फैक्ट्री की योजना है। दूसरी ओर इस राज्य में मुख्यमंत्री ने जमीन घोटाला किया है। कांग्रेस जेएमएम और राजद परिवारवाद, तुष्टिकरण की राजनीति करती है, भ्रष्टाचार, परिवारवाद और तुष्टिकरण की राजनीति को समाप्त करना है, तो भाजपा की सरकार बनानी होगी, हेमंत सरकार को उखाड़ फेंकना होगा, वह इसी का संकल्प लोगों को दिलाने निकले हैं।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

- **मेष** जमीन-जायदाद संबंधी विवादों का समाधान मिलेगा। सुख-सुविधा के साधन बनेंगे।
- **वृष** लोकप्रियता का विस्तार। अधूरा कार्य पूरा होगा। प्रतिष्ठा-उपहार और पुरस्कार की प्राप्ति होगी।
- **मिथुन** विरोधियों का षड़यंत्र विफल होगा। प्रभावशाली व्यक्तियों से वांछित सहयोग मिलेगा।
- **कर्क** भौतिक सुख-सुविधा की प्राप्ति। पारिवारिक वातावरण सुखमय होगा।
- **सिंह** परिस्थितियों में सुधार। व्यवसाय में लाभ। सपरिवार भ्रमण-मनोरंजन के साधन बनेंगे।
- **कन्या** नयी आशाओं का उदय होगा। धैर्य व साहस से सभी कार्य पूरे होंगे। स्वास्थ्य ठीक रहेगा।
- **तुला** परिश्रम से सफलता की ओर अग्रसर रहेंगे। आर्थिक संतुलन बनाये रखने में सफल होंगे।
- **वृश्चिक** मनोरथ की सिद्धि होगी। बिजनेस में परिवर्तन। स्वाभिमान की रक्षा होगी।
- **धनु** समय अनुकूल है। व्यक्तियों के लिए कुछ कर दिखाने का पर्याप्त अवसर मिलेगा।
- **मकर** सुख-साधनों में वृद्धि। विरोधियों पर विजय। संपर्क-प्रभाव का लाभ मिलेगा।
- **कुंभ** स्वाभिमान और स्वावलंबन बढ़ेगा। आमदनी में वृद्धि होगी। नया परिचय का क्षेत्र बढ़ेगा।
- **मीन** प्रशंसनीय कार्य करने का अवसर। धैर्य, सहनशीलता से परिवार में कार्य पूरा होगा।

# शराब कारोबारी योगेंद्र तिवारी के ठिकानों पर दूसरे दिन भी जारी रही इडी की छापेमारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** शराब घोटाले से जुड़े मामले में केंद्रीय जांच एजेंसी इडी की बुधवार को हुई बड़ी कार्रवाई लगातार दूसरे दिन भी जारी है। इडी के अधिकारी चर्चित शराब कारोबारी योगेंद्र तिवारी के आवास में लगातार छापेमारी करते हुए जांच कर रहे हैं। बता दें कि इससे पूर्व बुधवार को कथित शराब घोटाले में योगेंद्र तिवारी के अलावा राज्य के वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव के बेटे रोहित उरांव, पूर्व भाजपा विधायक निर्भय शाहाबादी के गिरिडीह स्थित आवास में छापेमारी कर चुकी है। छापेमारी के दौरान वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव के आवास से 30 लाख रुपये बरामद किये थे। वहीं विनय सिंह के आवास से एक करोड़ की ज्वेलरी बरामद हुई थी। इसके अलावा देवघर में बीस सूत्री समिति के उपाध्यक्ष मुन्नम संजय और कारोबारी अभिषेक आनंद झा के अलावा धनबाद, दुमका, गोड्डा, हजारीबाग में भी शराब कारोबार से जुड़े कई लोगों के ठिकानों पर छापेमारी की गयी थी।



## डीएवी पब्लिक स्कूल के अपूर्व आनंद ने हासिल की साहित्यिक उपलब्धि



**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** डीएवी पब्लिक स्कूल के पूर्व छात्र अपूर्व आनंद ने मात्र 17 साल की उम्र में लेखक बनकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया है। उनके इस अद्भुत सफलता पर विद्यालय परिवार की ओर से उन्हें प्रातः कालीन सभा में सम्मानित किया गया और सभी शिक्षकों ने उन्हें आशीर्वचन प्रदान किया। उन्होंने 'द अनफैथॉम्ड डेप्थ्स' नामक पुस्तक प्रकाशित की है। यह पुस्तक अमेजॉन जैसी ऑनलाइन बाजार पर भी उपलब्ध है। यह उनकी साहित्यिक प्रतिभा और अद्भुत कल्पना शक्ति को प्रदर्शित करता है। उन्होंने डीएवी के समर्पित शिक्षकों से प्रेरणा लेते हुए अपनी साहित्य की यात्रा की उड़ान भरी। वे स्वयं अपनी इस रचना का श्रेय अपने शिक्षकों को देते हैं। जिनके संरक्षण में उनकी रचनात्मक शक्ति का विकास हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य कृष्ण कुमार सिंह ने कहा हमारा विद्यालय अपने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। ऐसे छात्र हमारे विद्यालय के गौरव तथा हमारी सफलता का प्रतीक है। उन्होंने अपूर्व आनंद को उनकी साहित्यक उपलब्धि के लिए बहुत-बहुत बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## झुमरीतिलैया, कोडरमा और डोमचांच में योजनाओं को लेकर की गयी बैठक



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** समाहरणालय सभागार में गुरुवार को उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में नगर परिषद झुमरी तिलैया, नगर पंचायत कोडरमा, डोमचांच में संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर समीक्षात्मक बैठक किया गया। बैठक में उपायुक्त ने नगर परिषद संचालित योजनाओं की जानकारी ली। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी, स्वच्छ भारत मिशन के तहत साफ सफाई, पीएम स्वनीधि योजना समेत कई योजनाओं पर बिंदुवार समीक्षा किया गया। उपायुक्त ने नगर परिषद झुमरी तिलैया, नगर पंचायत कोडरमा, डोमचांच के कार्यपालक पदाधिकारी को निर्देश दिया कि शहर की साफ सफाई पर विशेष ध्यान देंगे। उन्होंने कहा कि अपने टीम के माध्यम से नियमित रूप से सभी चौक चौराहों, वार्डों की साफ सफाई करायें। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी को लेकर कहा कि जिनका आवास निर्माण कार्य पूरा नहीं हुआ है, उन्हें आवास को यथाशीघ्र पूर्ण करने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि नियमित रूप से डोर टू डोर कचरा कलेक्शन होना चाहिए। सामुदायिक शौचालय, सुलभ शौचालय का नियमित साफ सफाई हो। उन्होंने राजस्व संग्रह को लेकर कहा कि नियमित रूप से होडिंग टैक्स, वाटर टैंक्स का कलेक्शन नियमित रूप से करें। सभी को ट्रेड लाइसेंस के लिए लोगों को प्रेरित करें। तीनों नगर निकायों में वेडिंग जोन बनाने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। ग्रे वाटर और ब्लैक वाटर प्रबंधन को लेकर प्रस्ताव तैयार करने की बात कही। बैठक में मुख्य रूप से विनीत नगर प्रशासक नगर परिषद झुमरीतिलैया, जितेन्द्र कुमार जैसल प्रशासक नगर पंचायत कोडरमा डोमचांच, नगर प्रबंधक, कनीय अभियंता व अन्य मौजूद रहे।

## लाराबाद में युवक का शव बरामद

**जयनगर (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत धनबाद गया रेलखंड के अंतर्गत लाराबाद में गुरुवार को रेलवे लाइन की बाउंड्री के बाहर युवक का शव बरामद किया गया है। मृतक की पहचान नीतीश कुमार (उम्र लगभग 24 वर्ष, पिता मनोज प्रसाद ग्राम डुमरी, थाना मोहनपुर जिला गया) के रूप में हुई है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार शव दो-तीन दिन पहले का है। घटना का सूचना मिलते ही जयनगर पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल कोडरमा भेज दिया। वहीं थाना प्रभारी उमानाथ सिंह ने बताया कि घटना की जांच पड़ताल की जा रही है।

## ओम कौशल्या हॉस्पिटल में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिला मुख्यालय स्थित ओम कौशल्या हॉस्पिटल और ट्रॉमा सेंटर में गुरुवार को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। यहां निःशुल्क 100 मरीजों को देखा गया। इस बाबत हॉस्पिटल के निदेशक डॉ विशाल कुमार ने बताया कि रक्षा बंधन के उपलक्ष्य पर हॉस्पिटल परिसर में गुरुवार को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया जिसमें विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा मरीजों का न केवल निःशुल्क इलाज किया गया, बल्कि एक्सरे, दवा और खून की जांच में भी विशेष छूट दिया गया। वहीं जरूरतमंद मरीजों के बीच निःशुल्क दवा का भी वितरण किया गया। मौके पर छोटू कुमार, राहुल कुमार, संतोष कुमार, सोनाली कुमारी, आशीष कुमार, मटर कुमार, जितेंद्र कुमार, मुन्ना कुमार आदि मौजूद थे।

## सड़क दुर्घटना में युवक घायल

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** तिलैया थाना क्षेत्र के करमा में बुधवार की देर रात एक सड़क दुर्घटना में बाइक सवार एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की पहचान मोरियावां निवासी रोहित साव (उम्र 24 वर्ष, पिता सहदेव साव) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार युवक बाइक से कोडरमा से तिलैया की तरफ लौट रहा था। इस दौरान वह सड़क दुर्घटना का शिकार हो गया। जिसके बाद स्थानीय लोगों की सहायता से उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल कोडरमा लाया गया।

## चंद्रयान-3 की सफलता पर बच्चों ने उड़ाये अबीर-गुलाल




**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** श्री रामकृष्ण मिशन स्कूल, मरकच्चो में भारत सहित विश्व की सबसे महत्वाकांक्षी योजना मिशन मून की अपार सफलता पर हर्ष व्यक्त किया गया साथ ही सभी शिक्षकों और छात्र छात्राओं ने अबीर गुलाल उड़ाया और होली खेली। चंद्रयान-3 कल समय 6:04 बजे चांद की धरती पर लैंड कर रहा था तब विद्यालय के द्वारा सभी बच्चों को लाइव दिखाया जा रहा था जिससे बच्चों में काफी उत्साह था। कुछ छात्रों ने भविष्य में इस प्रकार के मिशन से जुड़ने का संकल्प लिया और इसरो को धन्यवाद दिया। मौके पर विद्यालय के निदेशक सियाराम यादव, महेंद्र कुमार, दीपक कुमार, अजीत अमंत, चंदन कुमार, निरंजन सिंह, प्रियंका कुमारी, नीलम, मनीषा, छात्रों में संचिता रानी, सृष्टि कुमारी, अनुशीखा रानी, माया, पूनम, रिया, साजन कुमार, सतीश, शशांक सिंह, सौरव, रॉकी, सहनबाज, अंकित, मयंक आदि सैकड़ों छात्रों ने सेलिब्रेट किया।

## कृषि विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक

**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय में प्रखंड कृषि पदाधिकारी अनिल कुमार यादव की अध्यक्षता में सभी जनसेवकों की एक बैठक कृषि विभाग के कार्यों की समीक्षा हेतु आयोजित की गयी। उपस्थित कर्मियों के बीच मुख्यमंत्री सुखाड राहत योजना के बारे में चर्चा की। अपने आवंटित पंचायत से इस योजना के तहत आच्छादित किसानों की सूची तैयार करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना के तहत जिन किसान भाइयों को आवेदन करने के उपरांत भी योजना का लाभ नहीं मिला है वह पुनः आवेदन करें। सभी जनसेवकों के द्वारा कृषि विज्ञान केंद्र जाकर कार्यक्रम समंवयक से मिलकर सहजन की खेती के बारे में चर्चा का निर्णय लिया। प्रखंड चयन तकनीक के तहत सभी जनसेवकों को अपने आवंटित पंचायत के किसानों का पंजीकरण कर सरकार की योजनाओं का लाभ दें। मौके पर जनसेवक वीरेंद्र कुमार, विकास रंजन, पंकज कुमार, विमलेश पासवान, सुनील कुमार यादव, फिरदौस आलम मौजूद थे।

# तिलैया में स्टील प्लांट के गेट से रेल पटरी लदा ट्रक बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता



**कोडरमा।** तिलैया थाना क्षेत्र के गझांडी रोड स्थित प्रतीक स्टील प्लांट के मुख्य द्वार से रेलवे का लोहा (पटरी) से भरा ट्रक को आरपीएफ ने बरामद किया है। जबकि ट्रक चालक और खलासी चाबी लगा छोड़कर फरार हो गया। ट्रक में लगभग 35 पीस रेलवे का कटिंग पटरी लोड था। फिलहाल टाउन पुलिस व आरपीएफ के बीच क्षेत्राधिकार को लेकर अपने-अपने दावे करने में लगी है। मामला जो भी हो अब तो आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद ही यह तय हो पायेगा की रेलवे का कटिंग पटरी कहां से चुराया गया है। चुराया गया रेलवे का कटिंग पटरी इसी वर्ष का बना हुआ बताया गया। संभावना जताया जा रहा है की फैक्ट्री संचालक को पुलिस की आने की सूचना मिलने के बाद ट्रक को आनन-फानन में फैक्ट्री परिसर के बाहर खड़ा करवा दिया गया। फिलहाल आरपीएफ मामले को लेकर हर पहलू पर जांच कर रही है। समाचार लिखे जाने तक आरपीएफ निरीक्षक जवाहरलाल तिलैया थाना के अवर निरीक्षक सोनी प्रताप सहित आरपीएफ व तिलैया थाना के जवान मौके पर मौजूद थे।

# चमेली झरना में मिले युवक-युवती के शव

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** इचाक/पदमा थाना क्षेत्र स्थित चमेली झरना में बुधवार रात्रि को एक युवती और युवक का शव चमेली झरना में पुलिस ने देखा। गुरुवार को पदमा पुलिस और इचाक पुलिस ने शव को निकलवाया और पोस्टमार्डम के लिए हजारीबाग भेज दिया। इससे पूर्व यह खबर आस पास के इलाके में आग की तरह फैल गई। पदमा थाना प्रभारी शिवदयाल सिंह आर्म बल के साथ सुबह पहुंचे तो देखा लड़की का शव जहां था वही फंसा रहा वहीं लड़के का शव बहते हुए पदमा थाना क्षेत्र पहुंच गया। पदमा और इचाक पुलिस घटना स्थल पहुंच कर शव को कब्जे में लेते हुए पोस्ट मार्टम के लिए हजारीबाग भेज दिया। इधर खबर पाकर लोग शवों की पहचान करने हेतु चमेली झरना की ओर चल पड़े। किन्तु किसी ने भी शव की पहचान नहीं की। लोगो ने बताया कि शव काफी फूल चुका है और इस कारण उसकी पहचान कर पाना मुश्किल हो रहा है।

### अनुज्ञप्ति धारक छड़-सीमेंट विक्रेता संघ की हुई बैठक

# चोरी की छड़ और सरकारी सीमेंट की धड़ल्ले से हो रही बिक्री पर जतायी चिंता

आजाद सिपाही संवाददाता



**इचाक।** प्रखंड के एनएच 33 इचाक मोड़ स्थित उवि सिझुआ के परिसर में अनुज्ञप्ति धारक छड़ सीमेंट विक्रेता संघ की बैठक गुरुवार को की गयी। जिसकी अध्यक्षता सुरेश मेहता व संचालन संजय अग्रवाल ने किया। बैठक में इचाक थाना क्षेत्र के एनएच 33 के जंगलों और लाइन होटलों के पास, पदमा थाना क्षेत्र के दाऊजीनगर और कदवा के जंगल में लगातार ट्रक और ट्रेलर चालक की मिलीभगत से अवैध रूप से हो रहे सरिया और सीमेंट खरीद बिक्री पर चिन्ता जाहिर किया गया। बताया गया अवैध रूप से औने पौने दामों पर मिले छड़ और नोट फॉर सेल वाला सीमेंट की बिक्री से एक तरफ जहां सरकार को राजस्व की भारी क्षति हो रही है, वहीं अनुज्ञप्ति धारक दुकानदारों के सामान की बिक्री पर भारी प्रभाव पड़ा है। छड़ और सेमेंट के कीमत को लेकर ग्राहक और दुकानदारों के बीच अक्सर कहा सुनी होता रहता है। बैठक में समस्या के खिलाफ सरकार को ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया गया। मौके पर फुलेश्वर मेहता, रितन मेहता, सुधाकर प्रसाद, वीरेंद्र कुमार, विश्वजीत कुमार, राजू कुमार, सोनू , विक्की धवन, विनय कुमार, बैजनाथ महतो, राहुल कुमार, प्रमोद कुमार, अशोक कुमार, रामजी प्रसाद मेहता आदि उपस्थित थे।

# कर्णपुरा महाविद्यालय में मनायी गयी गोस्वामी तुलसीदास की जयंती

आजाद सिपाही संवाददाता




**बड़कागांव।** कर्णपुरा महाविद्यालय के हिंदी विभाग में गोस्वामी तुलसीदास की जयंती मनायी गयी। इसकी अध्यक्षता महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य कीर्तिनाथ महतो ने की। इन्होंने कहा कि तुलसीदास संस्कृत के महान विद्वान थे, इन्होंने रामचरितमानस की रचना की, यह चाहते थे कि राम की कहानी आम जनता के लिए सुलभ हो, आयोजक हिंदी विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. अनु कुमारी एवं हिंदी विभाग की प्रो.ललिता कुमारी ने की। कार्यक्रम की शुरूआत तुलसीदास के चित्र पर माल्यार्पण कर की गयी। विद्यार्थियों ने अपने-अपने विचार रखें । प्रो.अनु कुमारी ने कहा कि गोस्वामी तुलसीदास वैष्णव हिंदू संत और भक्तिकाल के सगुण भक्ति धारा के रामभक्ति शाखा के प्रमुख महाकवि थे, इन्होंने गोस्वामी तुलसीदास के जीवन, लेखन संसार, उनके विचार और रचनाओं पर प्रकाश डाला। प्रो. ललिता कुमारी ने कहा कि तुलसीदास को उनके साहित्यिक कार्यों विशेष रूप से महाकाव्य रामचरितमानस के लिए जाना जाता है। हनुमान चालीसा के रचयिता का श्रेय गोस्वामी तुलसीदास को जाता है, साथ ही जीवन और रचनाओं को व्यक्त किया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. चंद्रशेखर राणा ने किया। कार्यक्रम में पूर्व प्रभारी प्राचार्य ज्योति जलधर, प्रो निरंजन प्रसाद नीरज, प्रो सुरेश महतो, प्रो फजरुद्धीन, प्रो नरेश कुमार दांगी, प्रो ऋतुराज ,प्रो रंजीत प्रसाद, प्रो लालदेव महतो, प्रो. रामकिशोर दांगी और छात्र-छात्राओं में राहुल, धिरंजन, दिलचंद, सचिन, मनीषा, पूनम, खुशबू, सुनीता आदि उपस्थित थे।

## आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के तहत मरकच्चो का चयन

**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** भारत सरकार द्वारा आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के तहत मरकच्चो प्रखंड का चयन किया गया है। जिसे लेकर गुरुवार को प्रखंड मुख्यालय मरकच्चो स्थित सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी पप्पु रज्जक की अध्यक्षता में बैठक की गयी। बैठक में सामाजिक विकास, बुनियादी ढांचा, कृषि व संबद्ध योजना, शिक्षा और स्वास्थ्य व पोषण को लेकर विस्तृत चर्चा की गयी। बीडीओ ने संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को उक्त सामाजिक विकास, बुनियादी ढांचा, कृषि व संबद्ध योजना, शिक्षा और स्वास्थ्य व पोषण को लेकर पंचायत में चिंतन शिविर का आयोजन करने का दिशा निर्देश दिया। बैठक में बी पी एम धर्मेन्द्र कुमार, बी टी टी गंगाधर दास, महिला पर्यवेक्षिका माधुरी कुमारी, बिभा कुमारी समेत स्वास्थ्य कर्मी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, शिक्षा विभाग के अलावे प्रखंड कर्मी मौजूद थे।

# विद्यालय कैंपस से गुजर रहा हाइटेंशन तार, बड़े हादसे की आशंका

आजाद सिपाही संवाददाता




**हजारीबाग।** नगर निगम क्षेत्र के सिरसी स्थित राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय सिरसी के विद्यालय कैंपस में हाईटेंशन का तार बिजली विभाग के द्वारा खींचा गया है। अब या तो इसे शिक्षा विभाग की उदासीनता कहे या बिजली विभाग की लापरवाही जो एक बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकता है। बिजली विभाग ने विद्यालय की दिवार के उपर से एक ऐंगल पर ग्यारह हजार वोल्ट की हाईटेंशन तार को उसी विद्यालय के कैंपस से ले गई है तथा एक एंगल विद्यालय की दीवार से लगा हुआ है जो विभाग की लापरवाही को दिखा रही है। इस मध्य विद्यालय में कक्षा एक से आठ तक के छोटे बच्चे अपनी जान जोखिम में डालकर पढ़ने आते हैं। जहां उनकी जान को खतरा है और कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है। विद्यालय के प्रधानाचार्य के द्वारा कई बार इस विषय में बिजली विभाग को आवेदन दिया गया साथ ही अन्य विभागों (भवन निर्माण विभाग आदि) को भी इसकी जानकारी दी गयी पर अभी तक किसी के भी द्वारा कोई उपाय नहीं करना यह दर्शार्ता है की शायद्र वह भी दुर्घटना होने का इंतजार कर रहे हैं। अब तो स्थिति यह है की विद्यालय के बच्चे और शिक्षक डर के माहौल में है तथा अभिभावक भी अपने बच्चों को विद्यालय भेजने से डरने लगे हैं। कुछ दिन पहले भी घटना हो चुकी है वो तो गनीमत रहा की किसी के साथ जान माल का नुकसान नहीं पहुंचा। बिजली विभाग के अनुमंडल पदाधिकारी से जब इस विषय पर बात की गयी तो उन्होंने कहा की विभाग के द्वारा जल्द ही प्राकलंन तैयार कर इसे विद्यालय कैंपस से हटा दिया जायेगा।

## किसानों के बीच मक्का बीज का वितरण



**इचाक (आजाद सिपाही)।** आत्मा हजारीबाग एनएफएसएम योजना अंतर्गत किसानों के बीच मक्का बीज का वितरण किया गया। वितरण 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष मनोहर राम, उप प्रमुख सत्येंद्र कुमार और वीडियो रिंकू कुमारी के द्वारा किया गया। इस दौरान प्रखंड कृषि पदाधिकारी विनोद कुमार रवि, बिटीएम पुष्पा कुमारी, कृषक मित्र संघ के प्रखंड अध्यक्ष दिगंबर कुमार मेहता, कृषक मित्र भरत मेहता, रामजय मेहता, सुरेंद्र मेहता, नंदू मेहता, तुलेश्वर महतो उर्फ अशोक मेहता, सौरभ कुमार, संतोष कुशवाहा, भेखलाल मेहता, अनिल मेहता, पुष्पा देवी, किसान सुरेंद्र मेहता, संदीप मेहता, संतोष मेहता, अजय प्रसाद, शोभा देवी, आदि उपस्थित थे। 20 सुत्री प्रखंड अध्यक्ष मनोहर राम ने कहा की सरकार की यह महत्वकाक्षी योजना है, सभी कृषक लाभ लें। उपप्रमुख सतेन्द्र प्रसाद मेहता ने कहा कि योजना बहुत उपयोगी है, किसान लाभांवित होंगे।

## भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक संपन्न



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत टाटीझरिया और दारू प्रखंड के भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक उच्चाभेडा में बसंत नारायण सिंह के अध्यक्षता बैठक किया गया जिसका संचालन महेश अग्रवाल ने किया बैठक में मुख्य रूप से 5 सितम्बर 2023 को आयोजित भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह पुर्व मुख्यमंत्री बाबुलाल मरांडी के बरकट्ठा विधानसभा स्तरीय संकल्प रैली को सफल बनाने पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में मुख्य रूप से कार्यक्रम के संयोजक सह बरकट्ठा के विधायक अमित कुमार यादव शामिल हुए। बैठक को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि संकल्प महारैली में टाटीझरिया और दारू प्रखंड के कार्यकर्ता अधिक से अधिक संख्या में पहुंचे और केंद्र और राज्य में भाजपा के सरकार बनाने का संकल्प ले। बैठक में कार्यक्रम को सफल बनाने का रूप रेखा तैयार किया गया। प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत दारू प्रखंड के कार्यकर्ता देवकुली और टाटीझरिया के कार्यकर्ता खैरा चौक में स्वागत करेंगे साथ ही कार्यक्रम से पहले खैरा चौक को भाजपा के झंडा और बैनर से सजाया जायेगा। बैठक में विधायक प्रतिनिधि उपेंद्र पांडेय, दशरथ नारायण सिंह, प्रवील प्रसाद, सोबरन महतो, विनोद महतो, मनीष यादव, महेंद्र कुमार, बद्री साव, कौलेश्वर मिश्रा, राजा, दारू उपप्रमुख प्रतिनिधि विजय प्रसाद, मुखिया भोला तुरी, राजेश कुमार, चिंतामन प्रसाद, गोपाल देव, दीपक देव, अरविंद कुशवाहा, चमन महतो, सुनील कुमार, मुकुंद कुमार, विनोद प्रसाद, मिथलेश प्रसाद, मिनांचल कुमार, बैजनाथ प्रजापति, कृष्णा प्रसाद, बासुदेव प्रसाद, शम्भु प्रसाद, रवि यादव, पप्पु कुमार, संजय रवि, पप्पु रविदास, बद्री भुईया, कैलाश महतो, जितेंद्र पांडेय समेत अन्य उपस्थित थे।

## पतरातू से बड़कागांव तक लग रहे 132 केवी लाइन के टावर की चोरी



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव से पतरातू के बीच झारखंड ऊर्जा संचार निगम लिमिटेड के 132 के वी लाइन के टावर का कार्य जारी है यह कार्य एसोसिएट पावर स्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा कराया जा रहा है। जिसमें 23 अगस्त को लाइन के सुपरवाइजर द्वारा नियमित पेट्रोलिंग के दौरान देखा गया की थाना क्षेत्र के ग्राम देवगढ़ के निकट टावर संख्या 20/1 के चारों पाया को गैस कटर मशीन की सहायता से कटिंग करके गिरा कर सभी एंगल को चोरी कर लिया गया है। इस संबंध में कम कर रहे एसोसिएट पावर स्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड के प्रोजेक्ट मैनेजर रंजीत कुमार गुप्ता ने बड़कागांव थाना में आवेदन देते हुए अज्ञात लोगों पर मामला दर्ज कराया है। आगे उन्होंने बताया है कि इस घटना से हमारे कंपनी को लगभग 8 लख रुपए का नुकसान हुआ है। उक्त संबंध में थाना प्रभारी विनोद तिर्की ने मामला दर्ज करते हुए त्वरित कार्रवाई करते हुए थाना से अधिकारी को भेज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। साथी उन्होंने कहा कि जल्द से जल्द चोरों को पड़कर करवाई किया जायेगा।

## भाकपा प्रखंड कमेटी की बैठक संपन्न



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** भाकपा प्रखंड कमेटी की बैठक प्रखंड कार्यालय के पुराने भवन परिसर में किया गया। अध्यक्षता भाकपा माले प्रखंड सचिव शेर मोहम्मद ने की। बैठक में मुख्य अतिथि राज्य कमेटी सदस्य सह बरकट्ठा विधानसभा प्रभारी भुनेश्वर केवट उपस्थित थे। जिसमें पार्टी संगठन की मजबूती को लेकर चर्चा की गयी। साथ किसानों,युवाओं के सवालों को लेकर आंदोलन तेज करने पर चर्चा हुई। मुख्य अतिथि केवट ने कहा मोदी सरकार लोकतंत्र को खत्म करना चाहती है। मौके पर किसुन मोदी, शंकर मोदी, बिसुन यादव, मोहन साव, नागेश्वर साव, किशोर पासवान, उस्मान अंसारी, योगेश्वर साव समेत कई लोग मौजूद थे।

## चंद्रयान-3 की सफलता पर दी बधाई









**जयनगर (आजाद सिपाही)।** चंद्रयान- 3 की सफल लैंडिंग पर जयनगर प्रखंड में हर्ष का वातावरण रहा। लोग काफी खुश थे। हर कोई चंद्रयान की लैंडिंग की सफलता को लेकर दुआएं मांग रहा था। पल-पल की जानकारियां जुटा रहे थे। शाम 5 बजे के बाद लोग टीवी चैनल इंटरनेट के विभिन्न माध्यमों से जुड़कर सफल लैंडिंग पर नजरें टिकायें रहे, निर्धारित समय पर जैसे ही रोवर चंद्रमा की धरती को छुआ लोग खुशियों में सराबोर हो गए। वहीं नेशनल पब्लिक स्कूल परसाबाद के निदेशक मोहम्मद मुस्ताक खान ने कहा कि प्रत्येक भारतीय के लिए गौरव का क्षण है। विश्व के अग्रिम पंक्ति में भारत खड़ा हो गया है। वैज्ञानिकों के प्रति आभार प्रकट करते हैं कि इसी तरह नया मुकाम हासिल करते रहें। वहीं सरस्वती पब्लिक हाई स्कूल (पावर हाउस) के प्राचार्य अर्जुन चौधरी ने कहा कि चंद्रयान 3 की सफलता ऐतिहासिक है। इसने भारत को पूरे विश्व में सम्मान दिलाया और इतिहास रचा। साउथ पोल पर चंद्रयान-3 के उतरने का सारा श्रेय इसरो के वैज्ञानिक और भारत के प्रधानमंत्री को जाता है। वहीं समाजसेवी वीरेंद्र यादव ने कहा कि भारत के इतिहास में यह गर्व का क्षण है। इसरो के वैज्ञानिकों को विशेष बधाई दी। वहीं भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कोषाध्यक्ष सुरेंद्र भाई मोदी ने कहा कि अभी तक चंद्रमा के दक्षिणी डोर पर कोई नहीं उतरा था। हमारे वैज्ञानिकों ने लंबे परिश्रम के पश्चात वहां सबसे पहले चंद्रयान 3 को उतारने में सफलता प्राप्त की।

## चंद्रयान-3 की सफलता पर प्रखंडवासियों में हर्ष

**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** चंद्रयान 3 के चंद्रमा पर सफलता पूर्वक उतरने पर प्रखण्ड वासियों ने हर्ष व्यक्त किया है प्रखंड के सभी प्रशासनिक पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि व बुद्धिजीवी वर्ग के साथ साथ आम लोगों ने भी चंद्रयान 3 की सफलता पर खुशी व्यक्त किया है लोगों का साफ कहना है की वैज्ञानिकों के अथक परिश्रम से ये सफलता मिली है और ये सफलता आने वाले समय के लिए मिल का पत्थर साबित होने वाला है इसरो से जुड़े सभी वैज्ञानिक बधाई के पात्र हैं बधाई देने वालों में केरेडारी प्रमुख सुनीता देवी, बिडिओ कीस्टो कुमार बेसरा, सीओ राकेश तिवारी, बीपीओ सुमन कुमार, थाना प्रभारी नायल गॉडविन केरकेट्टा, बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि बालेश्वर कुमार, जीप सदस्या गीता देवी, अनीता सिंह, उपप्रमुख अमेरिका महतो, विधायक प्रतिनिधि सुरेश साव, रविन्द्र गुप्ता, बैजनाथ महतो, महेश प्रसाद साव,केरेडारी मुखिया सोनिया देवी ,पेटो मुखिया कौशल्या देवी, समाजसेवी प्रेमरंजन पासवान, चन्दन गुप्ता, बद्रीनारायण सिंह, बैजनाथ तिवारी, सुनील राज सिंह उर्फ शेर सिंह, प्रीतम साहू सहित दर्जनों लोग शामिल हैं।

## मध्याह्न भोजन की हो समय-समय पर मॉनिटरिंग: डीडीसी

**चतरा (आजाद सिपाही)।** समाहरणालय के सभा कक्ष में उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में जिला स्तरीय स्टीयरिंग-सह- मॉनीटरिंग कमिटी की बैठक आयोजित बैठक में उप विकास आयुक्त द्वारा राज्य में मध्याहन भोजन की स्थिति की जानकारी लेते यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि मध्याहन भोजन की गुणवत्ता और स्वच्छता का ध्यान हमेशा रखा जाये। विद्यालयों में विद्यार्थियों को दिये जाने वाले किसी भी प्रकार का खाद्य पदार्थ की गुणवत्ता की जांच हमेशा समय-समय पर करने तथा विद्यालय परिसर में जंगल झाड़ी की साफ सफाई, स्टोर रूम और भोजन बनने वाले स्थान को स्वच्छ रखने का निर्देश दिया। विद्यालयों में छात्र छात्राओं के नामांकन के विरुद्ध उपस्थिति में प्रगति हेतु प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। साथ ही सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी से संकुल साधन सेवी के द्वारा किये गये विद्यालय विजिट की मांग की गयी। साथ ही सिविल सर्जन चतरा को निर्देशित किया गया कि विद्यालयों में नियमित छात्र छात्राओं का स्वास्थ्य जांच करायें। आगे उन्होंने उपस्थित प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को कहा कि यह सुनिश्चित करें कि विद्यालयों के छात्र छात्राएं पोषण से संबंधित दवा का सेवन करे और शत प्रतिशत विद्यालयों द्वारा एसएमएस करवाना सुनिश्चित करें। बैठक में सीविल सर्जन जगदीश प्रसाद, जिला शिक्षा अधीक्षक अभिषेक बड़ाइक समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

## वाहन की चपेट में आकर एक की मौत

**कुजू (आजाद सिपाही)।** ओपी क्षेत्र के श्याम सरोवर फोरलेन सड़क के पास गुरूवार की सुबह अज्ञात वाहन की चपेट में आकर एक व्यक्ति की मौत हो गयी। बाद में स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना कुजू पुलिस को दिया। पुलिस घटनास्थल पहुंचकर शव को कब्जे में कर अंत्यपरीक्षण के लिए रामगढ़ सदर अस्पताल भेज दिया। बताया जाता है कि सुबह में सड़क के किनारे उक्त व्यक्ति गुजर रहा था। इसी बीच अज्ञात वाहन ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। जिससे उसकी मौत हो गयी। इधर, सुबह में टहलने निकले लोगों ने सड़क किनारे उसके शव को देखकर पुलिस को सूचना दिया। समाचार लिखे जाने तक मृतक का पहचान नहीं हो पाया था। वहीं, पुलिस उसके शव को 72 घंटे के लिए सदर अस्पताल के शीतगृह में रखा है।

## संडे कटौती के खिलाफ मजदूरों ने की बैठक



**उरीमारी (आजाद सिपाही)।** न्यू बिरसा साइट ऑफिस में केंद्रीय सदस्य झामुमो सह झाकोमयू जोनल कोषाध्यक्ष सोनाराम मांझी के अध्यक्षता में न्यू बिरसा परियोजना के सभी पाली के मजदूरों के साथ संडे ड्यूटी कटौती को लेकर बैठक हुई। बैठक का संचालन टुरा मांझी ने किया। बैठक में संडे ड्यूटी कटौती को लेकर विचार विमर्श किया गया। मौके पर सोनाराम मांझी ने कहा कि संडे ड्यूटी कटौती को लेकर न्यू बिरसा परियोजना पदाधिकारी को एक पत्र दिया गया है। पत्र में कहा गया है कि न्यू बिरसा परियोजना में चार पाली में कुल 90 मैन पावर है जिसमें मात्र 53 मैन पावर को ही संडे ड्यूटी मिलता है। उन्होंने कहा कि बरका सयाल क्षेत्र को जो सालाना टारगेट मिलता है उसमे अकेले न्यू बिरसा परियोजना 80 प्रतिशत टारगेट पूरा करता है। इस टारगेट को पूरा करने में यहां के विस्थापित और चारो पाली के मजदूर मिलकर कड़ी मेहनत कर अहम भूमिका निभाते है। इस बैठक में सभी मजदूरों ने एक स्वर में कहा कि यदि सभी मजदूरों को संडे ड्यूटी नही दिया जायेगा तो हम सभी मजदूर मिलकर संडे ड्यूटी का बहिष्कार करेंगे और संडे को हमलोग रेस्ट पर रहेंगे क्यों न हमलेगों को 26 हाजिरी ही मिले। इस बैठक में संतोष प्रजापति, दीपक करमाली, अर्जुन मुंडा, सरोज कुमार, कंचन मांझी, सिकेन्द्र राम, अल्ताफ हुसैन, दिलीप बेसरा, अशोक कुमार पांडे, अनिल यादव, देवेंद्र साव, सैलेंद्र सिंह, अमित कुमार, रामजीत मुंडा, राम अवधेश प्रसाद, गंगेश्वर महतो, शंभूनाथ ठाकुर, लेचा मांझी, कार्तिक राम कर्ष, अनिल राम, मो.गुलाम रशीद, संतोष कुमार पांडे, सहदेव, शिव पूजन सिंह, देवेंद्र सिंह, राजू गंझू, गणेश गंझु, बाबू मुर्मू, हीरालाल मांझी, दिश्वर मांझी, तालू मांझी, कैलाश मुंडा, तालो मांझी, राजू करमाली, बिनोद सोरेन, संजय सोरेन, संतोष कुमार सिंह, मनोज मुंडा, अनिल मांझी, महेंद्र मुंडा, बलिराम साव, दसरथ मांझी, उमा देवी, तिला देवी, रतनी देवी आदि उपस्थित थे।

## साइबर अपराधी ने खाते से निकाले 99 हजार रुपये

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** ऑनलाइन फ्रॉड करने वाले शातिर लोग कभी लालच तो कभी अकाउंट मेंटेनेंस के नाम पर लोगों को बेवकूफ बनाते हैं। ऐसा ही एक मामला रामगढ़ थाना क्षेत्र के छतरमांडू गांव से भी सामने आया है। यहां एक युवती को आइसीआइसीआइ बैंक के नाम पर बड़ा चूना लगाया गया है। छतर मांडू की रहने वाली जूही रानी पिता अनिल कुमार कुशवाहा को ऑनलाइन फ्रॉड करने वालों ने एक लाख रुपए का चूना लगा दिया है। इस मामले में जूही ने रामगढ़ थाने में शिकायत दर्ज कराई है। जूही रानी ने पुलिस को बताया कि फोन करने वाली महिला ने अपना नाम आराध्या बताया था। उसने यह भी कहा कि वह आइसीआइसीआइ बैंक से बोल रही है। आराध्या ने जूही को यह बताया कि अगर वह क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल नहीं करती है तो उसे 12 अगस्त से मेंटेनेंस चार्ज देना पड़ेगा। यह उसके खाते से कटेगा। अगर वह अपना क्रेडिट कार्ड बंद करवाना चाहती है तो उसके रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर आए ओटीपी उसके साथ शेयर करना पड़ेगा। जूही ने जैसे ही ओटीपी शेयर किया, उसके अकाउंट से 99275 रुपये कट गये। उसके मोबाइल पर जैसे ही इतनी मोटी रकम निकलने का मैसेज आया वह हैरान हो गई। साइबर क्रिमिनल्स के खिलाफ रामगढ़ पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और इसकी छानबीन की शुरू हो गई है।

## राष्ट्रीय कोयला मजदूर यूनियन की हुई एजेंडा मीटिंग

**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय कोयला मजदूर यूनियन द्वारा पूर्व में सौंपे गये मांग-पत्र के आलोक में गुरूवार को क्षेत्रीय कर्मशाला (ब) रिभर साईड भुरकुंडा में गुरूवार को प्रबंधन के साथ यूनियन की एजेंडा मीटिंग हुई। बैठक में यूनियन के नेताओं ने परियोजना पदाधिकारी क्षेत्रीय कर्मशाला (ब) भुरकुंडा के मजहर के समक्ष विभिन्न समस्याओं को रखा। साथ ही समस्याओं के निदान को लेकर क्रमवार चर्चा की गयी। इसमें क्षेत्रीय कर्मशाला के चाहरदीवारी को अतिशीघ्र मरम्मत कराने, क्षेत्रीय कर्मशाला के कार्यालय और शॉप में टेबल कुर्सी की व्यवस्था करने व नाली की सफाई और ब्लीचिंग का छिड़काव कराने, हर माह छोड़ दिये जाने वाले मजदूरों की छुट्टी पर अविलंब कार्रवाई करने, एक शौचालय और यूनियन कार्यालय का निर्माण कराने, क्षेत्रीय कर्मशाला में कार्यरत बाबुओं के काम को बैलेंस करने व कैन्टीन की व्यवस्था करने, कर्मशाला का शेड का जो काम कराया गया है उससे पानी गिर रहा है। आदि इन समस्याओं पर प्रबंधन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए इसके समाधान की मांग की। मौके पर परियोजना पदाधिकारी मजहर साहब ने सभी मांगों पर सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया। बैठक में यूनियन की ओर से क्षेत्रीय सचिव देवेन्द्र कुमार सिंह, एसएन प्रसाद, विमल बिहारी श्रीवास्तव, शशि भूषण सिंह, अरूण कुमार, वशिष्टमुनि विश्वकर्मा, बिन्दु, राजकुमार, सुनील, गोविन्द, लालजी राम, एनडी घोष, सोमनाथ, अजय कुमार, कांति देवी आदि मौजूद थें।

## ब्रह्माकुमारी संस्था समाज में आध्यात्मिकता का अलख जगा रही है: महेश पोवरेल

**पतरातू (आजाद सिपाही)।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी इश्वरीय विश्वविद्यालय राजयोग मेडिटेशन पतरातू सेवाकेंद्र द्वारा पवित्र माह सावन में सात दिवसीय कार्यक्रम के अंतिम दिन भी सीआइएसएफ परिसर पतरातू में जवानों के बीच दिव्य इश्वरीय रक्षाबंधन और राजयोग मेडिटेशन कार्यक्रम चलाया गया। इस दौरान सीआइएसएफ के भ्राता महेश पोवरेल को ब्रह्माकुमारी रोशनी ने इश्वरीय रक्षासूत्र बांध कर लंबी उम्र वा सुखद जीवन की बाबा भेलेनाथ से मंगल कामना की। आगे उन्होंने कहा कि आप सभी देश की रक्षा में सदा तत्पर है परमात्मा भोलेनाथ आप सभी सदा शक्ति और वरदान देते रहेंगे। केवल सर्व शक्तिमान परमात्मा की याद में रहकर देश रक्षा करते रहे। उन्होने संस्था का अतरराष्ट्रीय मुख्यालय माउंट आबू में होने वाले ग्लोबल समिट 22-26 सितंबर में जाने का निवेदन किया।

### स्वास्थ्य व्यवस्था सुदृढ़ करने को लेकर डीसी ने की बैठक

# डीएमएफटी के तहत चिकित्सकों और कर्मियों की होगी नियुक्ति: चंदन कुमार

**आयुष्मान स्वास्थ्य सुविधाएं होंगी और भी बेहतर, डीसी ने दिया समिति गठित करने का निर्देश**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने के मद्देनजर गुरुवार को डीसी चंदन कुमार ने बैठक की। बैठक में सिविल सर्जन डॉ महालक्ष्मी प्रसाद के द्वारा डीएमएफटी के न्यास परिषद के अनुमोदन के उपरांत जिला अंतर्गत सदर अस्पताल सहित अन्य स्वास्थ्य केंद्रों में डीएमएफटी के तहत चिकित्सकों व स्वास्थ्य कर्मियों की नियुक्ति को लेकर तैयार किये गये प्रस्ताव की जानकारी दी। तैयार प्रस्ताव के अनुसार डीएमएफटी के तहत जिले में 1 रेडियोलॉजिस्ट, 2 एनेस्थेटिक, 1 पैथोलॉजिस्ट, 3 मेडिकल ऑफिसर, 2 फार्मासिस्ट, 15 स्टाफ नर्स, 11 लैब टेक्नीशियन, 20 एएनएम, 3 एसटीएस, 1 काउंसलर, 1 ईसीजी टेक्नीशियन, 2 रेडियोग्राफर (एक्स-रे टेक्निशियन), 3 ओटी असिस्टेंट, 8 ड्रेसर, 2 कंप्यूटर ऑपरेटर, 6 वार्ड बॉय और 7 स्वीपरों की नियुक्ति की जायेगी। सिविल सर्जन द्वारा इस संबंध में उपायुक्त को जानकारी दी गयी कि उपरोक्त पदों पर नियुक्ति हेतु एनएचएम से रोस्टर क्लियर कराने का कार्य पूर्ण कर लिया गया है।

**स्वास्थ्य कर्मियों की नियुक्ति प्रक्रिया को योजनाबद्ध तरीके से ससमय करे पूर्ण:** बैठक में डिसी ने विभिन्न पदों पर चिकित्सकों व स्वास्थ्य कर्मियों की नियुक्ति प्रक्रिया को योजनाबद्ध तरीके से ससमय पूर्ण करने का निर्देश दिया। विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति हेतु राज्य स्तरीय चिकित्सा संस्थानों से समनवय कर टीम गठित करने और उनके माध्यम से ही विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति प्रक्रिया पूर्ण करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने सिविल सर्जन से वर्तमान में जिले में कार्यरत आयुष्मान मित्रों की जानकारी ली। आयुष्मान सुविधाओं को और भी बेहतर करने के उद्देश्य से उपायुक्त ने निर्देश दिया कि आयुष्मान मित्रों से केवल आयुष्मान संबंधित कार्य ही लिए जायें। साथ ही चिकित्सकों को प्रेरित कर ज्यादा से ज्यादा लाभुकों को आयुष्मान का लाभ दिया जाये। मौके पर उपायुक्त ने सिविल सर्जन, उपाधीक्षक सदर अस्पताल, रामगढ़ और डीपीएम एनएचएम को योजनाबद्ध तरीके से कार्य करते हुए सितंबर के पहले सप्ताह तक सदर अस्पताल सहित जिले के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में आयुष्मान मित्रों की रिक्तियों का आकलन करने और जिले में व्यवस्थित तरीके से मरीजों को आयुष्मान का लाभ देने हेतु प्रस्ताव तैयार कर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। साथ ही उपायुक्त ने जिला मलेरिया पदाधिकारी से वर्तमान में बरसात के मौसम के मद्देनजर मलेरिया व डेंगू संबंधित बीमारियों से बचाव हेतु किये जा रहे कार्यों की जानकारी लेते हुए लोगों को इन बीमारियों से बचाव हेतु जागरूक करने सहित अन्य आवश्यक निर्देश दिया।

# इटखोरी में युवक की गला रेत कर हत्या

आजाद सिपाही संवाददाता



**चतरा।** इटखोरी मुख्य बाजार स्थित मिडिल स्कूल के समीप मनोज पासवान के होटल में एक युवक की गला रेत कर और पीठ में चाकू गोद कर हत्या कर दिया गया। मृतक की पहचान सदर प्रखंड के सिकिद पंचायत के दुधौरी गांव के रहने वाले राजदेव उपाध्याय का 45 वर्षीय पुत्र शालिग्राम उपाध्याय के रूप में हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही इटखोरी के पुलिस इंस्पेक्टर शिव प्रकाश और थाना प्रभारी विनोद कुमार ने घटना स्थल पर पहुंचकर घटना की जानकारी लिया और इस घटना की सूचना मृतक के परिजनों को दिया। घटनास्थल से मृतक की मोटरसाइकिल और शराब की बोतल और कुछ खाली गिलास भी बरामद किया गया। सुचना मिलते ही परिजन इटखोरी पहुंचे। परिजनों ने पुलिस को बताया कि मृतक का ससुराल सदर थाना क्षेत्र के उंटा गांव में है। मृतक गिट्टी पत्थर खरीदने के लिए आया था और वह बुधवार शाम 5:00 बजे ससुराल से निकला था। गुरुवार को सुबह पुलिस के द्वारा उसकी हत्या की जानकारी दी गयी। घटना के कारण की जानकारी अभी तक स्पष्ट नहीं हो पायी है। पुलिस शव को अपने कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। होटल मालिक मनोज पासवान का कहना है कि वह रात 8:00 बजे होटल बंद कर अपने घर चला गया था। इटखोरी पुलिस मामले की तहकीकात में जुटी है और अपराधियों के धर पकड़ के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इस घटना से इटखोरी में दशहत का माहौल है। परिजनों ने हत्यारे की अविलंब गिरफ्तार करने की मांग की है। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। स्थानीय लोगों का कहना है कि इटखोरी में शाम होते ही विभिन्न होटलों में शराबियों का जमावड़ा लगा रहता है।

# खोपड़िया बाबा हनुमान मंदिर में भव्य जागरण का आयोजन, उमड़ी भीड़

आजाद सिपाही संवाददाता





**भुरकुंडा।** भुरकुंडा बाजार खोपड़िया बाबा प्राचीन हनुमान मंदिर के जीर्णोद्धार और चंद्रयान तीन के सफलता पूर्वक चंद्रमा पर उतरने की खुशी में बुधवार की रात्रि मंदिर प्रांगण में भव्य श्री हनुमंत जागरण का आयोजन किया गया। जागरण का शुभारंभ अखंड ज्योत प्रज्वलित कर और पूजा-अर्चना के साथ हुआ। जागरण में बीएमजी जागरण मंडली के कलाकारों ने पूरी रात भक्ति गीतो से समां बांधे रखा। गायक पवन दांगी, विनय मिश्रा, कमल बगाड़िया, ध्रुव सिंह, गायिका पायल भगवाधारी, जुगनू जोगी, प्रदीप, कृष्णा बिहारी द्वारा एक से बढ़कर एक भक्ति गीतो की प्रस्तुति दी गयी। जागरण में हे दुखभंजन मारूती नंदन सुनलो मेरी पुकार, राम पर जब-जब बिपदा आयी कौन बना रखवाला, मेरा बजरंग बाला आदि भक्ति गीतो से आयोजन स्थल जय श्री राम, जय हनुमान के जयकारो से गूंज उठा। इस दौरान भारत माता की जय, वंदे मातरम के जयकारे भी गूंजते रहे। जागरण में वाद्य यंत्रो पर संजीत, गोलू, सोनू, विशाल ने सहयोग किया। मौके पर पूर्व मुखिया प्रदीप मांझी, प्राचार्य विजयंत कुमार, जगतार सिंह, सतीश मोहन मिश्रा, परमजीत सिंह धामी, विजय बंसल, गुलाब मिश्रा, अजय गुप्ता, संजय अग्रवाल, विश्वरंजन सिन्हा, अशोक सोनी, युगल किशोर पांडेय, जयप्रकाश सिंह, नंदकिशोर पांडेय, राजू पांडेय, रोबिन मुखर्जी, सुदर्शन प्रसाद, लालमुनी ठाकुर, राजेन्द्र सिंह, सुरेंद्र यादव, दिनेश प्रसाद, अजय मिश्रा आदि मौजूद थे। जागरण को सफल बनाने मे संतोष अग्रवाल, योगेश दांगी, राजेन्द्र सिंह, बाबूलाल नायक, नरेश साव, अशोक साव, अभिषेक मिश्रा, अजय रजक, नंदकिशोर मिश्रा, बिल्लू अग्रवाल, प्रेम कुमार साहु, संतोष मिश्रा, प्रेम विश्वकर्मा, बृजनंदन दास, राजेंद्र रोशन, अमित शर्मा, रूपेश दुबे, नंदे राम, विनोद शर्मा, बंटी, कुल्लू मिश्रा, कृष्णा यादव, अन्नु राम आदि ने योगदान दिया।

**चंद्रयान की सॉफ्ट लैंडिंग भारतवासियों के लिए गर्व की बात: निशि पांडेय**

जागरण में शामिल अतिथि क्षेत्र की सामाजसेवी निशि पांडेय ने कहा कि आज बहुत खुशी का माहौल है कि चंद्रमा पर चंद्रयान की सफलता पूर्वक साफ्ट लैंडिंग हुई है। यह देश और सभी भारतवासियो के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि जागरण में भक्ति गीतो से उर्जा का संचार होता है।

**हनुमान मंदिर का जीर्णोद्धार बेहतरीन ढंग से हुआ है: योगेन्द्र साव**

जागरण में शामिल अतिथि पूर्व कृषि मंत्री योगेन्द्र साव ने कहा कि प्राचीन हनुमान मंदिर का जीर्णोद्धार बहुत बेहतरीन ढंग से हुआ है। मंदिर और मंदिर के अंदर स्थापित हनुमान जी की प्रतिमा मनमोहक है। उन्होंने कहा कि भक्ति जागरण ने वातावरण को और भक्तिमय बना दिया है।

# बाइक चोर गिरोह के दो सदस्य गिरफ्तार, दो बाइक बरामद

**सीसीटीवी फुटेज से हुई थी चोरों की पहचान, टेंपो से रेकी करता था मो सैफ**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** रामगढ़ जिले में बाइक चोर गिरोह पर नकेल करने के लिए पुलिस ने कमर कस ली है। चोर रामगढ़ जिले के हों या फिर दूसरे जिले के, सभी को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस ने न सिर्फ चार डाला है, बल्कि दो शातिर चोरों को गिरफ्तार भी कर लिया है। रामगढ़ थाना प्रभारी रोहित कुमार ने गुरुवार को बताया कि बाइक चोर गिरोह के दो शातिर चोर मो. सैफ और मो. हुसैन उर्फ बिट्टू को गिरफ्तार किया गया है। दोनों चोर कुजू ओपी क्षेत्र के रहने वाले हैं। उनकी निशानदेही पर चोरी हुए दो मोटरसाइकिल को भी बरामद किया गया है।

**सीसीटीवी फुटेज से हुई थी चोरों की पहचान:** थाना प्रभारी रोहित महतो ने बताया कि चोरों की पहचान सीसीटीवी फुटेज के आधार पर हुई थी। उन्होंने बताया कि रामगढ़ शहर के सौदागर मोहल्ला निवासी अजय कुमार गोयनका की मोटरसाइकिल 10 अगस्त को राधा गोविंद कॉलेज, जारा टोला से चोरी हुई थी। जब चोरों की पहचान के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाल गया तो पता चला की घटना के दिन एक टेंपो जेएच 24 एफ 4608 पर सवार दो व्यक्ति वहां आये थे और कॉलेज के आगे पीछे घूम कर रेकी कर रहे थे। टेंपो को कॉलेज गेट के किनारे खड़ा कर दिया गया था ओर मौके का फायदा उठाते हुए मोटरसाइकिल का लॉक तोड़ कर उसे चुरा लिया गया। जब उसे टेंपो को पकड़ा गया तो उसके चालक मो सैफ ने पूरी कहानी बयां की। सैफ ने पुलिस को बताया कि उसने और उसके साथी मो हुसैन उर्फ बिट्टू ने मिलकर बाइक की चोरी की थी। इसके अलावा उसने एक अन्य बाइक की चोरी की घटना में अपनी संलिप्तता को स्वीकार किया। उसके निशानदेही पर बिट्टू को भी गिरफ्तार किया गया। साथ ही चोरी की गयी मोटरसाइकिल को बरामद कर लिया गया।

### हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा की कुजू में प्रेस वार्ता

# इसरो ने विश्व में रचा इतिहास: जयंत सिन्हा



आजाद सिपाही संवाददाता

**कुजू।** भारतीय चंद्रयान -3 का चंद्रमा पर सफल लैंडिंग व ऐतिहासिक क्षण के लिए इसरो की टीम व पीएम नरेंद्र मोदी धन्यवाद के पात्र हैं। भारत के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि है, जो पहले कभी नहीं हुआ। चंद्रमा के दक्षिण पोल पर पहला भारतीय लूनर है, जो अपने लूनर को सफल लैंडिंग कर पूरे विश्व में इतिहास रचा है। इससे पहले किसी देश ने ऐसा कर पाया है। भारतीय इसरो के काबिल इंजीनियरों व वैज्ञानिकों की बदौलत हम सभी भारतीय गौरवान्वित हैं। चांद के बाद अब सूरज की बारी है, भारतीय स्पेस मिशन पूरे विश्व में अतुल्य व अकल्पनीय है। उक्त बातें हजारीबाग भाजपा सांसद जयंत सिन्हा ने मरार स्थित भाजपा समर्पित कार्यकर्ता दिनेश प्रसाद के आवास पर प्रेस वार्ता के दौरान कही। उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में भारत सुपर पावर बनने को अग्रसर है। हजारीबाग व रामगढ़ वासियो की तरफ से पीएम नरेंद्र मोदी और इसरो टीम को कोटि-कोटि बधाईयां। सांसद जयंत सिंह ने वोटर चेतना अभियान के तहत वोटरों को जागरूक करने, अपने मताधिकार का प्रयोग करने का उद्देश्य मीडिया के माध्यम से बताया है। उन्होंने 18 प्लस उम्र के युवाओं को फॉर्म 6 से रजिस्ट्रेशन कराकर वोटर बने, फार्म 7 से डिलीट करने, फार्म 8 से बूथ परिवर्तन करने, बूथ पर फेरबदल समेत कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी। उन्होंने कहा कि एनटीपीसी, वंदे भारत ट्रेन, मेडिकल जैसे बड़ी योजनाए सांसद के दायरे में आते हैं। आज क्षेत्र में वंदे भारत, एनटीपीसी, मेडिकल जैसे योजनाएं धरातल पर है। आने वाले 12 सितंबर से गिरिडीह से रांची के लिए इंटरसिटी एक्सप्रेस का परिचालन किया जायेगा। जो यात्रियों के लिए बस के कम खर्चे में सफर करने में सहायक सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि डीएमएफटी फंड से ट्रामा सेंटर रामगढ़ में 80 चिकित्सक व स्वास्थ्य कर्मी का जल्द बहाली की प्रक्रिया का प्रयास किया जा रहा है। इससे पूर्व, दिनेश प्रसाद की पत्नी नीलम प्रसाद ने सांसद जयंत सिन्हा का बुके भेंट कर स्वागत किया। इधर, सांसद श्री सिन्हा ने सेवटा रेलवे फाटक मामले में रेलवे ओवरब्रिज की मांग करते हुए फाटक का निरीक्षण किया। कहा कि रेलवे फाटक मार्ग से 25 पंचायत के लोग जुड़े हैं। इस मामले को लेकर डीआरएम, जीएम व डीसी को आवेदन के माध्यम से अवगत कराया जायेगा। प्रेस वार्ता के दौरान जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता, उपाध्यक्ष राजू चतुवेर्दी, प्रकाश मिश्रा, नारायण चंद्र भौमिक, उमेश प्रसाद, छोटन सिंह, सत्यजीत चौधरी, राजीव रंजन प्रसाद, संजय शाह, सुनील प्रसाद साहू मौजूद रहे।

## डीएवी स्कूल में मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन



**बरकाकाना (आजाद सिपाही)।** डीएवी बरकाकाना ने पहली बार वरीय वर्ग के बालकों के लिए मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन किया। प्रतियोगिता में वर्ग नवम से द्वादश के बालकों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के दौरान बच्चों का उत्साह देखकर ऐसा लगा कि बच्चे पारंपरिक सोंच को छोड़कर कला की भावना से प्रेरित होकर अपने सर्वांगिण विकास का कोई भी अवसर नहीं छोड़ते। प्रतियोगिता में 142 लड़कों ने भाग लेकर स्वयं के हाथ पर मेंहदी लगाई जो एक चुनौतिपूर्ण कार्य होता है, उनकी प्रस्तुति को देखकर ऐसा लगा कि किसी पेशेवर व्यक्ति ने अपने कार्य को संपादित किया है। प्रतियोगिता के परिणाम में वर्ग दशम के रौनक को प्रथम स्थान, आयुष गौरव को द्वितीय, वर्ग दशम के ही आदित्य मोदी और वर्ग द्वादश के हर्ष कुमार को संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में उपस्थित विद्यालय प्राचार्या सह क्षेत्रीय अधिकारी डॉ उर्मिला सिंह ने कहा कि हमारा विद्यालय सहशिक्षा संबंधित विद्यालय है, जिसका उद्देश्य बालक और बालिकाओं का समन्वित विकास हो। सहशिक्षा को बढ़ावा देने के खयाल से लड़कों की मेंहदी प्रतियोगिता आयोजित करवाई जिसमें बच्चों का उत्साह देखते बना।

## श्री कृष्ण विद्या मंदिर के बच्चों ने दिखाया जौहर



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** श्री कृष्ण विद्या मंदिर के प्रांगण में अंतरिक्ष जगत में कामयाबी का परचम लहराने वाले चंद्रयांन -3 के प्रतीकात्मक मॉडल का सफल प्रतिकात्मक संचालन करके विद्यार्थियों को दिखाया गया। चंद्रयान-3 और विक्रम लैंडर और प्रज्ञान रोवर तथा चंद्रमा की सतह बनाने में विद्यालय के विज्ञान संकाय के छात्र-छात्राओं ने काफी परिश्रम कर चंद्रयान-3 की प्रतिक्रिति तैयार की। इस मॉडल को विद्यालय भवन की तीसरी मंजिल से प्रांगण में बने कृत्रिम चंद्रमा की सतह पर बड़ी ही कुशलता पूर्वक उतारा गया। यह दिखाने की सफल कोशिश की गई कि किस प्रकार विगत 23 अगस्त को भारत ने चांद पर अपना चंद्रयान-3 उतारा था। मॉडल को बनाने में विद्यालय के शिक्षक विक्रम सिंह का प्रमुख योगदान रहा। उनका साथ कक्षा दसवीं के छात्रो ने दिया। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष आनंद अग्रवाल (अधिवक्ता) ने सचिव विमल किशोर जाजू, संयुक्त सचिव अशोक अग्रवाल, कोषाध्यक्ष रमेश अग्रवाल, कृष्ण विकास संस्थान के अध्यक्ष महेश रानीलिया, निर्मला अग्रवाल, पिंकी अग्रवाल सहित विद्यालय के सभी विद्यार्थियों तथा शिक्षकों को इस सुंदर प्रस्तुति के लिए बधाई दी। साथ ही देश का गौरव बढ़ाने वाले अंतरिक्ष मिशन के वैज्ञानिकों का अभिनंदन किया। विद्यालय अध्यक्ष ने बच्चों के इस प्रयास की सराहना करते हुए उन्हें विज्ञान जगत में नये-नये अनुसंधान करने की प्रेरणा दी।

**NOTICE**

The public in general is hereby informed that Sunita devi w/o Ajay kr gupta resident at Hazaribag is intending to create mortgage at State bank of India SME branch Hazaribag to secure the credit facilities availed by them. Details of property- (1) Deed no-8065 dated 25.05.1985 measuring 38 decimal (2) Deed no-8066 dated 25.05.1985 measuring 38 decimal, (3) Deed no-18391 dated 03/12/2004 measuring 62 decimals at- Mauza Nawada, P.S Katkamsandi, P.S NO-118 District & sub registrar office –Hazaribag. Any person having any rights, title, claim or interest in the above said property or any otherwise howsoever in respect of the same shall intimate objection in writing to the undersigned with or else any such claims by anyone shall not be considered and shall deemed to have waived and/ or abandoned. And my client shall proceed to conclude the negotiations and in claims shall be entertained thereafter late/closed.

Place:- Hazaribagh.
S/d
Advocate-A.K Gupta
Address:- Boddom Bazar-
Phone-6204877148

# इनक्रेडिबल इंडिया

चंद्रयान-3 की चांद पर सफल सॉफ्ट लैंडिंग कर भारत ने इतिहास तो रच दिया है। इसरो को, इस मिशन में लगी पूरी टीम को ही नहीं देश की पूरी वैज्ञानिक बिरादरी को इसके लिए जितनी बधाई दी जाये कम है। यह वास्तव में देश की उस वैज्ञानिक चेतना और सूक्ष्म दृष्टि का कमाल है, जो तमाम बाधाओं के बावजूद पिछले 61 साल से हमारा अंतरिक्ष कार्यक्रम आगे बढ़ता रहा है। हमने पहले चांद पर पानी खोजा और अब चांद के दूसरे सिरे पर भी पहुंच गये। निश्चित रूप से यह एक ऐतिहासिक उपलब्धि है और अंतरिक्ष अनुसंधान के अगले चरण में इसका फायदा पूरी दुनिया को मिलेगा। इस मौके पर अपनी इस असाधारण, अभूतपूर्व उपलब्धि पर गर्व करते हुए उन बाधाओं पर भी एक नजर डाल लेना उचित होगा, जिनके बावजूद हमने यह लक्ष्य हासिल किया और जिनके हटने से आगे हमारी रफ्तार कई गुना तेज हो सकती है। इस लिहाज से पहला फैक्टर तो बजट ही दिखता है। हम अक्सर इस बात पर गर्व करते रहे हैं कि हमारे वैज्ञानिक कितने कम खर्च में शानदार काम कर रहे हैं। इस बार भी बताया जा रहा है कि चंद्रयान-3 को चांद पर पहुंचाने की लागत हॉलिवुड की हाल में रिलीज हुई फिल्मों- ओपनहाइमर और बार्बी- से कितनी कम है। लेकिन यह नहीं सोचते कि आखिर कम से कम खर्च में काम चलाने की मजबूरी हमारे वैज्ञानिकों की संभावना को कितना प्रभावित करती होगी।

**इसरो की कमाई का मुख्य जरिया इसके सैटलाइट लॉन्चर्स हैं। जुलाई 2023 तक इसरो ने 36 देशों के 431 सैटेलाइट लॉन्च किये हैं। जुलाई 2022 तक विदेशी सैटेलाइट की लॉन्चिंग से इसरो को कुल 22.3 करोड़ डॉलर की कमाई हुई है।**

2023-24 में स्पेस एक्टिविटीज के लिए आवंटित बजट 12,544 करोड़ रुपये है, जो पिछले साल यानी 2022-23 के मुकाबले 8 फीसदी कम है। ध्यान रहे, इसरो की कमाई का मुख्य जरिया इसके सैटलाइट लॉन्चर्स हैं। जुलाई 2023 तक इसरो ने 36 देशों के 431 सैटेलाइट लॉन्च किये हैं। जुलाई 2022 तक विदेशी सैटेलाइट की लॉन्चिंग से इसरो को कुल 22.3 करोड़ डॉलर की कमाई हुई है। वह भी तब, जब भारत रॉकेट लॉन्च करने की क्षमता से लैस टॉप 10 देशों में शामिल है। आज की तारीख में ग्लोबल स्पेस इकॉनमी में भारत की हिस्सेदारी महज 2 फीसदी है। सरकार का लक्ष्य है कि दशक के अंत तक मार्केट के 9 फीसदी हिस्से पर कब्जा हो जाये। इस संदर्भ में एक कंसल्टिंग फर्म आर्थर डी लिट्ल का यह आकलन गौर करने लायक है कि मौजूदा रफ्तार से 2040 तक भारत की स्पेस इकॉनमी 40 अरब डॉलर की होगी। लेकिन संभावनाओं की बात की जाये, तो भारत में 2040 तक 100 अरब डॉलर की स्पेस इकॉनमी बनने की क्षमता है। जाहिर है, यही वक्त है जब इसरो को अपनी महत्वाकांक्षाओं को फिर से नापने की और सरकार को इस काम में उसकी हर संभव मदद करने की जरूरत है। ताजा उपलब्धि से इसरो की राह में अवसरों की लाइन लगनी तय है, अहम सवाल यह है कि क्या इसरो और भारत उन अवसरों का सही इस्तेमाल करने की स्थिति में होगा?

अभिमत
आजाद सिपाही

**नामधारी जी का जीवन 'सादा जीवन उच्च विचार' रहा है। ऐसे तो सिख थे वाणी पाठ करते ही थे, लेकिन श्री रामचरित्र मानस, महाभारत, बाइबिल और कुरान से परहेज भी नही थी। सामाजिक कुरीतियों, कन्याभ्रूण हत्या और फिजूलखर्ची को रोकने के लिए 19वीं शताब्दी के प्रारंभ में नामधारी पंथ के सद्गुरु राम सिंह से प्रभावित होकर 13 रुपये के खर्च (प्रति जोड़ी) में वैवाहिक जीवन में बंधे।**

## राजनेताओं और युवाओं के लिए मार्गदर्शिका है आत्मकथा: एक सिख नेता की दास्तान



**प्रो राज मोहन**

झारखंड प्रदेश के प्रथम विधानसभा अध्यक्ष, दूरदर्शी और जनप्रिय राजनेता इंदर सिंह नामधारी जी की आत्मकथा 'एक सिख नेता की दास्तान' वाणी प्रकाशन से आई है। पाकिस्तान के नॉशेरा में जन्मे, किंतु भारत (डालटनगंज)में कर्मस्थली बना कर एक जनता का सेवक और सामाजिक अभियंता के रूप में 80 वर्ष के व्यक्तिगत, परिवारिक और राजनीतिक कंटीले, संघर्ष और चुनौतिपूर्ण पूर्ण सफरनामे को बड़ें ही रोचक और सिलसिलेवार ढंग से आत्मकथा लिखा है। दरअसल आत्मकथा साहित्यकारों के साथ साथ खिलाड़ियों, व्यापारियों, राजनेताओं ने भी लिखा है। किंतु एक अहम कुर्सी पर आसीन कदावर नेता जिसने सिद्धान्त और नैतिकता से समझौता नहीं किया हो उसके लिए निष्पक्षता के साथ लिखना बड़ा ही जटिल कार्य है। खास कर ऐसे घड़ी में जब कई राजनेता भौतिक रूप से हो, जाति, धर्म, भीड़ हत्या, बलात्कार, दंगा और हिंदुत्व, राजनीति पार्टियां सिद्धांत विहीन और राजनेता का नैतिक पैमाना नहीं हो ऐसे समय में मानव धर्म, नैतिकता और मानवता का आत्मकथा के रूप में शुभ संदेश देने का बहुत ही अच्छा प्रयास है।

**समीक्ष्य पुस्तकः एक सिख नेता की दास्तान**
**लेखकः इंदर सिंह नामधारी**

भारत के पाकिस्तान बंटवारे के परिणाम स्वरुप हिंदू- मुस्लिम के दंगों में अस्तित्व रक्षा हेतु पूरे परिवार के साथ सात वर्ष की उम्र में बिहार (डालटनगंज) आ गये। इनकी प्राथमिक शिक्षा डालटनगंज में हुई। हिंदी, उर्दू और संस्कृत पर एकाधिकार होने के कारण साहित्य में गहरी अभिरुचि थी।

'पूत के पांव पालने में ही दिख पड़ते है' यह कहावत चरितार्थ हुई जब 8वीं कक्षा में स्वलिखित कविता वीर कुंवर सिंह पर लिखकर कविता पाठ किया, जबकि 10वीं कक्षा में ही आयुक्त के विदाई समारोह में संस्कृत में भाषण देकर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। विज्ञान के छात्र होने के बाद भी स्नातक प्रतिष्ठा विषय के रूप में अंग्रेजी या हिंदी से करने की प्रबल इच्छा थी, किंतु तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के युवाओं के एक संदेश - (नए भारत के मंदिर कारखाने होंगे और पुजारी इंजीनियर) से प्रभावित होकर इंजीनियरिंग की पढ़ाई के लिए बीआइटी, सिंदरी में नामांकन कराया।




नामधारी जी का जीवन 'सादा जीवन उच्च विचार' रहा है। ऐसे तो सिख थे वाणी पाठ करते ही थे, लेकिन श्री रामचरित्र मानस, महाभारत, बाइबिल और कुरान से परहेज भी नही थी। सामाजिक कुरीतियों, कन्याभ्रूण हत्या और फिजूलखर्ची को रोकने के लिए 19वीं शताब्दी के प्रारंभ में नामधारी पंथ के सद्गुरु राम सिंह से प्रभावित होकर 13 रुपये के खर्च (प्रति जोड़ी) में वैवाहिक जीवन में बंधे। नामधारी जी बड़ी ही स्पष्ट रूप से कहते है कि यह सादगीपूर्ण सामूहिक विवाह में भी विकृतियां आ गयी है, क्योंकि विवाह के पहले और बाद में पैसे की फिजूलखर्ची खूब होती है।

'पढ़े फारसी, बेचे तेल' कहावत चरितार्थ हुई। इंजीनियर बनने के बाद भी नियति कुछ और ही थी। असरदार श्लोगन के साथ राजनीतिक में प्रवेश किये।

ना ओहदे की लालच, न कुर्सी का प्यार।
बेदाग छबि माटी की मूरत, नामधारी पलामू की पहली जरूरत।।

निःस्वार्थ जन सेवा के दम पर विभिन्न राजनीतिक दलों से 6 बार विधायक, एक बार निर्दलीय सांसद के रूप में प्रतिनिधित्व और मंत्री पद पर कार्य करने का सुअवसर प्राप्त हुआ। यहां तक कि झारखंड विधानसभा के प्रथम अध्यक्ष पद तक शुशोभित किया।

जहां एक तरफ सभी एन केन प्रकारेण मंत्री बनने की हार्दिक इच्छा होती है, वही दूसरी ओर मंत्री बनने के बाद स्वतंत्र रूप से जनहित में कल्याणकारी कार्य नहीं कर पाने और कार्यों में हस्तक्षेप किए जाने पर नैतिकता के आधार पर पद से इस्तीफा देना ज्यादा अच्छा समझा। उन्होंने आत्मकथा में लिखते है-ऐसा जो मैं जानता, यही मंत्री सुख होय।
नगर ढ़िढोरा पीटता, मंत्री न बनियों कोय।
मंत्री न बनियों कोय, जलन की है यह ज्वाला।
कांटो से भरी पड़ी है, यह फूलों की माला।।

इनकी मनसा ऐसी थी कि यदि शिक्षा मंत्रालय मिलता तो बिहार को बीमारू राज्य के कलंक से मुक्ति दिलाने के लिए अपनी ऊर्जा, ज्ञान और अनुभव को अधिकतम उपयोग करता, किंतु मनसा पूरी नही हुई।

मैं ऐसा मानता हूं कि जब समाज में आदर्श वादी और सिद्धांतवादी नेतृत्वकर्ता का अभाव हो जाये। नेतृत्वकर्ता का चरित्रक पतन, भौतिक संपदा जमा करने की नशा और निःस्वार्थ जन सेवा की मानस खत्म हो जाये तो बिना समय गवाएं अधिक से अधिक पढ़े -लिखे, आदर्शवादी और सिद्धांतवादी युवाओं को राष्ट्र सेवा और जन सेवा के लिए राज्यहित में राजनीति में आना ही चाहिए।

नामधारी जी असमय मृत्यु को कई बार मात देकर आज हम सभी के बीच है। जिसकी प्रसंग बड़ी ही रोचक ढंग से लिखी है। स्वलिखित आत्मकथा में भारत में आपातकाल के समय जेल की खट्टी-मीठी यादों में नामधारी जी लिखते है कि वहां विभिन्न प्रकार के मनोवृत्ति या विचारधारा वाले लोगों से मिलने और उनके बारे में जानने का मौका मिला। जिसमें कुछ के आत्मबल गिरते हुए देखा वहीं के दूसरे और आनंदमार्ग के पूर्णकालिक जीवन त्यागी का अपने आदर्श के प्रति निष्ठा देख कर प्रभावित हुआ। अमेरिका जैसे भौतिक सुख सुविधा वाले देश में रहने का सुअवसर अपने धार्मिक गुरु के साथ प्राप्त हुआ, किंतु कर्मभूमि के प्रेम ने उन्हें पुनः खिंच लाया।

जननी जन्म भूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी॥

आत्मकथा में निष्पक्षता पूर्वक कटु सत्य को लिखने का साहस दिखायस है जिससे किताब की वैल्यू बढ़ गयी है। मेरा परिवार भी रुढ़िवादी विचारों से घिरा था, जहां उनकी धर्मपत्नी को पांच बेटियों के मां बनने पर महिलाएं ही शोक मनाती है। उन्हें कहने से विश्वास ही नहीं होता कि बेटी का जन्म हुआ है। प्रत्यक्ष प्रमाण देखकर ही विश्वास करती है यह यथार्थ सत्य है। संयुक्त परिवार की कठिनाइयों को भी बेबाकी से रखा है। राजनीति के कारण घर में प्रयाप्त समय नहीं दिए जाने पर राजनीतिक में पूरा सहयोग की विरोध या मनाही नही की। पत्नी मलविंदर कौर से क्षमा मांगते हुए कबूल किया है कि-

मैं हम सफर तो रहा,
लेकिन हमदर्द नहीं बन सका।

तथाकथित बहुचर्चित निर्मल बाबा (निर्मल दरवार 2011) की भविष्यवाणी से लेकर कई परिवारिक बिंदुओं पर पर कलम चलायी है, वही दूसरी और दूर दूरदर्शी होने के नाते राजनेताओं को भी नसीहत देते आये है। कई राजनीतिक राज को भी उजाकर कर सत्य को सत्य कहने की साहस दिखायी है।

आठ दशक बाद भी बड़ी ही बेककी से कहते है कि अगस्त 1947 में देश के बंटवारे के दृश्य मेरे दिमाग पर ऐसी छाप छोड़ गये थे कि घर बार छोड़ कर जाते हुए शरणार्थियों के हुजूम अक्सर सपनों में आ जाते।

आत्मकथा की भाषा शैली सरल है। कहीं कहीं उर्दू के शब्द, दोहा, कविता, संस्मरणों, उक्तियों, तीन दर्जनों से अधिक दुर्लभ फोटो, सुंदर छपाई, आकर्षक मुख्य पृष्ठ और अनकही बातें पाठकों को आकर्षित करती है। एक-दो बार नहीं बल्कि बार -बार पढ़ने की इच्छा बनी रहती है। ऐसा कोई जगह नहीं जहां से बड़ी आलोचना की जाये, किंतु विशेष ध्यान केंद्रित करने का बाद स्पष्ट होता है, कि नामधारी जी थोड़ा विस्मृत हुए है, क्योंकि डालटनगंज आने के बाद किराये का मकान (धाना मल्लाह) का जिक्र किया है, किन्तु इससे पहले किस घर में आश्रय लिए उनका और बचपन के मित्रों (डालटनगंज) का विवरण देने से चूक गये। वहीं दूसरी और आभार आगे के पन्नों में होना चाहिए था जबकि अंतिम पृष्ट में अंकित है। आभार अंतिम पृष्ट में लगाये जाने की गलती प्रकाशन से भी हो सकती है! यह किताब माता द्रोपदी देवी और पिता योध सिंह नामधारी को समर्पित है। किताब के त्रुटि सुधार एवं आगमन पर छोटी बेटी सुखदीप कौर (पत्रकार) के प्रति विशेष आभार प्रेषित है। जबकि राज्यसभा सांसद यह प्रभात खबर के वरिष्ठ संपादक हरिवंश ने भूमिका लिखी है। वाणी प्रकाशन, नयी दिल्ली से प्रकाशित 132 पृष्ठ की आत्मकथा आज के राजनेताओं और युवाओं के लिए मार्गदर्शिका है। इनके संघर्षपूर्ण जीवन, जाति, धर्म, संप्रदाय, क्षेत्र वाद से ऊपर उठकर अपने नैतिककर्तव्यों के निष्ठा पूर्वक निर्वहन के बाद प्रभावशाली बेदाग राजनीति युवाओं को प्रेरित करेगी। वहीं दूसरी ओर लघु फिल्म बनाने के लिए फिल्म निर्माताओं का ध्यान आकृष्ट करता है।


**(लेखक : असिस्टेंट प्रोफेसर, विभागाध्यक्ष समाजशास्त्र विभाग, गुलाबचंद प्रसाद अग्रवाल कॉलेज, सड़मा, छत्तरपुर (पलामू) झारखंड हैं।**


# जमशेदपुर की खबरें

### उपायुक्त ने प्रखंड सह अंचल कार्यालय राजनगर का किया औचक निरीक्षण

## योजनाओं के शत प्रतिशत लक्ष्य को पूर्ण करने के दिये निर्देश

**डीसी नें राजनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरिक्षण किया।**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**राजनगर।** सरायकेला खरसावां जिले के डीसी रवि शंकर शुक्ला ने प्रखंड सह अंचल कार्यालय राजनगर का औचक निरीक्षण किया। गुरुवार को निरीक्षण के दौरान कार्यालय का भ्रमण कर विभिन्न पंजीयो का जांच किया। मौके पर डीसी शुक्ला ने विभिन्न पदाधिकारी व कर्मियों के साथ बैठक कर प्रखंड स्तर पर संचालित विभिन्न योजनाओं की



कार्य प्रगति का समीक्षा की। साथ ही निर्धारित लक्ष्य को ससमय पूर्ण करने का निर्देश दी। डीसी ने क्षेत्रीय पदाधिकारी को योजनाओं का लंबित कार्यों मे प्रगति लाने का निदेश दिया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलधिकारी को संबंधित क्षेत्रीय पदाधिकारी के साथ प्रत्येक माह बैठक करने व संचालित योजनाओं की समीक्षा करनें का निदेश दिया। वही डीसी नें राजनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरिक्षण किया। केंद्र मे दवा की उपलब्धता, संस्थागत डिलीवरी, समान्य व इमरजेंसी वार्ड, एमटीसी का जायजा ली। मौके पर उपलब्ध संसाधनों से आमजनो को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने व योग्य लाभुकों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के लाभ प्रदान करने से संबंधित आवश्यक निर्देश दी।

## ठेका मजदूरों ने भुगतान के लिए उपश्रमायुक्त से गुहार लगायी, जल्द न्याय का मिला आश्वासन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** लौहनगरी जमशेदपुर व आसपास के क्षेत्र में सैकड़ो मजदूर ठेका कंपनी में कार्यरत है। लेकिन ठेका प्रबंधन के मनमानी के कारण मजदूरों का परेशानी बढ़ने लगी है। उधर सामाजिक सेवा संघ मजदूरो के हक व अधिकार दिलाने के लिए प्रयासरत है। उधर बीते दिनों टाटा मोटर्स कंपनी के काम करने वाले ठेका कंपनी में कार्यरत मजदूरों का फाईनल बेतन की भुगतान नहीं होने पर मजदूर काफी परेशान रहे। उन्होंने सामाजिक सेवा संघ के एक प्रतिनिधि मंडल के साथ डीएलसी से शिकायत की।



गुरुवार को सुनवाई के लिए डीएलसी कार्यालय में तिथि तय की गई थी। मौके पर ठेका प्रबंधन व मजदूर दोनों उपस्थित हुए। ठेका प्रबंधन ने अपना पक्ष रखते हुए कहा मजदूर फाईनल देने की तिथि तक ड्यूटी पर नहीं रहे। ठेकेदार के द्वारा फाइनल नहीं देने की स्थिति में सिर्फ चार साल तक ही ड्यूटी के रजिस्टर मेंटेन किया गया था। 5 साल से ऊपर रजिस्टर मेंटेन नही होने पर उन्हें फाइनल भुगतान करना नही चाह रहे थे। उधर मजदूरों ने लगातार 6 से 7 साल तक ड्यूटी पर रहने की बात पर डेट रहे। बैठक में उपश्रमायुक्त ने अगली तिथि में काम करने का प्रमाण के साथ उपस्थित होने का निर्देश दिया। वही अगली तिथि में बैंक डिटेल्स के साथ उसकी प्रतिलिपि व सभी प्रमाण के साथ उपस्थित होने की बात कही। इस अवसर पर समाजिक सेवा संघ के अध्यक्ष सह मजदूर नेता राजेश सामंत, झारखंड विधानसभा अध्यक्ष के मेडिकल प्रतिनिधि राजकुमार महतो, हिंद मजदूर सभा जिला अध्यक्ष अमित दास, सुधाकर लोहार, राजेश मुंडा, छोटे सरदार, मनोज विश्राम, सुभाष भदूक, दीपांकर दूले, अमन कुमार दास मौजूद रहे।

## पीरियड्स अभियान पहुंचा बिरसानगर साई सरस्वती इंग्लिश स्कूल, छात्राओं के बीच 375 में स्टूपीडिया कॉमिक का वितरण

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** शहर की सामाजिक संस्था नाम्या स्माइल फाउंडेशन व रोटरेक्ट क्लब ऑफ स्टील सिटी के संयुक्त तत्वावधान में जोहार पीरियड्स अभियान बिरसानगर के साई सरस्वती इंग्लिश स्कूल पहुंची। गुरुवार को संस्था के द्वारा बिरसानगर के साई सरस्वती इंग्लिश स्कूल में एक बार फिर लड़कियों



को पीरियड वर्कशॉप के माध्यम से शिक्षित करने का प्रयास किया गया। जिसमें 375 से अधिक छात्राओं ने सक्रिय रूप से भाग लिया। जोहार पीरियड्स अभियान के तहत स्कूल की छात्राओं के बीच माहवारी की प्रक्रिया को आसानी से समझाने वाली मेंस्ट्रूपीडिया कॉमिक बुक का वितरण किया गया।

उन्होंने कहा समाज में आज भी माहवारी पर बात करना उतना सहज नहीं हो पाता। इसी को ध्यान में रखकर मेंस्ट्रूपीडिया के साथ नाम्या स्माइल फाऊंडेशन हाथ मिलाकर काम कर रही है। वर्कशॉप के दौरान संस्था के सदस्य रेशू रंजन एवं प्रथमा बोस ने मेंस्ट्रूपीडिया कॉमिक बुक एवं जोहार पीरियड्स वीडियो के माध्यम से छात्राओं को माहवारी और उससे जुड़े सभी विषयों पर विस्तृत जानकारी दी। संस्था के संस्थापक सह पूर्व विधायक कुणाल षाड़गी ने कहा माहवारी में आज भी समाज में लोग खुल कर बात करने को तैयार नहीं। अब बदलाव की जरूरत है। इस बदलाव की शुरूआत माहवारी के प्रति बच्चियों को शिक्षित व जागरूक करके ही की जा सकती है।

## पुलिस ने हत्या के आरोपी को किया गिरफ्तार, घटना में प्रयुक्त टांगी जब्त



**सरायकेला।** सरायकेला खरसांवा जिले के कुचाई पुलिस ने विक्षिप्त गुरबा मुंडा हत्याकांड के आरोपी मृतक 13 वर्षीय चमरू मुंडा के पिता बुधराम मुंडा को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त टांगी भी जब्त कर ली। बीते दिनों कुचाई थाना क्षेत्र के दलभंगा ओपी अंतर्गत सुदूरवर्ती गिलुआ गांव के टेंडर टोला में 30 वर्षीय विक्षिप्त गुरबा मुंडा ने गांव के ही बुधराम मुंडा के 13 वर्षीय पुत्र चमरू मुंडा की टांगी से काटकर हत्या कर दी थी। घटना के ठीक डेढ़ घंटे बाद बुधरा मुंडा ने विक्षिप्त गुरुवा मुंडा को टांगी से काटकर मौत के घाट उतार दिया था। गुरुवार की सुबह सुदूरवर्ती नक्सल प्रभावित क्षेत्र से पुलिस दोनों शवों को लेकर कुचाई थाना पहुंची। वहीं विक्षिप्त के हत्या के आरोप में पुलिस ने बुधराम मुंडा को हिरासत में लेकर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। साथ ही घटना में प्रयुक्त टांगी को भी बरामद कर लिया

## झारखंड क्षत्रिय महिला संघ का दो दिवसीय सावन मेमिम 2023 का उद्घाटन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** सावन महीना के अवसर पर बिष्टुपुर क्लब हाउस में झारखंड क्षत्रिय महिला संघ के द्वारा दो दिवसीय ₹सावन मेमिम 2023 का उद्घाटन किया गया। गुरुवार को आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम में सैकड़ो महिलाओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। मौके पर चंद्रयान की सफलता पर सभी क्षत्राणियों ने हर्ष व्यक्त करते हुई सभी वैज्ञानिकों को बधाई दी। कार्यक्रम के दौरान मेला, मिलन महोत्सव के साथ मोटिवेशनल टॉक का भी आयोजन





किया गया। गुरुवार को आयोजित कार्यक्रम को तीन सत्रों में संपन्न किया गया। उद्घाटन सत्र में झारखंड क्षत्रिय संघ अध्यक्ष शंभू नाथ सिंह,महिला संघ प्रभारी विमल सिंह, युवा संघ अध्यक्ष रणविजय सिंह, महिला संघ अध्यक्ष डॉ कविता परमार, महासचिव मंजू सिंह, संरक्षिका कंचन सिंह, सीता सिंह, आशा सिंह, पल्लवी सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुभारंभ की। स्वागत भाषण और विषय प्रवेश डॉ कविता परमार ने की। मौके पर शंभू सिंह ने महिला सशक्तिकरण की असल मतलब बताते हुए कहा महिलाओं को अपने परिवार व समाज के विकास के लिए किए गए संकल्प को पूरा करने के लिए अपनाई गई। सख्ती हीं असल मायने में सशक्तिकरण है। कंचन सिंह ने महिला संघ के गतिविधियों की प्रशंसा करते हुए आगे के लिए शुभकामना दी। वही अतिथियों ने महिलाओं के द्वारा लगाए गए मेला का शुभारंभ कर जमकर सराहना की। मौके पर क्षत्रिय महिलाएं जरूरत की सामग्रियों के साथ खाने की स्टॉल लगाने पर अतिथियों ने उनकी प्रसंसा की। वही दूसरे सत्र में जीवन संस्था की गुरप्रीत कौर ने मेंटल स्ट्रेस व उसके मैनेजमेंट पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बहुत छोटी छोटी उपायों के माध्यम से स्ट्रेस को कम करने का विधि बताया। तीसरे सत्र में सीतारामडेरा, सिदगोड़ा और बागबेड़ा इकाई द्वारा विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। जिसका सभी ने मिलकर आनंद उठाया।

## भाजपा का दो दिवसीय मतदाता चेतना महाअभियान आज, घर-घर जायेंगे कार्यकर्ता, करेंगे जागरूक

**जमशेदपुर।** मिशन 2024 की चुनावी तैयारी में भाजपा ने नए मतदाताओं को पार्टी से जोड़ने के लिए विशेष अभियान की शुरूआत करेगी। चलाने जा रही है। दो दिवसीय मतदाता चेतना महाअभियान 25 और 26 अगस्त को चलाया जाएगा।अभियान के माध्यम से 18 साल से ज्यादा उम्र के युवाओं का नाम वोटर लिस्ट में जुड़वाने का लक्ष्य रखा जाएगा। साथ ही युवाओं का वोटर आईडी कार्ड बनवाया जायेगा। जिन लोगों के नाम को लेकर वोटर लिस्ट में कोई त्रुटि है, उसे भी सुधार करवाया जाएगा। यह जानकारी भाजपा मीडिया प्रभारी प्रेम झा के द्वारा दी गयी।

कार्यक्रम : कौशल मेला सह मेगा युवा कैरियर मार्गदर्शन कार्यशाला और कंप्यूटर प्रशिक्षण केंद्र का मंत्री ने किया उद्घाटन

# प्रशिक्षित अभ्यर्थियों को ऑफर लेटर सौंपा

**प्रशिक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले संस्थान यूनिवर्सल आइडियल सेवा समिति एवं आईसेक्ट के प्रतिनिधि को प्रशस्ति पत्र देकर किया गया सम्मानित**





**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गढ़वा।** श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग झारखंड सरकार के तत्वावधान में जिला कौशल कार्यालय गढ़वा तथा जिला प्रशासन के संयुक्त प्रयास से जिले में कौशल मेला सह मेगा युवा कैरियर मार्गदर्शन कार्यशाला का आयोजन उत्सव गार्डेन, नवादा मोड़, गढ़वा में किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि, मंत्री, मिथिलेश कुमार ठाकुर, मुख्य प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजेश शरण सिंह, उपायुक्त शेखर जमुआर, पुलिस अधीक्षक अंजनी कुमार झा संग अन्य वरीय पदाधिकारी भी मौजूद रहे। मंत्री ने पदाधिकारियों संग संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में जिला कौशल बुकलेट का मंत्री श्री ठाकुर द्वारा अनावरण किया गया। मंच से जिला श्रम अधीक्षक एतवारी महतो द्वारा मुख्य अतिथि मंत्री समेत सभी विशिष्ट अतिथियों का स्वागत करते हुए स्वागत अभिभाषण दिया गया।

करियर काउंसलिंग कार्यक्रम में गढ़वा जिला के विभिन्न प्रखंडों से आए 10वीं 11वीं एवं 12वीं कक्षा के बच्चों से उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन के संयुक्त प्रयास से आज करियर काउंसलिंग का आयोजन किया गया है। करियर काउंसलिंग में मेडिकल, इंजीनियरिंग समेत अन्य प्रतियोगिता परीक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण जानकारी देने हेतु आज कई करियर काउंसलर एवं मोटिवेशनल स्पीकर को बुलाया गया है, जो बच्चों को उनके आगे की पढ़ाई करने एवं उसका चयन करने में सहयोग करेंगे। मंच से संबोधित करते हुए मंत्री ने कौशल मेला सह मेगा युवा करियर मार्गदर्शन कार्यशाला के उद्देश्यों की जानकारी देते हुए सभी बच्चों से इसका लाभ उठाने को कहा। मौके पर ही मंत्री द्वारा गढ़वा डीजे विद्यालय निशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ किया गया। राजकीय हरिजन मध्य विद्यालय रंका मोड़ गढ़वा में इस निशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण केंद्र का संचालन जिला प्रशासन के सहयोग से किया जाएगा। मंत्री ने प्रमंडल स्तर पर भी कौशल मेला सह मेगा युवा करियर मार्गदर्शन कार्यशाला के आयोजन की बात कही।

अभिभाषण के पश्चात जिला कौशल विभाग द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके अभ्यर्थियों को मंत्री द्वारा ऑफर लेटर दिया गया। मंच पर आमंत्रित कर सरिता कुमारी-आईसेक्ट, नेहा कुमारी-दक्षय एकैडम, सोनी कुमारी-यूनिवर्सल रमना, अमरजीत कुमार-यूनिवर्सल रमना, कमलेश कुमार-फेस सोसाइटी, आरती कुमारी-एक्सेल डेटा सर्विसेज भवनाथपुर को ऑफर लेटर प्रदान किया गया। साथ ही प्रशिक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले संस्थान यूनिवर्सल आइडियल सेवा समिति एवं आईसेक्ट के प्रतिनिधि को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिसके पश्चात ने कार्यशाला परिसर में कौशल केंद्रों के द्वारा लगाए गए प्रदर्शनी स्टॉल का भी निरीक्षण किया, इनमें मुख्य रूप से रजिस्ट्रेशन एवं क्वेरी, यूआईएसएएस गढ़वा, एक्सल डाटा सर्विसेज भवनाथपुर, फेस सोसाइटी सहिजना, यूआईएसएएस रमना, आइसेक्ट मेराल, दक्षय अकैडमी झलुआ, यूआईएसएएस रंका, जेआरएस टेक्नोलॉजी डंडई, जेएसएलपीएस, आरसेटी, कल्याण गुरुकुल जन शिक्षण संस्थान पीएम कौशल केंद्र श्री सोमेश्वर महादेव ट्रस्ट का स्टॉल लगाया गया। कार्यशाला में मंच संचालन शिवानी कुमारी द्वारा किया गया।

कार्यशाला में मुख्य प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजेश शरण सिंह, उपायुक्त शेखर जमुआर, पुलिस अधीक्षक अंजनी कुमार झा, वन प्रमंडल पदाधिकारी उत्तरी दिलीप कुमार यादव, वन प्रमंडल पदाधिकारी दक्षिणी शशि कुमार, जिला परिषद उपाध्यक्ष सत्यनारायण यादव, उप विकास आयुक्त राजेश कुमार राय, अनुमंडल पदाधिकारी गढ़वा राज महेश्वरम, जिला जन संपर्क पदाधिकारी साकेत कुमार पांडेय, जिला नियोजन पदाधिकारी, नीरज कुमार, जिला श्रम अधीक्षक, एतवारी महतो, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा, नीतीश कुमार निशांत उपस्थित थे।

# टेबल टेनिस प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन

**वन विभाग के सामुदायिक भवन में टेबल टेनिस का प्रशिक्षण केंद्र संचालित होगा**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गढ़वा।** जिला टेबल टेनिस संघ का वन विभाग के सामुदायिक भवन में प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन डीएफओ दिलीप कुमार यादव, प्रशिक्षु डीएफओ एबिन बेन्नी अब्राहम, संघ के संरक्षक अलखनाथ पांडे, अध्यक्ष मदन प्रसाद केशरी, सचिव आनंद सिन्हा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस मौके पर डीएफओ दिलीप कुमार यादव ने कहा कि गढ़वा जिला टेबल टेनिस संघ खेल को आगे बढ़ाने के लिए काफी काम कर रहा है और उनके प्रयास से जिले के 16 खिलाड़ी नेशनल खेल रहे हैं। टेबल टेनिस संघ और खिलाड़ियों का सपना ओलंपिक खेलने का है और उनके सपने को साकार करने के लिए उन्होंने खिलाड़ियों के अभ्यास के लिए सामुदायिक भवन को गढ़वा जिला टेबल टेनिस संघ को उपलब्ध कराया गया है। इस सामुदायिक भवन में टेबल टेनिस का प्रशिक्षण केंद्र संचालित होगा। उन्होंने खिलाड़ियों से कहा कि आप लोगों की जो भी समस्याएं होंगी उन्हें भी दूर किया जाएगा। डीएफओ एबीन बेन्नी अब्राहम ने कहा कि आप लोगों ने जिस मेहनत के साथ खेलकर आगे बढ़ रहे हैं उससे भी आगे बढ़कर देश के लिए नाम रौशन करना है। संघ के संरक्षक अलखनाथ पांडे ने कहा कि टेबल टेनिस के 16 खिलाड़ी नेशनल खेल रहे हैं और उन खिलाड़ियों को जगह की कमी थी। वन विभाग की ओर से टेबल टेनिस के खिलाड़ियों के अभ्यास के लिए भवन उपलब्ध कराया गया है। इसके लिए संघ उनका ऋणी है। संघ सामुदायिक भवन को बेहतर तरीके से रखेगा। अध्यक्ष मदन प्रसाद केशरी ने कहा कि टेबल टेनिस की खिलाड़ियों के लिए एक समुचित भवन की आवश्यकता थी। इसके लिए डीएफओ सर को बहुत-बहुत धन्यवाद। उपाध्यक्ष धनंजय सिंह ने कहा कि गढ़वा जिले में प्रतिभाओं की कमी नहीं है। सचिव आनंद सिन्हा ने कहा कि वन विभाग की ओर से दिए गए सामुदायिक भवन में टेबल टेनिस प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन किया गया है। उद्घाटन के साथ ही खिलाड़ियों का अभ्यास शुरू हो गया है। उन्होंने कहा कि जो भी लोग टेबल टेनिस खेलना चाहते हैं वे संघ में अपना रजिस्ट्रेशन करा लें। विशेष जानकारी के लिए संघ के कोषाध्यक्ष सह कोच कमलेश कुमार दुबे के मोबाईल नंबर 9304168422 पर संपर्क कर सकते हैं। धन्यवाद ज्ञापन संघ के उपाध्यक्ष अमित सिंह ने किया।

मौके पर उपाध्यक्ष सुशील केशरी, अशोक कुमार दुबे, नवनीत शुक्ला, अशोक विश्वकर्मा, आमोद पांडेय, नागेन्द्र चौधरी, राम प्रवेश तिवारी, आशुतोष रंजन, प्रणव शंकर झा, संजीत सिन्हा, आमोद पाण्डेय सहित काफी संख्या में खिलाड़ी शामिल थे।

## आरपी बिमला निकेतन में बच्चों को प्रोजेक्टर से चंद्रयान-3 की लैंडिंग की प्रक्रिया दिखायी गयी



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** चंद्रयान 3 की सफलता पर आरपी बिमला निकेतन विद्यालय फरठिया में बच्चों को प्रोजेक्टर के माध्यम से लैंडिंग की प्रक्रिया को शिक्षकों द्वारा बच्चों को दिखाया गया। साथ ही साथ बच्चों को लैंडिंग के चारों प्रक्रमों को विस्तार से बताया गया। बच्चों को यह भी बताया गया कि भारत चांद के दक्षिणी ध्रुव उतारने वाला पहला ऐसा देश बन गया है। इस अवसर पर बच्चों में बहुत ज्यादा उत्सुकता देखने को मिली। इस अवसर पर अनेक बच्चों ने पेंटिंग बनाए। साथ ही साथ बच्चों ने गायन एवं भाषण का भी कार्यक्रम किया। इस अवसर पर मनीष कुमार, शहीद राजा, शुभम कुमार, वारिस रजा, पूर्णिमा कुमारी, रुखसार खातून, सैला नीगर, रागिनी कुमारी, मन्नत, खुशनुमा परवीन, रौनक परवीन दाऊद रजा, आदि बच्चों ने उत्सुकता के साथ भाग लिया। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक अनिरुद्ध केसरी ने कहा कि बच्चे ही देश के भविष्य हैं और वह चंद्रयान तीन की कामयाबी पर काफी प्रसन्न हैं। उनके उत्साह से लगता है कि वह भी भविष्य में वैज्ञानिक सोच विकसित करते हुए आगे बढ़ेंगे। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों ने बच्चों को काफी बधाइयां दी।

## तीन विद्यालयों में मुखिया ने छात्र-छात्राओं के बीच किया बैग और पुस्तक का वितरण



**कांडी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत पतीला पंचायत के तीन विद्यालयों में पंचायत के युवा मुखिया अमित कुमार दुबे ने छात्र-छात्राओं के बीच बैग व पुस्तक का वितरण किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्राथमिक विद्यालय बेलहथ में 96, प्राथमिक विद्यालय पतीला में 110 व उत्क्रमित उच्च विद्यालय चोका में अध्यनरत कक्षा 1 से कक्षा 8 के छात्र-छात्राओं के बीच 150 स्कूली बैग का वितरण किया गया। इस दौरान मुखिया ने सभी विद्यालयों में एमडीएम की भी जांच की। पतीला विद्यालय में साफ-सफाई की अभाव पर मुखिया ने प्रधानाध्यापक को फटकार लगाई। कहा कि जब विद्यालय में स्वच्छता का ध्यान नहीं रखा जा रहा है तो बच्चों को स्वच्छता की पाठ क्या पढ़ा रहे होंगे शिक्षक। वहीं बच्चों को ससमय विद्यालय पहुंचकर मन लगाकर पढ़ने को कहा। शिक्षकों से भी उन्होंने आग्रह किया कि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे हैं, अच्छे से शिक्षा प्रदान करें। मौके पर शिक्षक कौशल्या देवी, राजेश दुबे, मंटू दुबे, सतीश दुबे, संजीव दुबे, प्रकाश मेहता, गोपाल व उपमुखिया शंकर मेहता, वार्ड सदस्य पिंटू बैठा, गौरीशंकर दुबे, सोनू पांडेय सहित अन्य कई लोग भी उपस्थित थे।

# सरस्वती विद्या मंदिर में विज्ञान मेला आयोजित

**शिशु, बाल एवं किशोर वर्गों में कुल 180 बाल वैज्ञानिकों ने प्रदर्श में भाग लिया**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** गुरुवार को स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर में विज्ञान मेला का उद्घाटन पलामू विभाग निरीक्षक नीरज कुमार लाल, अध्यक्ष जोखू प्रसाद, कोषाध्यक्ष विद्या भास्कर, विज्ञान मेला के निर्णायक एवं पूर्व छात्र डॉ कैसर आलम, डॉ सरफराज खान, डॉ शैलेंद्र कुमार, पूर्व सदस्य दिलेश्वर सिंह व प्रधानाचार्य रविकांत पाठक ने भारत माता, ओम और मां शारदे के चित्र के समक्ष संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन कर किया। मंच पर आसीन अतिथियों को अंग वस्त्र व उत्सर्ग पत्रिका देकर सम्मानित किया गया।

प्रदर्श अवलोकन का उद्घाटन द्रव्य शास्त्र प्रकांड विद्वान नागार्जुन के चित्र के समक्ष नारियल फोड़ कर किया गया। निर्णायकों ने प्रदर्श अवलोकन गहन पूछताछ, सटीक फाइल निरीक्षण को अंक प्रदान किया। भूतल, प्रथम तल एवं द्वितीय तल में मॉडल लगा हुआ था।

शिशु, बाल एवं किशोर वर्गों में कुल 180 बाल वैज्ञानिकों ने भाग लिया था। शिशु वर्ग में 12, बाल में 43 और किशोर में 27 प्रदर्श लगे थे। प्रधानाचार्य रविकांत पाठक ने अपने उद्बोधन में संबोधित करते हुए कहा कि जिस प्रकार भारत ने चांद की धरती पर चंद्रयान छोड़ा है, उसी प्रकार से हमारे बाल वैज्ञानिकों ने विद्यालय की धरती पर चंद्रयान छोड़ा है। ये आज के बाल वैज्ञानिक कल मंगल पर पहुंचेंगे।

विज्ञान मेला का अवलोकन करने वालों में राजकुमार प्रसाद, शशि कला, ध्रुव कुमार, डॉ० सजल गर्ग, आशुतोष कुमार, शक्ति दास सिंह, किरण देवी भवनाथपुर नगरी के प्रधानाचार्य ब्रजेश कुमार सिंह, मुकेश कुमार, संजीव कुमार, शुभम कुमार और बहुत सारे अभिभावक उपस्थित थे। अल्कोहल सेंसर, पेट सेंसर, भूकंप अलार्म, हीमोडायलिसिस प्रदर्श आकर्षण का केन्द्र रहा।

इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विज्ञान मेला प्रमुख विवेक कुमार, नीरज सिंह, दीपक कुमार, सुजीत कुमार दुबे, अविनाश कुमार, सुधीर प्रसाद श्रीवास्तव, नंदलाल पांडे, कृष्ण कुमार पांडे, सत्येंद्र प्रजापति, अशोक कुमार, दिनेश कुमार, पिंटू कुमार सिंह, कौशलेंद्र झा, प्रसून कुमार आचार्या सुप्रिया कुमारी, आरती श्रीवास्तव, नीति कुमारी, रेनू पाठक, प्रियम्बदा, प्रिया कुमारी, तन्वी जोशी, नेहा कुमारी, सलोनी कुमारी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# चंद्रयान-3 की सफलता पर आरके पब्लिक स्कूल में मिठाई खिला कर खुशियां मनायी गयीं

**चन्द्रयान-3 को सफलतापूर्वक लैंडिंग कराकर हमारे वैज्ञानिकों ने विश्व में हमारा मान-सम्मान बढ़ाया है : अलखनाथ पांडेय**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गढ़वा।** चन्द्रयान-3 के चांद के दक्षिणी ध्रुव पर सफल लैंडिंग होने पर आर के पब्लिक स्कूल गढ़वा में एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशियां मनाई गई। इस अवसर पर स्कूल के निदेशक सह शिक्षाविद् अलखनाथ पाण्डेय ने इसरो व देश के समर्पित सभी वैज्ञानिकों को इस ऐतिहासिक और गौरवपूर्ण उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई देते हुए उनके प्रति आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि यह पूरे देश के लिए गौरव की बात है कि चांद के दक्षिणी ध्रुव पर चन्द्रयान-3 को सफलतापूर्वक लैंडिंग कराकर हमारे वैज्ञानिकों ने विश्व में हमारा मान-सम्मान बढ़ाया है। आज पूरा विश्व भारत का गुणगान कर रहा है। आज हमारा देश विश्व में चांद के दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचने वाला पहला देश बन गया है, इससे देश के विकास का मार्ग प्रशस्त होगा।

स्कूल असेंबली में अनुप कुमार पाण्डेय ने इसरो व चन्द्रयान-3 के बारे में छात्र-छात्राओं को विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इसरो व वैज्ञानिकों ने आज दुनिया को बता दिया कि कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती। आज पूरा देश गौरवान्वित महसूस कर रहा है। छात्र-छात्राओं ने भी भारत माता की जय, वन्दे मातरम के नारे लगाकर और देश के वैज्ञानिकों के लिए तालियां बजाकर अपनी खुशी का इजहार किया।

इस अवसर पर स्कूल के विद्यार्थी सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

महत्वपूर्ण न्यूज

## भारत विकास परिषद ने संत तुलसीदास की जयंती पर उनके कृतित्व पर प्रकाश डाला



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** गढ़वा शहर के रंका मोड़ पेट्रोल पंप के प्रांगण में भारत विकास परिषद के द्वारा संत तुलसीदास की जयंती मनाई गई। जिसमें सर्वप्रथम संत तुलसीदास के चित्र पर धूप दीप नैवेद्य के साथ पुष्पांजलि अर्पित करते हुए स्वस्ति वाचन पंडितों द्वारा किया गया। कार्यक्रम में भारत विकास परिषद गढ़वा के अध्यक्ष अनिल कुमार पांडेय द्वारा संगठन के उद्देश्य एवं विस्तार की झलकियां पेश करते हुए गोस्वामी तुलसीदास के जीवन चरित्र और कृतित्व पर प्रकाश डाला तथा उनका समाज के लिए विशेष योगदान के लिए आभार प्रकट किया एवं कहा कि समाज को राह दिखाने के लिए गोस्वामी जी का एक ही ग्रंथ रामचरितमानस काफी है। इस अवसर पर बोलते हुए प्रेम कुमार चौबे ने कहा कि तुलसीदास की कई कृतियां हैं जो आज भी लाखों लोगों के लिए रोजगार का सृजन कर रही हैं। कोषाध्यक्ष मनोज कुमार चौबे ने संगठन के उत्थान की चर्चा करते हुए गोस्वामी तुलसीदास के जीवन चरित्र का उल्लेख किया। कार्यक्रम को रामा शंकर देव पाण्डेय, पुरुषोत्तम उपाध्याय, प्रयाग राज के अभय कुमार त्रिपाठी ने तुलसीदास एवं उनके आराध्य भगवान श्रीराम की सस्वर वंदना करते हुए उनके जीवन के विभिन्न पहलुओं की चर्चा की। इस अवसर पर ज्योतिष मर्मज्ञ श्याम नारायण पाण्डेय ने तुलसीदास के प्रति आभार प्रकट करते हुए सभी आगंतुकों का धन्यवाद ज्ञापन किया। इस कार्यक्रम में धर्मेंद्र कुमार मिश्र, आनन्द कुमार चौबे, चन्द्र प्रकाश दुबे, राजेश शर्मा, राम लखन राम, अनिल शर्मा, परमानन्द दुबे, नरेंद्र नाथ दुबे, रामा कान्त उपाध्याय,राज किशोर राय, अशोक दुबे इत्यादि लोगों ने भी अपने अपने विचार व्यक्त किए।

## कार्यकर्ता के पिता के श्राद्धकर्म में शामिल हुए राजद नेता

**कांडी (आजाद सिपाही)।** विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के समाजसेवी सह राजद के प्रदेश महासचिव नरेश प्रसाद सिंह जिले के कांडी प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ढबरिया गांव पहुंचे, जहां दिलीप रजवार के पिता सुदामा रजवार के श्राद्ध कर्म में शामिल हुए। श्री सिंह ने दिवंगत आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की। साथ ही उन्होंने शोकाकुल परिवार के प्रति गहरा शोक प्रकट किया। मौके पर डॉ अनिल प्रसाद, पिंटू रजवार, मनोज रजवार, प्रहलाद चंद्रवंशी, अजय रजवार, धर्मेन्द्र रजवार, विकास रजवार, सुखी रजवार, रमेश चन्द्रवंशी, राम बरण रजवार, प्रमोद उपाध्याय सहित अन्य लोग भी उपस्थित थे।

कार्यक्रम : झारखंड कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग प्रभारी ओमैर खान एवं चेयरमैन मंजूर अंसारी का स्वागत एवं सभा का आयोजन

# आज देश विकट परिस्थिति से गुजर रहा है : ओमैर खान

**देश और संविधान की रक्षा कांग्रेस ही कर सकती है : मंजूर अंसारी**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गढ़वा।** गढ़वा ज़िला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष ई. ओबैदुल्लाह हक अंसारी के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यालय के सभागार में झारखंड कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के प्रभारी ओमैर खान एवं झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी अल्पसंख्यक विभाग के चेयरमैन मंजूर अंसारी का जोरदार स्वागत व सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन स्टेट को ओडिटॅर लीगल सेल गूलरेज अख़्तर ने किया।

सभा को संबोधित करते हुए अल्पसंख्यक कांग्रेस के झारखंड प्रभारी ओमैर खान ने कहा कि आज देश विकट परिस्थिति से गुजर रहा है। आज देश में अशांति का माहौल है। भारतीय जनता पार्टी ने मणिपुर में ऐसा माहौल पैदा कर दिया है कि वहां के लोग भय के माहौल में जी रहे हैं। लेकिन हमारे देश के प्रधानमंत्री को उसकी फिक्र तक नहीं है। देश से संविधान को खत्म करने की साजिश की जा रही है। जबकि हमारे देश के संविधान में सभी लोगों को हक और अधिकार दिया गया है। प्रदेश अध्यक्ष अल्पसंख्यक विभाग मंजूर अंसारी ने कहा कि आने वाले लोकसभा चुनाव में भाजपा को उखाड़ फेंकना है और कांग्रेस पार्टी को जीत दिलानी होगी तभी देश एक सुरक्षित हाथों में आ सकेगा। देश और संविधान की रक्षा कांग्रेस ही कर सकती है। केंद्र की भाजपा सरकार चंद उद्योगपतियों के लाभ के लिए देश की अर्थव्यवस्था को चौपट कर रही है। कांग्रेस त्याग व बलिदान की पार्टी है। कांग्रेस राष्ट्र सेवा की पार्टी है।

ज़िला अध्यक्ष ओबैदुल्लाह हक अंसारी ने कहा कि देश में दो विचारधारा की लड़ाई चल रही है। ऐसे में कांग्रेसियों की जिम्मेदारी बढ़ गई है। अपनी ताकत को पहचानते हुए जनहित को लेकर संघर्ष करना होगा। इस मौके पर लातेहार के वरिष्ठ कांग्रेसी हाजी मुमताज अली ने कहा कि पार्टी की मजबूती के लिए अल्पसंख्यक समाज को आगे आना होगा। यही पार्टी है जो हमारे समाज को हक और अधिकार दिला सकती है।

इस मौके पर प्रदेश महासचिव हसनैन जैदी, रांची महानगर अध्यक्ष अख़्तर अली, महमूद अली, तौकिर खान, गढ़वा प्रखंड अध्यक्ष योगेन्द्रनाथ चौबे, नसीम अंसारी, रंका प्रखंड अध्यक्ष बृजेंद्र चौधरी, त्रिपुरारी सिंह, आसिफ खान, जफर एकबाल, रमना प्रखंड अध्यक्ष मंसूर अंसारी, डंडई 20 सूत्री अध्यक्ष केयमुद्दीन अंसारी, शरीफ अंसारी, जे खान, अमीरुद्दीन खान सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# कोरवा समुदाय की समस्याओं को लेकर की गयी जनसुनवाई

**राजस्व उप निरीक्षक ने वन पट्टा में आने वाली सभी अड़चनों को दूर कर जमीन दिलाने में मदद करने का आश्वासन दिया**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रंका।** रंका प्रखंड अंतर्गत खरडीहा पंचायत के सिंजो गांव में वन पट्टा के माध्यम से भूमिहीन आदिम जनजाति कोरवा समुदाय के लोगों का आवेदन वन विभाग के द्वारा वापस लौटा देने तथा अन्य ज्वलंत समस्याओं को लेकर बुधवार को मुखिया प्रतिनिधि सह झामुमो युवा प्रखंड सचिव पप्पू यादव की अध्यक्षता में जन सुनवाई सभा का आयोजन किया गया। सभा का संचालन के क्रम में हिरामन कोरवा ने कहा कि आदिम जनजाति के लोग आदिकाल से जल, जंगल और जमीन की रक्षा करते आ रहे हैं। इस पर उनका पूर्ण अधिकार है। उन्होंने कहा कि गांव से एक दर्जन कोरवा जाति के लोगों का वन पट्टा जमीन का आवेदन वन विभाग के द्वारा वापस लौटा दिया गया है, जो इनके हक अधिकार का हनन है। विभाग को जांच पड़ताल करते हुए योग्य लोगों को वनपट्टा की जमीन देना चाहिए। ताकि वे घर बना कर रह सकें। रंका अंचल से खरडीहा पंचायत के राजस्व उप निरीक्षक निलेश तिवारी ने वन पट्टा जमीन संबंधी समस्या में आने वाली सभी अड़चनों को दूर कर जमीन दिलाने में मदद करने का आश्वासन दिया।

वन विभाग के अधिकारी के रूप में वनकर्मी विजय सिंह ने कहा कि वापस लौटाए गए आवेदन की जांचोपरांत योग्य भूमिहीन लोगों को जो 2005 के पहले से निवास करने का प्रमाण प्रस्तुत करेंगे उन्हें घर बनाने हेतु तीन कट्ठा भूमि उपलब्ध कराने में मदद करने का आश्वासन दिया। उन्होंने धुमकुड़िया भवन निर्माण एक सार्वजनिक कार्य है , इसके लिए अंचल के द्वारा प्रदत्त भूमि में ही बनेगा। सड़क निर्माण कराने के सवाल पर उन्होंने कहा कि इसके लिए एनओसी लेना जरूरी है।

मौके पर झामुमो खरडीहा पंचायत अध्यक्ष योगेन्द्र यादव, झामुमो नेता विकास यादव, गणेश कोरवा, हिरामन कोरवा, बुधन यादव सहित काफी संख्या में महिला पुरूष ग्रामीण जनता उपस्थित थे।

## शहर के बड़ा तालाब में भव्य व आकर्षक तैराकी प्रतियोगिता का आयोजन

# मिसाल है प्रतियोगिता का आयोजन : सांसद

### रास सांसद धीरज साहू, डीसी डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, एसपी आर रामकुमार ने उठाया खेल का आनंद

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** लोहरदगा में गुरुवार को जिला स्विमिंग एसोसिएशन और एफडी एंटरप्राइजेज के तत्वावधान और सौजन्य से तैराकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता को देखने के लिए, बड़ा तालाब के चारों ओर बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद थे। इसमें महिलाओं की संख्या भी उल्लेखनीय रही। तालाब के आसपास के तमाम छतों में बड़ी संख्या में लोग खड़े होकर इस स्विमिंग प्रतियोगिता का आनंद उठा रहे थे। इसके पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू, उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, पुलिस कप्तान आर रामकुमार, सिविल एसडीओ अरविंद कुमार लाल, नगर परिषद प्रशासक देवेंद्र कुमार, स्विमिंग एसोसिएशन के सचिव दीपक मुखर्जी और एफडी इंटरप्राइजेज के डायरेक्टर अब्दुल जब्बार अंसारी आदि ने संयुक्त रूप से प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इन्हीं अतिथियों ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने कहा कि लोहरदगा के लिए 24 अगस्त का दिन काफी सौभाग्यशाली रहा। इतनी बड़ी प्रतियोगिता अनुशासित ढंग से आयोजित होना अपने आप में मिसाल है। पानी का खेल खतरों से भरा होता है। बरसात में तालाब भरा हुआ है। लेकिन जिस तरीके से आयोजकों ने इस का सफल आयोजन किया। उसके लिए, हम उन्हें बधाई देते हैं। उपायुक्त वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने कहा कि लोहरदगा जैसे छोटे जगह में इस तरह के आयोजन की परिकल्पना हमने नहीं की थी। बाहर के जिलों से भी बड़ी संख्या में युवक-युवतियां शामिल हुई। हम उन्हें भी बधाई देते हैं। उन्होंने कहा कि एक साथ ट्रॉफी, कैश अवार्ड,मेडल और प्रमाण पत्र देकर खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। इससे आने वाले दिनों में उनकी सहभागिता बढेगी। पुलिस कप्तान आर रामकुमार ने इस मौके पर कहा कि सचमुच यह झारखंड के लिए अनूठा प्रतियोगिता साबित हुआ। इस प्रतियोगिता में 100 से अधिक प्रतिभागी शामिल होकर इसकी अहमियत को बता दिया है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में यह टूर्नामेंट झारखंड के लिए मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने राज्य स्विमिंग एसोसिएशन के मुख्य कोच उमेश पासवान के द्वारा पूरे टूर्नामेंट को दिशा देने की भी सराहना की। एसपी की ओर से सुरक्षा के दृष्टिकोण से ड्रोन की व्यवस्था की गयी थी। आयोजकों ने चार वोट में गोताखोरों को सेफ्टी जैकेट के साथ तैनात किया था। यह सब इस टूर्नामेंट की विशेषता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि ऐसे सद्भावना वाले खेल को लोहरदगा पुलिस हमेशा प्रोत्साहित करेगी। आने वाले दिनों में इस तरह के खेलों का आयोजन बड़े पैमाने पर किया जायेगा। प्रायोजक एफबी इंटरप्राइजेज के डायरेक्टर अब्दुल जब्बार अंसारी उर्फ जबारूल ने तमाम प्रशासनिक अधिकारियों पुलिस अधिकारियों नागरिकों और अतिथियों के प्रति आभार जताते हुए कहा, कि आप सभी के सहयोग से यह तैराकी प्रतियोगिता जबरदस्त तरीके से सफल हुआ।

## बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र मे जंगली हाथियो का उत्पात जारी

# वन विभाग के अधिकारी हांथी की मौत पर मातम मनाते है, पर आदमी की मौत पर शुध्दि तक नहीं लेते है







संतोष सिन्हा

**बालूमाथ (आजाद सिपाही)।** वन विभाग के अधिकारी हांथी की मौत पर मातम मनाते है, पर आदमी की मौत पर शुध्दी तक नही लेते है। बालूमाथ वन विभाग के घोर लापरवाही से बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न जगहों में लगातार जंगली हाथियों का उत्पात जारी है । तीन दिनों के अंदर जंगली हाथियों ने दर्जनों घरों को ध्वस्त कर घर के अंदर रखे सारे अनाज को चैट कर गए हैं वही लातेहार वन प्रमंडल अधिकारी की भी घोर लापरवाही बरत रहे है। इस पर कोइ शक नही है। वहीं अब वन विभाग सिर्फ आदमियों की मौत पर मुआवजा देने के लिए आगे आते है । अगर जंगली हाथियों को जंगल में किसी तरह से मौत हो जाती है तो वन विभाग के सारे अधिकारी विशेषज्ञ जंगल में पहुंच जाते हैं। और हाथियों की खोज बीकर विशेष टीम से जांच करवाते है। पर हाथियो द्वारा गरिबो की मौत पर चुप्पी साध लेते है। क्या वन विभाग के अधिकारियो के कानुनी डायरी मे यही दर्ज है। सच तो यह है की बालूमाथ वन विभाग के अधिकारी हो या वन रक्षी कभी वन क्षेत्रो का भ्रमण नही करते है। उनका सिर्फ कार्यालय मे बैठ कागजी खानापूर्ति कर उपर के अधिकारियो को डेली रिपोर्ट भेजते है। बालूमाथ प्रखण्ड मे कौन रेंजर है आज तक बालूमाथ प्रखण्ड मुख्यालयवासियो के लिए अनबुझ पहेली बनी हुई है। इसी कड़ी मे बुधवार की रात जंगली हाथियों के द्वारा ग्राम धाधु में जंगली हाथियों के झुंड ने सरस्वती मासूमत के घर को पूरी तरह से तहस नहस कर दिया उसे रहने के लिए आसियान भी नहीं बचा। वहीं मध्य विद्यालय धाधु की शिक्षिका मलेरिया किंडो रहती है। हाथियो के हमले वह भी बाल बाल बची। टेट्रा भगत पिता तुरी भगत के घर को भी तीन तरफ से क्षतिग्रस्त कर दिया है। वहीं फूलन उरांव पिता मीचु उरांव के घर को भी क्षतिग्रस्त करने के बाद हाथियो ने उसके घर में रखे अनाज को चट कर गया।

## पवन को मिला पेशरार बीडीओ का अतिरिक्त प्रभार



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** जिले के अति सुदूरवर्ती व उग्रवाद प्रभावित पेशरार प्रखंड विकास पदाधिकारी रमेश कुमार यादव का राज्य सरकार की ओर से गुमला जिला अंतर्गत सिसई प्रखंड विकास पदाधिकारी के रूप में स्थानांतरण किये जाने के बाद पेशरार बीडीओ का पद खाली हो गया था। इधर पेशरार प्रखंड क्षेत्र में विकास योजनाओं को मूर्त रूप देने में किसी प्रकार की बाधाएं उत्पन्न न हो इसे देखते हुए लोहरदगा जिला कार्यपालक दंडाधिकारी पवन कुमार को पेशरार बीडीओ का अतिरिक्त प्रभार सौंपी गई है। इस दौरान नव पदस्थापित बीडीओ पवन कुमार ने कहा कि क्षेत्र के विकास में सभी के साथ समन्वय स्थापित कर बेहतर समाधान करने का प्रयास किया जायेगा। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की ओर से जनहित में उतारी जाने वाली सभी प्रकार के विकास योजनाओं का ससमय निराकरण कराना पहली प्राथमिकता होगी। मौके पर प्रखंड में पदस्थापित सभी विभागीय पदाधिकारी और कर्मी मौजूद थे।

## समकालीन अभियान के तहत दो वारंटी गिरफ्तार



**सेन्हा-लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** समकालीन अभियान के तहत न्यायालय के आदेशानुसार दो वारंटी को अलग अलग आरोप पर सेन्हा थाना पुलिस द्वारा बदला एवं बरही से गिरफ्तार कर भेजा गया जेल। दोनों वारंटी के विरुद्ध न्यायालय लोहरदगा में मामला लंबित है। जिसके विरुद्ध पुलिस द्वारा कारवाई करते हुए गिरफ्तार किया गया है। इस संदर्भ में एस आई गणेश कुमार यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि न्यायालय के आदेशानुसार समकालीन अभियान के तहत छापेमारी कर दो वारंटी को गिरफ्तार किया गया है। वही उन्होंने जानकारी देते हुए कहा कि बदला निवासी जीवन केरकेट्टा के पुत्र मसिहदास केरकेट्टा को एस टी नम्बर 48/92 के आलोक में गिरफ्तार किया गया है। जबकि कम्प्लेन केस में बरही निवासी स्वर्गीय शैलेश पाठक के पुत्र विद्यानंद पाठक को 38 एन आई एक्ट के तहत गिरफ्तार कर दोनों वारंटी को लोहरदगा जेल भेजा गया।

## चंद्रयान-3 प्रश्नमंच प्रतियोगिता में भारतवर्ष सदन विजेता



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में चंद्रयान-3 की सफलता की खुशी प्रश्नोत्तर माध्यम से मनाई गयी। जिसमें चंद्रयान 3 अभियान से जुड़े लगभग 100 प्रश्न छात्र-छात्राओं से पूछे गए' सही उत्तर के आधार पर अधिकतम प्रश्नों के उत्तर देकर भारतवर्ष सदन विजेता बना' दूसरा स्थान हिमवर्ष सदन और तीसरा स्थान संयुक्त रूप से हिंदुस्तान एवं बिरसा मुंडा सदन ने प्राप्त किया' विजेताओं में छात्राओं की संख्या अधिक रही' जिन विद्यार्थियों ने पुरस्कार जीते उनमें रोहित कुमार साहू, राजन साहू, सत्यम कुमार, बबली कुमारी, सुषमा अभिषेक लकड़ा, शिवाजीत ठाकुर, पंचम साहू, आकांक्षा पांडे, सुहानी टोप्पो, सुहानी कुमारी, प्रिया कुजूर, प्रफुल्लित केरकेट्टा, अनिमा कुमारी एवं रोशनी उरांव शामिल है' प्रश्नों का निर्माण इतिहास की शिक्षिका प्रीति कुमारी गुप्ता ने किया जबकि प्रश्नकर्ता की भूमिका गणित की शिक्षिका रश्मि साहू ने निभाई।

## निर्वाचन निबंधन और अनुमंडल पदाधिकारी ने किया बीएलओ सुपरवाइजर के साथ बैठक



**महुआंडा. (आजाद सिपाही)।** अनुमंडल कार्यालय सभागार में निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी की द्वारा मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर मनिका प्रखंड के सभी बीएलओ सुपरवाइजर के साथ बैठक किया। आगे उन्होंने बताया कि मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत 21/7/2023से लेकर 21/8/2023 तक हाउस टू हाउस जाकर वेरिफिकेशन का कार्य किया गया है। जिसमें मतदाताओं का सत्यापन, हस्तांतरित,अनुपस्थित मतदाताओं को चिन्हित करते हुए संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत ये सभी कार्य को सफल बनया जा सके। वही 25/8/2023 को गारु प्रखंड 26/8/2023 को महुआंडाड़ प्रखण्ड तथा 27/7/2023 को बरवाडीह प्रखण्ड के सभी बीएलओ सुपरवाइजर के साथ बैठक कर सर्वेक्षित बीएलओ रजिस्टर की जांच की जायेगी। बैठक में विशेष सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी प्रताप टोप्पो तथा सभी बीएलओ सुपरवाइजर उपस्थित थे।

## दो वाहनों में आमने-सामने टक्कर

**मनिका (लातेहार)।** मनिका प्रखंड मुख्यालय स्थित डिग्री कॉलेज मोड़ के समीप गुरुवार को पिकअप और क्रेटा के बीच आमने-सामने की टक्कर हो गई जिसमें क्रेटा जेएच 01 ईए 0069पर सवार सभी लोग बाल बाल बचे।वहीं भैंस जानवर लदा पिकअप वाहनइफ बीआर 26 जीबी 8679 का चालक उपचालक वाहन छोड़ फरार हो गये। पिकअप वाहन पर लदे भैंस को बिहार से रांची की ओर ले जाया जा रहा था। बिहार से दुधारू पशु के नाम पर तस्करी के लिए धड़ल्ले से पशु व्यापारी पिक अप वाहन पर 5 पशु लाद कर बंगाल तक ले जाते हैं।

## सीएस ने किया सीएचसी का औचक निरीक्षण, कार्यों के प्रति सजग रहने का दिया निर्देश

# ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं सुनिश्चित करें: सीएस

आजाद सिपाही संवाददाता



**किस्को/लोहरदगा।** जिले के नव पदस्थापित सिविल सर्जन डॉक्टर राजमोहन खलखो ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र किस्को का औचक निरीक्षण किया। क्षेत्र में ग्रामीणों को दी जाने वाली समुचित स्वास्थ्य लाभ के बारे में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर अशोक कुमार ओड़ेया और अस्पताल में पदस्थापित सभी चिकित्सा कर्मियों से बारीकी से जानकारी प्राप्त किया। इस दौरान सीएस डॉक्टर राजमोहन खलखो के द्वारा सभी प्रकार के पंजियों का जांच किया गया जिसमें दवा स्टाक पंजी, डॉक्टर उपस्थिति पंजी, नर्स और सफाई कर्मियों की उपस्थिति पंजी सहित अन्य सभी तरह के पंजियों का जांच पड़ताल किया। इधर सीएचसी का औचक निरीक्षण के दौरान सीएस ने अस्पताल की साफ सफाई एवं अस्पताल भवन का भी निरीक्षण कर बारीकी से स्थिति वस्तु का मुआयना किया। साथ ही अस्पताल में भर्ती मरीजों से मुखातिब होते हुए उनका हाल चाल जाना। सीएस के द्वारा संस्थागत प्रसव और क्षेत्र में लगातार स्वास्थ्य शिविर लगाकर लोगों को समुचित स्वास्थ्य लाभ देने का निर्देश दिया। वहीं क्षेत्र में कार्यरत सहिया को सशक्त बनाते हुए सरकार की ओर से दी जाने वाली स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ शत प्रतिशत देने में अहम भूमिका निभाने का निदेश दिया गया एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में नियमित रूप से दवाइयां वितरण करने की बात कही। उन्होंने सभी डॉक्टर्स और स्वास्थ्य कर्मियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि किस्को प्रखंड क्षेत्र में निवास करने वाले ग्रामीणों को शत प्रतिशत स्वास्थ्य लाभ मिले यह सुनिश्चित करें। सीएस ने कहा कि जो भी कर्मी का कार्यक्षेत्र है उक्त कार्यक्षेत्र में डटे रहेंगे, शिकायत मिलने पर निश्चित रूप से कार्रवाई की जायेगी।

## वाहन के टक्कर से बाइक सवार दंपति घायल



**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** बरवाडीह थाना क्षेत्र के बरवाडीह मेदिनीनगर मुख्य मार्ग के केचकी नाका के समीप अज्ञात वाहन के टक्कर से मोटरसाइकिल सवार दंपति हुए घायल हो गए। वही अज्ञात वाहन मौके से फरार हो गया। जिसके बाद स्थानीय लोगों की सूचना के बाद बरवाडीह थाना प्रभारी श्रीनिवास सिंह घटनास्थल पर पहुंच घायलों को एंबुलेंस के माध्यम से प्राथमिक उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरवाडीह भेजा।

## राष्ट्रीय लोक अदालत नौ को, तैयारियां तेज



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** नालसा नई दिल्ली एवं झालसा, रांची के निदेर्शानुसार तृतीय राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन दिनांक 9 सितंबर 2023 को लोहरदगा सिविल कोर्ट परिसर में किया जाना है। जिसको लेकर तैयारियां जोर-जोर से चल रहा है। इसी क्रम में लोहरदगा जिले के समस्त न्यायाधीशगणो की एक मीटिंग प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के कार्यालय कक्ष में बुलाई गई । प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार श्री राजेंद्र बहादुर पाल ने न्यायिक प्राधिकारियों को यह निर्देश दिया कि तृतीय राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए तथा ज्यादा से ज्यादा वादों को लोक अदालत के माध्यम से निष्पादित करने के लिए वादों का वर्गीकरण करना सुनिश्चित करें तथा उस दिन ज्यादा से ज्यादा वादों का निष्पादन हो इसकी तैयारी करें । डालसा सचिव राजेश कुमार ने इस अवसर पर कहा कि पिछले राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन दिनांक 13 मई, 2023 को हुआ था जिसमें 400 से ज्यादा केसों का निष्पादन हुआ था । इस बार भी ज्यादा से ज्यादा वादों का निष्पादन करने के लिए ये मीटिंग बुलाई गई थी । आज की मीटिंग में प्रथम जिला जज अखिलेश कुमार तिवारी, तृतीय जिला जज अरविंद कुमार, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी डॉ चंदन, वरिय कोटी सिविल जज अर्चना कुमारी, अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी राज कल्याण, न्यायिक दंडाधिकारी पूजा कुमारी लाल एवं सुचिता निधि तिग्गा के अलावा जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव राजेश कुमार उपस्थित रहे ।

## सरकार की घोषणा को ठेकेदारों ने किया फेल, भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी जल-नल योजना

# जनता रह गयी प्यासी, ठेकेदार हुए मालामाल

चंदवा के कई पंचायत में अभी चालू हो रही है जल नल योजना

आजाद सिपाही संवाददाता









**लातेहार।** लातेहार सोलर जलमीनार की तर्ज पर नल जल योजना में भारी लूट और भ्रष्टाचार हुआ है। इस योजना को बुरी तरह से फेल करने में पेयजल स्वच्छता विभाग के अधिकारी और ठेकेदार ने कोई कसर नहीं छोड़ा है। अप्रैल तक कम्प्लीट हो जाना चाहिए था। परंतु आज तक जल नल योजना नही लगने से जनता प्यासी की प्यासी रह गई ठेकेदार माला मल हो रहे। सरकार की सबसे महत्वाकांक्षी योजना अभी तक सही तरीके से धरातल पे नही आ पाई। वही देखा जा रहा है कि अभी कई पंचायतो में अभी काम चालू किया जा रहा है। मीनार का टावर दो हफ्तों से गिरा के छोड़ दिया गया है। चंदवा के बादुर बगीचा में कार्य अभी चालू किया गया है और कई जगह नल और पाइप बिछने को लेकर पीसीसी पथ को तोड़ दिया गया है। नल लग जाने के दो महीना बाद भी पीसीसी को पूरा निर्माण नही कराया गया है। जो राहगीरों को चलने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। 30 प्रतिशत राशि में सड़ा गला कल पुर्जा लगाकर बाकी 70 प्रतिशत राशि का बंदरबांट करके आम जनता के हक और अधिकार पर डाका डाला गया है। लातेहार जिले मे इस विभाग के द्वारा करोड़ों रुपया का बंदरबांट किया गया है। केंद्र सरकार के द्वारा आम जनता को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए इस महत्वकाक्षी योजना का शुरूआत किया गया। परन्तु सोलर जलमीनार योजना की भाति यह योजना भी भ्रष्टाचार का भेंट चढ़ गया। लुटेरे अधिकारी और ठेकेदार के चलते मंत्री और सरकार की बदनामी हो रही है। विभाग के मंत्री मिथलेश ठाकुर बिना किसी किन्तु परन्तु के गहन और निष्पक्ष जांच करवाकर दोषियों के विरुद्ध सख्त से सख्त कार्रवाई करें। पूरे पंचायत में इसी तरह का नल जल का कार्य हुआ है। जिससे जनता पूरी तरह परेशान है। पंचायत में जितने भी नल जल योजना के तहत कार्य हुए हैं। सभी नल जल में घटिया करे हुए हैं।

आज पूरे जिला में ही नल जल योजना पूरी तरह फेल है। ग्रामीण गर्मी के दिनों में पानी के लिए तरस गए हैं। और आगे भी लगता है कि इसी तरह जल के बिना परेशान रहेंगे। देखा जा रहा है कि इस योजना में काफी लूटमची है।

## समकालीन अभियान के तहत तीन वारंटी गिरफ्तार



**भंडरा /लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार के आदेशानुसार भंडरा थाना प्रभारी एवं पुलिस बल के द्वारा भंडरा थाना क्षेत्र अन्तर्गत अभियुक्तों,वारन्टियों ,फरारियों के विरूद्ध समकालीन अभियान चलाया गया। समकालीन अभियान के तहत छापामारी कर न्यायालय लोहरदगा का जीआर - 602/2005 के वारंटी जितिया उराँव उम्र 30 वर्ष , पिता झ स्व0 गजा उरांव, ग्राम नवडीहा, थाना- भंडरा जिला लोहरदगा, न्यायालय लोहरदगा का जीआर -484/2022 के वारंटी सुरेन्द्र उराँव उर्फ सुलेन्द्र उराँव उम्र 32 वर्ष , पिता जौरू उराँव, ग्राम धनामुँजी, थाना भंडरा, जिला लोहरदगा एंव न्यायालय लोहरदगा का जीआर -590/2019 एंव भंडरा थाना कांड सं0-24/2019 धारा-379/411 भा0द0वि0 के वारंटी रिजवान अंसारी उम्र 22 वर्ष , पिता झ रमजान अंसारी, ग्राम बलसोता टंगरा टोली, थाना भंडरा जिला- लोहरदगा को गिरफ्तार की गई। गिरफ्तार वारंटियों को न्यायिक हिरासात में मंडल कारा लोहरदगा भेजा गया।

## इटर कॉलेज में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम



**लातेहार (आजाद सिपाही)।** लातेहार जिला परिवहन पदाधिकारी, लातेहार सुरेन्द्र कुमार के नेतृत्व में गांधी इटर कॉलेज, लातेहार में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान स्कूल बच्चों के बीच सुरक्षा दुर्घटना से बचाव के बारे मे बतलाया गया, साथ ही सड़क दुर्घटना को कैसे रोका जा सके या कम किया जा सके। इसकी भी जानकारी दी गई। जिला परिवहन पदाधिकारी, लातेहार के द्वारा सभी विद्यार्थियों को जीवन के मूल्यों के बारे में समझाते हुए कहा की जीवन बहुत अनमोल है, सड़क दुर्घटना में जान गवाना बहुत बड़ी दुर्भाग्य की बात है इसलिए हमें सड़क सुरक्षा एवं यातायात के नियमों का पालन करना अत्यंत आवश्यक है सभी विद्यार्थियों को अपने-अपने परिवार में हेलमेट के महत्व की चर्चा करने को कहा गया। थोड़ी सी चूक के कारण होने वाली दुर्घटना से बचने के लिए ट्रैफिक नियमों का पालन करने तथा करवाने पर जोर दिया जाय ताकि भविष्य में विद्यार्थी ऐसी गलती न करें। अंत में विद्यार्थियों के बीच सड़क सुरक्षा सम्बंधित टेंपलेट एवं बुकलेट भी बांटा गया` उक्त कार्यक्रम में प्राचार्य, गांधी इटर कॉलेज श्री दशरथ साहू, एवं सड़क सुरक्षा प्रबंधक, लातेहार श्री तनवीर हुसैन, ऋषि राज शामिल थे ।

## प्रबंधक ने किया सेमरडीह और कोचा में हस्तशिल्प उत्पादन केंद्र का निरीक्षण

# महिलाओं को आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाने के लिए जेएसएलपीएस गंभीर: अनिता केरकेट्टा

आजाद सिपाही संवाददाता



**किस्को/लोहरदगा।** जेएसएलपीएस की जिला कार्यक्रम प्रबंधक ने किया एससीए मद से संचालित महिला उत्पादक समूह का निरीक्षण। इधर किस्को प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत खरकी के सेमरडीह रूगड़ी टोली में स्थित दोना पत्तल उत्पादन ईकाई केंद्र और कोचा में बांस हस्त शिल्प ईकाई केंद्र का निरीक्षण कर बारीकी से जानकारी प्राप्त किया गया। इस दौरान केंद्र में अपनी हुनर के माध्यम से खुद को स्वावलंबी बनाने की दिशा में सार्थक प्रयास करने वाली महिलाओं को प्रेरित करते हुए डीपीएम अनिता केरकेट्टा ने कहा कि महिलाएं आत्मनिर्भर बने और अपनी जीविकोपार्जन को सुदृढ़ कर स्वयं और अपने बाल बच्चों के बेहतरी हेतु लगन के साथ हस्त शिल्प उत्पादन को बढ़ावा देते हुए आर्थिक स्थिति में सुधार लायें। उन्होंने कहा कि सरकार महिलाओं को आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाने की दिशा में सराहनीय कार्य कर रही है जरूरत है महिलाएं सरकार की ओर से मिलने वाली लाभ को ससमय प्राप्त कर खुद को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की ताकि बेरोजगारी को मात दिया जा सके। इधर डीपीएम अनीता केरकेट्टा ने अपने निरीक्षण के क्रम में हस्त शिल्प उत्पादन ईकाई सेमरडीह रूगड़ी टोली और कोचा में बांस हस्त शिल्प ईकाई उत्पादन केंद्र में निर्मित वस्तुओं को देखकर महिलाओं को काफी प्रशंसा करते हुए भविष्य में इन ईकाई केंद्र की महिलाओं को सरकार की ओर से दी जाने वाली हर प्रकार की सुविधाओं को पहुंचाने में अहम भूमिका निभाने की बात कही।

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 25 अगस्त, 2023
www.azadsipahi.in
09

## उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी पहुंचे सुदूरवर्ती गांव लोहराडेरा, ग्रामीणों की समस्या सुनी



**रायडीह (आजाद सिपाही)।** गुमला के उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी वृहस्पतिवार को रायडीह प्रखंड अंतर्गत कोंडरा पंचायत के सुदूरवर्ती नक्सल प्रभावित गांव लोहरा डेरा। उपायुक्त का काफिला वाहन से बागबोथा तक पहुंचा। उसके बाद वाहन छोड़कर मोटरसाइकिल में पांच किमी दूर तय कर पहुंचे। इस गांव में रास्ता ही नहीं है। पगडंडी के सहारे पहुंचना पड़ता है। उपायुक्त गांव में दरी में बैठकर ग्रामीणों की समस्या सुनी। ग्रामीणों ने दो सड़क पहला लोहराडेरा से कुसीयाझरेन, बागबोथा हुआ कोंडरा रामरेखा मुख्य तक और दूसरा लोहारा डेरा, डोंगयारी, पंडरी पानी होता हुआ कोंडरा रामरेखा मुख्य पथ कुकुर डूबा तक कालीकरण सड़क बनाने की मांग की। साथ ही बागबोथा में नया उप स्वास्थ्य केंद्र, लोहराडेरा में नया आंगनबाड़ी केंद्र बनाने, क्षेत्र में मोबाईल नेटवर्क स्थापित करने की मांग रखी। उपायुक्त ने सड़क बनवाने का आश्वासन दिया और कहा सुदूरवर्ती क्षेत्र में बुनियादी सुविधाएं उपलध कराई जायेगी। उहोंने बीडीओ अमित कुमार मिश्रा को उत्क्रमित मध्य विद्यालय कुसीया झारेन का जर्जर भवन की जगह नया कमरों का निर्माण और लोहरा डेरा में सोलर जलापूर्ति को ठीक कराने का निर्देश दिया। इस मौके पर बीडीओ अमित कुमार मिश्रा, सुरसांग थाना प्रभारी देव प्रताप प्रधान, कोंडरा मुखिया लंकेश्वर बड़ाईक, सहायक अभियंता सुजीत कुमार,विश्वनाथ सिंह, लोकनाथ बिंझीया, सुरेश सिंह, अवध बिहारी सिंह आदि उपस्थित थे।

## टीबी मुक्त भारत कार्यक्रम को लेकर सदर अस्पताल में दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत



**गुमला (आजाद सिपाही)।** सदर अस्पताल गुमला के सभागार में सीएचओ, एसटीएस का दो दिवसीय यक्ष्मा बीमारी पर प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में बिशुनपुर, घाघरा, पालकोट, बसिया व कामडारा के कुल 47 सीएचओ भाग लिए। इसमें राज्य के प्रशिक्षक सतीश प्रसाद व सहयोगी पवन कुमार, सुभाष कुमार पांडे ने प्रशिक्षण दिया। जिला यक्ष्मा पदाधिकारी गुमला डॉक्टर गणेश राम ने कहा कि सीएचओ द्वारा हेल्थ एंड वैलनेस केन्द्रों से गांव के रोगियों को देखरेख इस प्रशिक्षण के बाद शुरू किया जाएगा। इस प्रशिक्षण में दो दिनों तक टीवी बीमारी के उपचार व अन्य जानकारी दी जाएगी। टीबी बीमारी को 2025 तक हम तभी समाप्त कर पाएंगे जब सीएचओ सशक्त हो पाएगा। इसलिए सघन सर्वेक्षण, प्रचार प्रसार, टीवी रोगियों का जांच, पोषण सहायता, यक्ष्मा रोगियों का मरीज दवा खा रहा है या नहीं इसके लिए 99 डॉट उपचार उपरांत 2 वर्षों तक रोगियों पर निगरानी जिसमें उसे दोबारा बीमारी ना हो। बलगम धनात्मक रोगियों के संपर्क वाले व्यक्तियों को भी दवा 3 लढ खाना है। इन सभी प्रयास से ही हम टीवी की जंग जीत पाएंगे। जिले के मुख्य प्रशिक्षक सुधांशु मिश्रा ने कहा जन भागीदारी को ध्यान में रखते हुए पंचायत स्तर पर सशक्त कर टीबी समाप्त किया जा सकता है। प्रशिक्षण में डीपी विनय गुप्ता, डिओ मुकेश कुमार सिंह, उदय प्रताप ओहदार, हरिशंकर मिश्रा उपस्थित थे।

## खोरा गांव के बच्चों ने प्रोजेक्टर पर देखा चंद्रयान 3 की लेंडिंग का नजारा



**गुमला (आजाद सिपाही)।** चंद्र यान क्या होता है, क्या करता है, भारत ने चंद्रयान 3 को कब रवाना किया और इसकी सफल लैंडिंग कैसे हुई ये सब प्रश्न तो छोटे छोटे बच्चों के कौतूहल का विषय हैं ही। इसी कौतूहल को शांत करने और जानकारियों का भरपूर खजाना बच्चों के मानस पटल पर डालने के उद्देश्य से राजकीयकृत उत्क्रमित उच्च विद्यालय खोरा, गुमला के बच्चों को प्रोजेक्टर पर चंद्रयान-3 की लैंडिंग को दिखलाया गया। इस दौरान. बच्चों में काफी उत्साह का माहौल था। इस कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं एवं छात्र छात्राऐं मौजूद थीं। साथ ही शिक्षक जयन्त कुमार पांडेय द्वारा चंद्रयान-3 की लैंडिंग और चंद्रयान-3 एवं इसरो के बारे में काफी रोचक एवं जरूरी जानकारी भी दी। मौके पर प्रधानाध्यापिका रेशमा कुमारी, शिक्षक फातिमा इमाम, मोहम्मद अहसान, जयन्त कुमार पाण्डेय, शिवानंद तिर्की, बसंती खेस, रीता कुजूर, नेहा गुंजन गिद्ध, बिंदु कुमारी, प्रियंका प्रसाद, ज्योति बाला मिंज, अनीता चिंता पन्ना, आशा कुमारी, सदनी कुमारी, सीमा कुजूर, सहित विद्यालय प्रबंधन समिति सदस्य और विद्यार्थी मौजूद थे।

**निरीक्षण :** होटलों व मिष्ठान्न भंडारों में खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने किया निरीक्षण

# चेतावनी और जुर्माना लगाकर कार्यशैली और प्रोडक्ट में सुधार की दी नसीहत

**कई होटलों और मिठाई दुकानों से सैंपल लेकर लैब में जांच के लिए भेजा**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** खाद्य सुरक्षा अधिकारी गुमला द्वारा रक्षाबंधन को देखते हुए गुमला के विभिन्न होटलों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में श्री मधुबन स्वीट्स, प्रिंस जी तिलकुट नमकीन भंडार, फन एंड फूड एवं सुरेश कैंटीन का निरीक्षण किया गया।

मधुबन स्वीट्स से खोवा, प्रिंस जी तिलकुट नमकीन भंडार से पेड़ा, फन एंड फूड से काजू बर्फी और खोवा, सुरेश कैंटीन से रसगुल्ला का सैंपल लेकर लैब जांच हेतु भेजा गया।

श्री मधुबन स्वीट्स और फन एंड फूड को और अधिक साफ सफाई रखने का निर्देश दिया गया। साथ ही साथ प्रिंस जी तिलकुट और सुरेश कैंटीन मानक अधिनियम 2006 के तहत जुर्माना लगाया गया। सभी दुकानदारों को त्योहार के मद्देनजर रखते हुए मिलावट और स्वच्छ रखने का निर्देश दिया गया। निरीक्षण में लव कुमार गुप्ता खाद्य सुरक्षा अधिकारी गुमला एवं कंप्युटर ऑपरेटर प्रियांशु कुमार, सूरज कुमार शामिल थे।

# चेंबर ऑफ कॉमर्स के प्रतिनिधिमंडल ने की सिविल सर्जन से मुलाकात

**स्वास्थ्य विभाग से संबंधित कई बिंदुओं पर चर्चा कर सुधार की मांग की**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** चेंबर ऑफ कॉमर्स के एक प्रतिनिधिमंडल ने चेंबर के उपाध्यक्ष राजेश सिंह की अगुवाई में गुमला सदर अस्पताल के सिविल सर्जन राजू कश्यप से शिष्टाचार मुलाकात की। उन्हें चेंबर के नवनिर्वाचित टीम के बारे में जानकारी दी गई और पदाधिकारी की एक सूची सम्पर्क नम्बर के साथ उन्हें सौंपी गई। उपाध्यक्ष अभिजीत जायसवाल ने सभी का परिचय कराया। उसके उपरांत स्वास्थ्य विभाग से संबंधित कई बिंदुओं पर चर्चा हुई। सदर अस्पताल में डॉक्टरों की संख्या आपातकाल में उपस्थित रहने वाले महिला डॉक्टर व अन्य डॉक्टरों के बारे में जानकारी ली। सचिव बबलू वर्मा ने एम्बुलेंस और ब्लड बैंक के बारे में विस्तृत जानकारी ली। इसकी व्यवस्था को और अच्छे ढंग से सुधार करने की बात कही।

सिविल सर्जन द्वारा हर बिंदु पर आश्वस्त किया गया कि प्राथमिकता के आधार पर सभी सुविधाओं को और बेहतर करेंगे। उन्होंने कहा के चैंबर ऑफ कॉमर्स से हमेशा की तरह सहयोग की अपेक्षा करते हैं और मिलकर स्वास्थ्य के क्षेत्र में काम करते रहेंगे किसी भी तरह की कोई समस्या हो तो चेंबर के लोग हमसे सीधा संपर्क करें जानकारी का आदान-प्रदान करें इससे आम जनता को हम लोग अच्छी सुविधा प्रदान कर सकते हैं।

प्रतिनिधिमंडल में चेम्बर सचिव नीरज गुप्ता, कोषाध्यक्ष मुनि लाल साहू, पीआरओ प्रणय साहू, मीडिया प्रभारी मोहम्मद इम्तियाज, कार्यकारिणी के गुरमीत सिंह आदि शामिल थे।

# सीएफटीयूआइ प्रदेश सचिव ने उपायुक्त से की मुलाकात

**अस्पताल और श्रम विभाग की समस्याओं से अवगत कराया**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** मजदूर संघ सीएफटीयूआई झारखंड प्रदेश के सचिव जुम्मन खान ने सदर अस्पताल की समस्या को लेकर उपायुक्त से मुलाकात की। और लिखित आवेदन दे कर हो रहे फर्जी वाड़ा, लुट खसोट जैसी समस्या से अवगत कराया। जुम्मन खान ने दो प्राइवेट अस्पताल में मरीजों को ले जाने की शिकायत पर उपायुक्त से कार्रवाई की मांग भी की है। साथ ही प्रवासी श्रमिकों , दिहाड़ी मजदुरों,बाल मजदूरी सहित कई मामले को लेकर मजदूर संघ सीएफ टी यू आई झारखंड प्रदेश सचिव जुम्मन खान ने उपायुक्त गुमला को जानकारी देते हुए कहा है कि आये दिन श्रम विभाग गुमला की लापरवाही देखी जा रही है। आवेदन देकर क?ई बार श्रम विभाग गुमला को हर तरह की समस्या से अवगत कराने के बाद कोई पहल नहीं की जाती। इन सभी समस्या को लेकर मजदूर संघ सीएफ टी यू आई झारखंड झारखंड प्रदेश सचिव जुम्मन खान ने मिलकर कर द। वहीं उपायुक्त ने सदर अस्पताल गुमला में चल रहे फर्जी वाड़ा और अवैध वसुली सहित अन्य समस्या को जांच पड़ताल कराने का आदेश दिए जाने की बात कही गई है।

## चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग पर कांग्रेसियों ने दी बधाई

**गुमला (आजाद सिपाही)।** चंद्रयान-3 की सफलता पर जिले के लोग खुशी से झुम उठे है। कांग्रेस ने भी इस उपलब्धि पर प्रशंसा व्यक्त की है। प्रदेश सचिव रमेश कुमार चीनी ने कहा कि भारत के चंद्रयान-3 उपग्रह ने विक्रम लैंडर को चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर उतारकर इतिहास रच दिया है। विक्रम लैंडर को दक्षिणी ध्रुव के करीब सॉफ़्ट लैंड करना था, जो बड़े अच्छे ढंग से हुआ। ये भारत के साथ-साथ दुनिया भर के लिए एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। सारी दुनिया की निगाहें चंद्रयान-3 पर टिकी थीं। इस सफलता के साथ ही भारत चांद के दक्षिणी ध्रुव पर लैंड करने वाला पहला और चांद पर सॉफ़्ट लैंडिंग करने वाला चौथा देश बन गया है। इसके लिए देश के पूर्व प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू, इंदिरा गांधी व राजीव गांधी अपने जीवन काल में प्रयासरत रहे हैं। जबकि वर्तमान सरकार व वैज्ञानिकों ने भी इस ऐतिहासिक कार्य के लिए अपना योगदान सुनिश्चित किया है। कांग्रेसी रमेश कुमार ने इसके लिए सभी को बधाई दी है।

## सुखाड़ ग्रस्त क्षेत्र घोषित करने के लिए 25 अगस्त को सीएम को झानद भेजेगा मांग पत्र

**गुमला (आजाद सिपाही)।** झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय सदस्य सह अखिल भारतीय क्रांतिकारी किसान सभा गुमला के जिला अध्यक्ष आदित्य सिंह ने कहा है कि गुमला सहित राज्य में सुखाड़ की स्थिति को लेकर 25 अगस्त 2023 को गुमला उपायुक्त के माध्यम से राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को सुखाड़ ग्रस्त क्षेत्र घोषित करने के लिए मांग-पत्र भेजा जाएगा। विदित हो कि अल्पवृष्टि के कारण गुमला समेत राज्य के अधिकांश क्षेत्र में सुखाड़ की स्थिति बनी हुई है जिसे देखते हुए किसान सभा ने तय किया है कि सुखाड़ ग्रस्त क्षेत्र घोषित करने के लिए राज्य सरकार को मांग-पत्र भेजा जाएगा तथा ताजा हालात से राज्य सरकार को अवगत कराते हुए सिंचाई का साधन तथा कृषि विकास के लिए समग्र योजना तैयार करने की भी मांग की जाएगी। श्री सिंह ने यह भी कहा है कि 28 अगस्त 2023 को घाघरा प्रखंड मुख्यालय में आयोजित होनेवाली सम्मान समारोह कार्यक्रम में किसान प्रतिनिधि भी भाग लेकर अपनी समस्या को प्रमुखता से रखेंगे क्योंकि, 25 से 28 अगस्त 2009 तक घाघरा से शुरू होकर रांची राजभवन तक संपन्न हुई 100 किलोमीटर पदयात्रा कार्यक्रम में किसानों की भी भागीदारी हुई थी और किसान हित की मांगों को भी प्रमुखता से पदयात्रा कार्यक्रम में राज्यपाल के समक्ष रखी गई थी लेकिन वह भी मांग अब तक लंबित है। किसानों की समस्याओं को समारोह कार्यक्रम में रखते हुए सुखाड़ की स्थिति पर भी विस्तार पूर्वक चर्चा की जाएगी।

**कार्यक्रम :** विधायक ने पुल निर्माण का उद्घाटन और पथ निर्माण का किया शिलान्यास

# सार्वजनिक योजनाओं को गांवों तक पहुंचा रहा हूं : जिग्गा सुसारण होरो

**कहा- पुल निर्माण होने से महुगांव, खरतंगा सहित कई गांवों के लोग लाभान्वित हो रहे हैं**

आजाद सिपाही संवाददाता



**भरनो।** प्रखंड के रायकेरा गांव में गुरुवार को विधायक जिग्गा सुसारण होरो ने 18 लाख की लागत से बनने वाले पीसीसी पथ का शिलान्यास किया। साथ ही प्रखंड के महुगांव गांव में 3.30 करोड़ की लागत से निर्मित पुल का उद्घाटन किया। ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल द्वारा रायकेरा से बांधटोली तक पीसीसी सड़क बनायी जायेगी। वहीं इसी विभाग से महुंगाव से खरतंगा को जोड़ने वाले 68 मीटर पुल का निर्माण आरएम कंस्ट्रक्शन द्वारा कराया गया है। दोनों योजनाओं में गांव के पहान पुजार के साथ विधायक ने पूजा अर्चना व नारियल फोड़कर शिलान्यास व उद्घाटन किया।

मौके पर विधायक ने कहा कि बांधटोली गांव के ग्रामीणों द्वारा काफी दिनों से उक्त सड़क बनवाने की मांग रखी गयी थी जिसे पूरा किया गया। बरसात के दिनों में लोगो को कच्ची सड़क से आने-जाने में काफी परेशानी होती थी। अब ग्रामीणों का सपना साकार होगा।

इधर महुगांव में पुल निर्माण होने से महुगांव, खरतंगा सहित कई गांवों के लोग लाभान्वित हो रहे हैं। पुल के बन जाने से लोगों को अब कम दूरी तय करना पड़ रहा है।

उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि मैं आम जनता की समस्याओं को दूर करने का प्रयास कर रहा हूं। सभी समुदाय के लोगों के लिए सार्वजनिक योजनाओं को गांवों तक पहुंचा रहा हूं। गांव गांव में सरना घेराबंदी, धुमकुड़िया, मस्जिदों में सोलर लाईट, पानी टंकी सहित अन्य योजनाओं का लाभ पहुंचा रहा हूं। उन्होंने कहा कि अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा प्रदान करें। शिक्षा से ही सभी का विकास होगा।

कार्यक्रम में झामुमो अध्यक्ष जॉनसन बाडा, पूर्व मुखिया पंचू उरांव, बुद्धदेव उरांव, कांग्रेस जिला सचिव जहांगीर आलम, शकिम अंसारी, सोबराती अंसारी, मकसूद अंसारी, सकील खान, कासिम अंसारी सहित विभाग के सहायक अभियंता, कनीय अभियंता एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

## जय सरना समिति का फुटबाल टूर्नामेंट शुरू उद्घाटन मैच में टोटो नावाटोली की टीम जीती



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** जय सरना समिति द्वारा तुंजो गांव में चार दिवसीय फुटबाल टूर्नामेंट का गुरुवार को शुभारंभ किया गया। टूर्नामेंट का उद्घाटन कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अरुण कुमार पांडे, कांग्रेस शिक्षा प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष अगस्टिन महेश कुजूर, विधानसभा उपाध्यक्ष दिलबहार अंसारी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर व खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। उद्घाटन मैच टोटो नवाटोली बनाम सत्यम एफसी के बीच खेला गया। जिसमें टोटो नवाटोली की टीम एक गोल से विजयी रही। मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए प्रखंड अध्यक्ष अरुण कुमार पांडे ने कहा कि खेल को खेल की भावना से खेलें। हारे हुए टीम को हताश न होकर निरंतर प्रयासरत रहने की जरूरत है। ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह के कार्यक्रम से छुपी प्रतिभा निखर कर सामने आती है। आप अनुशासन में रहकर खेलें। शिक्षा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष अगस्टिन महेश कुजूर ने कहा कि खेल के साथ-साथ आप शिक्षा की ओर भी अग्रसर हों और बेहतर मुकाम तक पहुंच कर खुद को स्थापित करें। नशापन से दूर रहकर बेहतर समाज में अपना योगदान दें। मौके पर आयोजक समिति के कई सदस्य, अतिथि व खेलप्रेमी उपस्थित थे।

## घाघरा में हाथी प्रभावित सात ग्रामीणों को वन विभाग ने मुआवजा का चेक सौंपा



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के आदर वन विभाग कार्यालय में विभाग द्वारा जंगली हाथियों से प्रभावित गुटवा जोकारी निवासी पीड़ित ग्रामीणों को गुरुवार को मुआवजा दिया गया। इस क्रम में विधायक प्रतिनिधि संजीव उरांव व विभाग के कर्मियों ने संयुक्त रूप से सात पीड़ित ग्रामीणों के बीच 1,33200 का चेक वितरण किया। चेक लेने वाले लोगों में नोबेर्ट किंडो, एरनियुस किंडो, अशोक टोप्पो, अभय मुंडा, रामकेवल मुंडा, अमरुश कुजूर के नाम शामिल हैं। वहीं विधायक प्रतिनिधि संजीव उरांव ने कहा कि विगत कुछ महीने पूर्व जंगली हाथी द्वारा कई ग्रामीणों के घर फसल सहित कई चीजों का नुकसान पहुंचाया गया था। जिसका विभाग द्वारा क्षतिपूर्ति दी गयी है, ताकि कुछ हद तक उनका सहयोग किया जा सके। इस मौके पर लालदेव उरांव सहित ग्रामीण व विभाग के कर्मी उपस्थित थे।

## बिशुनपुर पुलिस ने क्राइम कंट्रोल और सड़क सुरक्षा को लेकर वाहन जांच अभियान चलाया



**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** गुमला पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार बिशुनपुर थाना गेट के समीप पुलिस के द्वारा क्राइम कंट्रोल व सड़क सुरक्षा को लेकर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। वाहन जांच का नेतृत्व एएसआई आनंद लकड़ा कर रहे थे। इस दौरान मेन रोड से आवागमन करने वाले बिना हेलमेट व बिना कागजात के वाहन चलाने वाले चालकों को रोका गया। साथ ही जांच करते हुए हिदायत देते हुए छोड़ा गया। बिना हेलमेट के वाहन का परिचालन कर रहे लोगों से यातायात नियमों का पालन करते हुए स्वयं की सुरक्षा हेतु हेलमेट का अवश्य प्रयोग का निर्देश दिया गया। पुलिस का कहना है कि क्षेत्र में क्राइम को कंट्रोल रखने के लिए वाहन जांच अभियान लगातार जारी रहेगा। इस तरह का अभियान सुरक्षा के दृष्टिकोण से चलाया जाता है। जिससे असामाजिक तत्वों में डर बना रहे। वाहन जांच अभियान में पुलिस बल के हवलदार कौशल कुमार सिंह सहित कई जवान शामिल थे।

## सिमडेगा : टैंसेरा पंचायत में कांग्रेस पार्टी की बैठक आयोजित



**सिमडेगा (आजाद सिपाही)।** सदर प्रखंड के टैंसेरा पंचायत के सहीघुटरा बांझीकेउंद में गुरुवार को कांग्रेस पार्टी की बैठक हुई। जिलाध्यक्ष डेविड तिर्की की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में मुख्य रुप से विधायक भूषण बाड़ा उपस्थित थे। मौके पर विधायक ने कार्यकर्ताओं को पूरी ईमानदारी के साथ संगठन को मजबूत करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता अभी से ही चुनाव की तैयारी में जुट जाएं। कांग्रेस के नीति सिद्धांतों को आम जनों तक पहुंचाएं। विधायक ने कहा कि कार्यकर्ता हर पीड़ित लोगों की निरंतर सेवा करें। समाजिक रूप से सुख दुःख में लगों के हिस्सा बने। कार्यकर्ता सेवा को प्राथमिकता दें। सेवा को ही अपने जीवन का मूल मंत्र माने। लोगों को बताएं कि कांग्रेस पार्टी समाज हित मे काम करने वाली पार्टी है। बैठक में जिला अध्यक्ष डेविड तिर्की, जिप सदस्य समरोम पौल तोपनो, वरीय जिला उपाध्यक्ष जॉन्सन मिंज, जिला उपाध्यक्ष अजीत लकड़ा, जिला उपाध्यक्ष शिशिर मिंज, विधायक प्रतिनिधि अनिल जेम्स बखला, विधायक प्रतिनिधि अख्तर खान, विधायक प्रतिनिधि निरोज बड़ा,उप प्रमुख सिलबेश्टर बघवार, जिला सचिव विनय तिग्गा, तैराश एक्का, मुखिया बिनीता कुल्लू, पंचायत अध्यक्ष निलेश एक्का,उप प्रमुख फोलोरा मिंज, पंचायत अध्यक्ष प्रदीप लकड़ा, प्रतिमा कुजूर, पूनम लकड़ा, उर्मिला केरकेट्टा, रोबोटिना खेस, फिल्मोन मिंज, अजयदान कुजूर, जॉन बेग, सेलेस्टिन कुजूर, जॉन खाखा, बिमल कुल्लू, निकोडिन केरकेट्टा, रंजीत डुंगडुंग, समीर लकड़ा, अनिल तिर्की, जॉनी अशिषण बखला, मो. अरमान आदि उपस्थित थे।

## छात्राओं का हो रहा चौमुखी विकास उनके जीवन एवं समाज में काम आएगा : शिवानी आनंद

# संस्कृति और प्रकृति एक ही सिक्के के दो पहलू : अरुणा

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** ज्योति प्रकाश महिला बीइडी कॉलेज में गुरुवार को सावन महोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की छात्राओं के बीच मेहंदी एवं राखी मेकिंग प्रतियोगिता कराई गई। इस आयोजन को लेकर छात्राओं में काफी उत्साह दिखा। सभी ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मेदिनीनगर निगम की प्रथम महापौर सह महाविद्यालय की अध्यक्ष अरुणा शंकर, निदेशक शिवानी आनंद एवं प्राचार्य डॉ अनुपमा गुप्ता ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर महापौर अरुणा शंकर ने छात्राओं से कहा कि सावन महोत्सव हमारे संस्कृति की एक परंपरा है। इस माह का धार्मिक महत्व भी है। हमें अपने संस्कृति को कभी नहीं भूलना चाहिए, क्योंकि जब हम अपने संस्कृति के करीब होते हैं तभी प्रकृति के भी करीब होते हैं। संस्कृति और प्रकृति दोनों ही सिक्के के दो पहलू है और हमारा संस्थान अपने संस्कृति को अदभुत बनाए रखने में हमेशा से ही तत्पर रहा है। इस अवसर पर कॉलेज की निदेशक शिवानी आनंद ने छात्राओं की प्रशंसा की। कहा कि हमारे कॉलेज की छात्राओं का चौमुखी विकास हो रहा है जो उनके जीवन एवं समाज में बराबर काम आएगा।







मेहंदी व राखी मेकिंग प्रतियोगिता में शामिल प्रथम महापौर अरुणा शंकर व अन्य।



### सावन महोत्सव हमारी संस्कृति और परंपराओं का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है : डॉ अनुपमा गुप्ता

वहीं, महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ अनुपमा गुप्ता ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह महोत्सव हमारे संस्कृति और परंपराओं का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है जो जीवन में एक नई ऊर्जा का संचार करता है। मेहंदी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान नेहा कार्तिक द्वितीय श्रेया कुमुद एवं तृतीय साग्नि कुमुद ने प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन साक्षी गुप्ता एव प्रिया पांडे ने किया। इस मौके पर सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं ज्योति प्रकाश विद्यापीठ की प्राचार्य मौजूद थीं।

# नक्सलियों के उत्पात के बाद पलामू एसपी ने किया घटनास्थल का दौरा

- नक्सलियों के खिलाफ अभियान शुरू
- नक्सलियों की कारवाई से क्षेत्र के ग्रामीणों में दहशत

आजाद सिपाही संवाददाता



**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद- छतरपुर थाना क्षेत्र में नक्सलियों ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के निर्माण कार्य में लगे आठ वाहनों को आग के हवाले कर दिया था। यही नहीं, निर्माण कार्य करा रहे मुंशी विजय यादव की पिटाई भी की थी। बताया जा रहा कि नक्सलियों की संख्या 20 के आस पास थी। दो वर्ष के बीच नक्सलियों की यह सबसे बड़ी कार्रवाई मानी जा रही है। इस घटना से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। दूसरी ओर गुरुवार की सुबह पलामू एसपी रिष्मा रमेशन, हुसैनाबाद एसडीपीओ पुज्य प्रकाश, हुसैनाबाद थाना प्रभारी जगरनाथ धान व महुदंड ओपी प्रभारी टीपी रजक दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंच गए। उन लोगों ने घटना की पूरी जानकारी ली और एंटी नक्सल अभियान चलाया। जिसमें हुसैनाबाद, छतरपुर, महुदण्ड ओपी, लठेया ओपी के पुलिस पदाधिकारी व जवान शामिल हैं। गौरतलब हो कि हुसैनाबाद-छतरपुर थाना क्षेत्र में नक्सल प्रभावित काला पहाड़ से महुदंड गांव तक 13.6 किलोमीटर सड़क का निर्माण किया जा रहा है। कार्य सुचारू रूप से चल रहा था। तभी बुधवार की शाम करीब पांच बजे अचानक 20 के करीब हथियारबंद दस्ता में पहुंचे नक्सलियों ने एक-एक कर वहां मौजूद सभी वाहनों को आग के हवाले कर दिया। वहां मौजूद एक बाइक को भी उन्होंने जला डाला। यही नहीं, निर्माण कार्य करा रहे मुंशी विजय यादव की पिटाई भी की थी। जिससे क्षेत्र में दहशत का माहौल है।

## उर्दू किसी धर्म-जाति की नहीं, बल्कि भारत की भाषा है: हाजी मंजूर अंसारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** शहर के माली मोहल्ला स्थित पलामू तंजीमुल अंसार कमेटी कार्यालय में अल्पसंख्यक कांग्रेस झारखंड प्रभारी उमैर खान एवं अल्पसंख्यक कांग्रेस झारखंड प्रदेश अध्यक्ष हाजी मंजूर अंसारी के लिए अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि को तंजीम द्वारा शॉल एवं बुके देकर सम्मानित किया गया। तंजीम द्वारा प्रदेश प्रभारी एवं प्रदेश अध्यक्ष हाजी मंजूर अंसारी को ज्ञापन देकर पलामू जिले में हटाए गए 49 उर्दू विद्यालयों का नाम पूर्व की भांति यथावत रखने का आग्रह किया गया। तंजीम के अध्यक्ष अशफाक अहमद ने वस्तुस्थिति से अवगत कराते हुए कहा कि शिक्षा विभाग द्वारा 49 विद्यालयों का नाम हटाकर सामान्य विद्यालय कर दिया गया है, जबकि हटाए गए सभी उर्दू विद्यालय साल 2010 के बहुत पहले से संचालित हैं। कहा कि इस प्रकार के अहितकर विभागीय आदेश से वर्तमान सरकार की धर्मनिरपेक्ष छवि धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा है। वहीं, अल्पसंख्यक प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष हाजी मंजूर अंसारी ने कहा कि कांग्रेस पूरे झारखंड का दौरा कर रही है एवं इसी संबंध में पलामू का भी दौरा हुआ है। यहां की समस्याओं से अवगत होकर उनका समाधान करने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने विश्वास दिलाया कि उर्दू विद्यालय संबंधी समस्याओं का समाधान जल्द राज्य स्तर पर निकालेंगे। उन्होंने कहा कि उर्दू किसी धर्म या जाति की नहीं बल्कि भारत की भाषा है।

## कुआं से वृद्ध महिला का शव बरामद



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** रेहला थाना क्षेत्र के मधुरीडीह-तेनवाही गांव स्थित कुंआ से गुरुवार को एक वृद्ध महिला का शव बरामद किया गया। मृतका की पहचान विश्रामपुर ठाकुर मोहल्ला निवासी बबन ठाकुर की मां अदरी कुंवर (85) के रूप मे हुई है। जानकारी के अनुसार मृतका अदरी कुंवर बुधवार शाम से ही लापता थी। जिसका शव गुरुवार को बरामद हुआ। परिजनों का कहना है कि मृतिका की मानसिक स्थिति ठीक नहीं था। जिस कारण वह घर आने के क्रम में कुंए में गिर गई होगी। जबकि ग्रामीणों के अनुसार पारिवारिक झगड़े से तंग आकर अदरी कुंवर ने कुंआ में कूदकर जान दी है। रेहला पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मेदानीनगर भेज दिया है। थाना प्रभारी नेमधारी रजक ने बताया कि पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है।

## अद्दी कुड़ूख सरना समाज ने उचित न्याय के लिए डीआइजी से की मुलाकात

**छतरपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** अद्दी कुड़ूख सरना समाज की अगुवाई में छतरपुर सक्रिय समाजसेवी संजीत उरांव के पिता स्व बंगाली उरांव की गोली मारकर हत्या किए जाने के मामले को उचित न्याय के लिए पलामू जोन के पुलिस महानिरीक्षक राजकुमार लकड़ा से मुलाकात की। अद्दी कुड़ूख सरना समाज के वरीय अधिकारी ने न्याय के लिए बातचीत की। इस दौरान बताया गया कि अगर छतरपुर पुलिस प्रशासन समय रहते हत्याकांड का जल्दी उद्भेदन नहीं करना और सभी अपराधी नहीं पकड़े गये तो प्रशासन के खिलाफ पलामू अद्दी कुड़ूख सरना समाज की ओर से एक प्रभावशाली आक्रोश रैली निकाली जाएगी।

## देश को गौरवावित करने वाले इसरो के वैज्ञानिकों को पूरी दुनिया कर रही है सलाम : एनके तिवारी



